


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

**वर्ष-27 अंक : 144** (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण शु.10, 2079 **रविवार, 7 अगस्त** 2022

प्रधान संपादक – **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ : 14+32 मूल्य : 8 रुपये**

## जलवायु सम्मेलन की थीम होगी 'लाइफ'

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने शनिवार को जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक वैश्विक पहल 'लाइफ : लाइफस्टाइल फॉर द एनवायरनमेंट' संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन सीओपी-27 की थीम होगी। सीओपी-27 मिस्र के शर्म-अल-शेख में आयोजित होगा। पीएम मोदी ने पिछले साल नवंबर में ग्लासगो में आयोजित कॉप 26 के सत्र के दौरान एक शब्द 'लाइफ' का प्रस्ताव दिया था। मोदी ने पिछले साल नवंबर में ग्लासगो में जलवायु परिवर्तन पर 26वें संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन में 'लाइफ' का प्रस्ताव दिया दिया था। इसके बाद उन्होंने 5 जून को 'लाइफ-लाइफस्टाइल फॉर द एनवायरनमेंट' शुरू किया।

# जगदीप धनखड़ उपराष्ट्रपति चुनाव जीते

## कुल 725 में से 528 वोट मिले, मार्गरेट अल्वा 182 पर सिमटीं



जगदीप धनखड़

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। जगदीप धनखड़ देश के 14वें उपराष्ट्रपति होंगे। उपराष्ट्रपति के लिए शनिवार शाम 5 बजे वोटिंग खत्म हुई। संसद में दोनों सदनों को मिलाकर फिलहाल 780 सदस्य (राज्यसभा में 8 सीटें खाली) हैं। लेकिन 725 (92.94 प्रतिशत) सदस्यों ने ही वोट किया।

काउंटिंग में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) के कैंडिडेट जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले, जबकि विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को 182 वोट मिले। 15 वोट निरस्त कर दिए गए। धनखड़ 11 अगस्त को उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। उपराष्ट्रपति वैंकेया नायुडू का कार्यकाल 10 अगस्त को खत्म हो रहा है।

**ममता के सांसदों ने क्रॉस वोटिंग की :**

ममता ने अपने 36 सांसदों को वोटिंग से दूर रहने की बात कही थी, लेकिन टीएमसी सांसद शिशिर अधिकारी और दिव्येंदु अधिकारी ने ममता के फैसले के खिलाफ वोट किया। आंकड़ों के हिसाब से एनडीए कैंडिडेट धनखड़ की जीत के लिए बीजेपी के ही वोट काफी है। बीजेपी के दोनों सदनों में 394 सांसद हैं, यह बहुमत के आंकड़े से ज्यादा है। सपा और शिवसेना के 2, जबकि बसपा के एक सांसद ने वोट नहीं किया। वही, भाजपा सांसद सनी देओल और संजय धोत्रे ने वोट नहीं किया।

**780 का निर्वाचन मंडल, 741 सांसदों ने हिस्सा लिया :**

अभी लोकसभा में 543 सांसद हैं, जबकि राज्यसभा में 245 में से 8 सीटें खाली हैं। यानी निर्वाचन मंडल 788 के बजाय 780 सांसदों का था। ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव से दूर रहने का फैसला किया था। राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों को मिलाकर टीएमसी के 36 सांसद हैं। एनडीए की बात करें तो 441 सांसद हैं, 5 मनोनीत सांसदों का भी साथ मिला। इस तरह से धनखड़ के पक्ष में पहले से ही 446 वोट थे। एनडीए के सांसदों के अलावा धनखड़ को बीजेडी, वाईएसआरसी, बीएसपी, टीडीपी, अकाली दल और शिंदे गुट का भी समर्थन मिला। इनके 81 सांसद हैं।

**मार्गरेट अल्वा को इन पार्टियों का समर्थन :**

यूपीए की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को कांग्रेस, डीएमके, आरजेडी, एनसीपी और समाजवादी पार्टी के वोट मिले। इन पार्टियों के वोटों की संख्या 139 थी। इनके अल्वा झारखंड मुक्ति मोर्चा, टीआरएस और आम आदमी पार्टी ने भी अल्वा को वोट देने का फैसला किया था। इन तीनों के 29 सांसद हैं। शिवसेना के उद्धव गुट के 9 सांसद अल्वा के साथ थे।

# सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम को बड़ी राहत

## निजी मुचलके पर मिली जमानत



नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से दिल्ली सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन की पत्नी को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने पूनम जैन की अंतरिम जमानत को मंजूरी दे दी है। इसके लिए पूनम जैन को एक लाख रुपये का मुचलका भरना पड़ेगा। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूनम को भी आरोपी बनाया है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम पूनम से पूछताछ भी कर चुकी है। पूनम जैन ने गिरफ्तार से बचने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले में अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी।

**सत्येंद्र जैन ने अंतरिम जमानत याचिका वापस ली :**

उधर, दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन ने अपनी अंतरिम जमानत याचिका वापस ले ली है। उनके वकील ने कहा कि उन्हें आज अस्पताल से छुट्टी मिल रही है और वो अंतरिम जमानत के लिए आवेदन वापस लेना चाहते हैं।

# भाजपा सांसद ने 'मुफ्त की रेवड़ी' विवाद पर अपनी ही सरकार पर साधा निशाना



नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने एक बार फिर अपनी ही सरकार को सवालों के घेरे में खड़ा किया है। वरुण गांधी ने ट्वीट करते हुए पूछा है, सरकारी खजाने पर आखिर पहला हक किसका है?

साथ ही उन्होंने कहा कि 'मुफ्त की रेवड़ी' लेने वालों में मेहुल चोकसी और ऋषि अग्रवाल का नाम शीर्ष पर है। वरुण गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा है, जो सदन गरीब को 5 किलो राशन दिए जाने पर धन्यवाद की आकांक्षा रखता है। वही सदन बताता है कि 5 वर्षों में भ्रष्ट धनपशुओं का 10 लाख करोड़ तक का लोन माफ हुआ है। मुफ्त की रेवड़ी लेने वालों में मेहुल चोकसी और ऋषि अग्रवाल का नाम शीर्ष पर है। सरकारी खजाने पर आखिर पहला हक किसका है? वरुण गांधी की 'मुफ्त की रेवड़ी' वाली टिप्पणी को पीएम मोदी के उस बयान से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें पीएम मोदी ने यूपी में एक जनसभा में मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध कराने वाली राजनीति की तीखी आलोचना करते हुए कहा था कि यह 'रेवड़ी कल्चर' देश के विकास के लिए बहुत घातक है। पीएम मोदी ने कहा था, आज हमारे देश में 'रेवड़ियां' बांट कर वोट जुटाने की संस्कृति जड़ जमा रही है। यह 'रेवड़ी कल्चर' देश के विकास के लिए बहुत घातक है। देश के लोगों खास तौर से युवाओं को इस संस्कृति के खिलाफ सतर्क रहने की जरूरत है। बता दें, वरुण गांधी पहले भी अपनी सरकार को लेकर निशाना साधते रहे हैं। उन्होंने हालही भाजपा नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी द्वारा 'मुफ्तखोरी की संस्कृति' समाप्त किए जाने के बारे में राज्यसभा में चर्चा की मांग किए जाने संबंधी नोटिस का उल्लेख करते हुए वरुण ने एक ट्वीट में कहा कि जनता को मिलने वाली राहत पर ऊंगली उठाने से पहले हमें अपने गिरेबां में जरूर झांक लेना चाहिए।

# कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र का 7 राज्यों को पत्र

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। कोरोना संक्रमण के बढ़ते केस से चिंतित केंद्र सरकार ने देश के सात राज्यों को चिट्ठी लिखकर आने वाले त्योहारों को लेकर किया आगाह। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने सात राज्यों को चिट्ठी लिखकर कहा कि पिछले एक महीने में इन राज्यों में कोरोना के मामले के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंता की बात है।

केंद्र ने ये भी आगाह किया है कि आने वाले दिनों में त्योहारों का सीजन है, जिस वक्त मास गैदरिंग्स की आशंका है और लोगों का एक राज्य से दूसरे राज्य ट्रेवेल भी बढ़ेगा, जिसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकारें उचित कदम उठाएं और स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी गाइडलाइन को फॉलो करें।

टेस्ट, ट्रीट, ट्रैक, निगरानी, वैमसीनैशन में तेजी लाने की जरूरत है. बता दें कि दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना और कर्नाटक में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। इन्हीं सात राज्यों को स्वास्थ्य मंत्रालय ने चिट्ठी लिखकर चिंता जताने के साथ उन्हें आगाह किया है। दिल्ली में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 2,419 नए मामले सामने आए। पिछले छह माह में संक्रमितों का यह सर्वाधिक आंकड़ा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के अनुसार संक्रमण से दो और लोगों की मौत हो गई, जबकि संक्रमण दर 12.95 प्रतिशत हो गई है।

# गुजरात में पाकिस्तानी मछुआरा गिरफ्तार

## बीएसएफ ने कच्छ में 5 नाव जब्त कीं

अहमदाबाद, 6 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात के कच्छ जिले के हरामी नाला इलाके में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक पाकिस्तानी मछुआरे को पकड़ा है। इसके साथ ही पांच पाकिस्तानी नाव भी जब्त की गई हैं। अधिकारियों का कहना है नाव में तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इससे पहले गुरुवार को भी दो पाकिस्तानी नाव जब्त की गई थीं।

बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि पेट्रोलिंग पार्टी ने शुक्रवार को हरामी नाला के पास पाकिस्तानी नावों की आवाजाही देखी, जो भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रही थीं। बीएसएफ के जवानों ने इलाके को घेर लिया और पांच पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नावों को पकड़ लिया। साथ ही एक मछुआरे को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया, जबकि उसके दूसरे साथी भागने में कामयाब रहे। सुरक्षाबलों को नावों की तलाशी के दौरान वहां मछली पकड़ने के जाल और उपकरणों को छोड़कर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब ऐसी घटना हुई है। लगभग एक महीने पहले, 7 जुलाई को बीएसएफ ने कच्छ में चार पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा था। साथ ही 10 नावों को जब्त कर लिया था। बीएसएफ ने 23 जून की रात दो पाकिस्तानी मछुआरों को गिरफ्तार किया था। दोनों को कुछ दूर पीछा करने के बाद पकड़ा गया था। इस दौरान उनके पैर में गोली भी लग गई थी। इसके अलावा बीएसएफ की ओर से विभिन्न स्थानों से मछली पकड़ने वाली नौ पाकिस्तानी नावों को भी जब्त किया गया था। जून के पहले हफ्ते में, बीएसएफ ने जखाउ मरीन पुलिस के साथ संयुक्त तलाशी अभियान में जखाउ बंदरगाह क्षेत्र के पास सयाली क्रीक से ड्रग्स के 49 पैकेट जब्त किए थे। इनकी कीमत करीब 250 करोड़ रुपये थी। बीएसएफ के जवानों का कहना है कि एलओसी पर खराब मौसम के कारण गश्त करना बहुत चुनौतीपूर्ण हो गया है।

# भारतीय सेना ने सीमाओं पर तैनात की एआई आधारित निगरानी प्रणाली

**घुसपैठ रोकने में मिलेगी मदद**

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय सेना क्षमताओं को बढ़ाने के लिए उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली को तैनात कर रही है।

रक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े सूत्रों ने पुष्टि की है कि एआई-आधारित निगरानी प्रणाली को सीमाओं पर तैनात करने के अलावा वे इसका उपयोग रीयल-टाइम सोशल मीडिया निगरानी, पैटर्न मान्यता और प्रतिकूल कार्रवाई की भविष्यवाणी आदि पर नजर रखने के लिए भी कर रहे हैं।

एक सूत्र ने कहा, आंतक रोधी अभियानों में खुफिया जानकारी जुटाने के लिए एआई-आधारिरत रियल टाइम निगरानी सॉफ्टवेयर तैनात किया गया है। एआई-आधारित संदिग्ध वाहन पहचान प्रणाली को उत्तरी और दक्षिणी थिएटर में आठ स्थानों पर तैनात किया गया है। सूत्र ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सैन्य अभियानों के दौरान विषम परिस्थितियों को बदल सकती हैं। एआई के उपयोग से युद्ध लड़ने के तरीकों में बदलाव आएगा।

# अर्पिता की जान को खतरा : ईडी

## *कोर्ट ने कहा, जेल में खाना चखकर दिया जाए, 24 घंटे सेल के बाहर तैनात रहेगा गार्ड*



नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला के आरोप में गिरफ्तार पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि अर्पिता मुखर्जी की जान को खतरा है। ऐसे में उन्हें दिए जाने वाला खाना भी पहले चखना जरूरी है। इसके बाद कोर्ट ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि अर्पिता को खाना देने से पहले उसे चख लें। इसके साथ ही अर्पिता मुखर्जी को जेल के सेल में चार से अधिक साथी कैदियों के साथ न रखने को कहा है। वहीं, जेल सेल के आसपास 24 घंटे गार्ड की मौजूदगी रहेगी।

**18 अगस्त को होगी अगली सुनवाई :**

ईडी ने बताया कि पार्थ चटर्जी को जान के खतरे जैसे कोई इनपुट नहीं मिले हैं। बता दें कि एजेंसी की रिमांड के बाद अब 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया है। इस मामले में अब अगली सुनवाई 18 अगस्त को होनी है।

ईडी ने पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांगी थी।

ईडी के कोर्ट में कहा कि एजेंसी को फिलहाल दोनों आरोपियों से उनके घर से मिली कई चीजों को लेकर पूछताछ करनी है, इससे पहले मामले की जांच के दौरान ईडी ने अर्पिता मुखर्जी की कंपनियों के बैंक खातों से 8 करोड़ रुपये जब्त किए थे।

**पूछताछ में अर्पिता ने बताए कई नाम :**

सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में अर्पिता ने कुछ लोगों के नाम भी बताए हैं, जो उनके बेलघोरिया वाले फ्लैट पर पैसे लेकर आते थे। ईडी की टीम ने अर्पिता के उस फ्लैट की सीसीटीवी फुटेज खंगालें, जिससे पता चल सके कि अर्पिता सच बोल रही हैं या नहीं।

# कानून की नजर में हर महिला समान

**अविवाहित महिलाओं को अबॉर्शन का अधिकार न देना उनकी आजादी का हनन, इस पर विचार करेंगे**

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अविवाहित महिलाओं को गर्भपात के अधिकार से वंचित रखना उनकी व्यक्तिगत आजादी का हनन है। कोर्ट इस कानून में बदलाव कर अनमैरिड महिलाओं को भी अबॉर्शन की अनुमति देने पर विचार करेगा। कोर्ट मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी अधिनियम और संबंधित नियमों की व्याख्या करेगा। इसमें विचार किया जाएगा कि अविवाहित महिलाओं को 24 सप्ताह के गर्भपात की अनुमति दी जा सकती है या नहीं। जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह बात कही है। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को इस प्रक्रिया में अदालत की सहायता करने को कहा है। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि अविवाहित महिलाओं को 24 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए कानून में शामिल क्यों नहीं किया जा सकता है।

# विचाराधीन कैदियों की रिहाई सही मायने में आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, वर्षों से जेल में बंद कैदियों की रिहाई ही भारत की आजादी के 75वें वर्ष (अमृत महोत्सव) का जश्न मनाने का एक सही तरीका होगा। केंद्र सरकार को जल्द ऐसी कोई योजना तैयार करनी चाहिए जिससे विचाराधीन व छोटे अपराधों में शामिल कैदियों की रिहाई हो सके।

जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस एमएम सुंदरेश की पीठ ने कहा, अगर न्यायपालिका 10 साल के भीतर मामलों का फैसला नहीं कर सकती है तो कैदियों को आदर्श रूप से जमानत पर छोड़ दिया जाना चाहिए। अगर किसी व्यक्ति को 10 साल बाद अंततः बरी कर दिया जाता है तो उसे अपने जीवन के साल वापस नहीं मिल सकते हैं।

जस्टिस कौल ने केंद्र सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज से कहा, सरकार आजादी के 75 साल को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में मना रही है। ऐसे विचाराधीन व वे कैदी जो अपनी सजा का एक बड़ा हिस्सा जेल में काट चुके हैं, उन्हें रिहा करने का उपाय करना सही मायने में उत्सव का उपयोग है। आइडिया यह है कि जेलों और ट्रायल कोर्ट का बोझ कम हो। इसके लिए केंद्र को राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से बातचीत कर नीति विकसित करनी चाहिए। जिससे कुछ श्रेणियों के विचाराधीन कैदियों व दोषियों को एक निश्चित अवधि के बाद रिहा किया जा सके। पीठ ने ये टिप्पणियां तब कीं जब उसने देश के हाईकोर्ट में लंबे समय से लंबित अपीलों और जमानत आवेदनों का जायजा लिया और पाया कि आरोपी और दोषी मामलों के निपटारे की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पिछले साल पीठ ने विचाराधीन कैदियों और अपील के लंबित रहने के दौरान कैदियों को जमानत देने के अपने निर्देशों के कार्यान्वयन की निगरानी को लेकर स्वत: संज्ञान कार्यवाही शुरू की थी।

पीठ ने कहा, हम यह नहीं कह रहे हैं कि जिसने अपराध किया है उसे कैद नहीं होना चाहिए। लेकिन लंबे समय तक ट्रायल चलना और किसी को दोषसिद्धि के बिना लंबे समय तक सलाखों के पीछे रखना समाधान नहीं हो सकता है। साथ ही, पहली बार छोटे अपराधों के दोषियों को अच्छे व्यवहार के बांड पर रिहा किया जा सकता है।

इसी तरह, संभावित सजा का एक तिहाई या इससे अधिक की अवधि से जेल में गुजारने के बाद विचाराधीन कैदियों को भी जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। जवाब में एएसजी नटराज ने कहा, पीठ के सुझाव को मौजूदा कानूनी ढांचे के तहत परीक्षण करना होगा। पीठ ने केंद्र से 'आउट ऑफ बॉक्स' सोचने का आग्रह किया। पीठ ने कहा, यह एक चिंताजनक मसला है। आपको लीक से हटकर सोचना चाहिए। 10 साल बाद सभी आरोपों से बरी होने पर कौन उन्हें उनकी जिंदगी वापस देने वाला है। अगर हम 10 साल के भीतर किसी मामले का फैसला नहीं कर सकते हैं तो उन्हें आदर्श रूप से जमानत दे दी जानी चाहिए।







# सोनिया-राहुल के लिए कांग्रेसी एकजुट

## *केंद्र के खिलाफ गहलोत-पायलट, बघेल-सिंहदेव गुटबाजी छोड़ साथ दिख*

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। राहुल गांधी और सोनिया गांधी से ईडी की ओर से घंटों पूछताछ की जा चुकी है। इसके काउंटर में कांग्रेस केंद्र सरकार के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ने की तैयारी में है।

शुक्रवार को दिल्ली में महंगाई के विरोध में निकाले प्रोटेस्ट मार्च के बाद हर राज्य में इस तरह के प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई जा रही है, ताकि जनता के बीच में महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी और भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाया जा सके। कांग्रेस इसी महीने 9 से 15 अगस्त के बीच पद यात्रा निकालने जा रही है। हर जिले में कांग्रेसी 75 किलोमीटर की पैदल यात्रा निकालेंगे। डेढ़ महीने बाद कांग्रेस नेताओं की ओर से 2 अक्टूबर से भारत जोड़ो पद यात्रा देश भर में निकाली जाएगी। इसके जरिए भी महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश होगी।

2024 तक कांग्रेस की ओर से लगातार एक के बाद एक प्रोग्राम तय किए जाएंगे, जिससे सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में आसानी हो सके। इसके लिए राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल सहित देशभर के बड़े कांग्रेसी नेताओं को मैदान में उतारा जा रहा है।

देश की आजादी के बाद पहली बार कांग्रेस आठ साल से अधिक समय से सत्ता से बाहर है। कांग्रेस एक मजबूत विपक्ष के तौर पर भी अपनी पहचान नहीं बना पाई है। एक के बाद एक राज्य कांग्रेस हारते जा रही है। वो केवल राजस्थान और छत्तीसगढ़ तक सिमट गई है।

जबकि झारखंड और तमिलनाडु में गठबंधन सरकार में शामिल है। तमाम युवा और जनाधार वाले नेता पार्टी का दामन छोड़ रहे हैं, जिसके चलते कांग्रेस मुश्किल दौर से गुजर रही है।

इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी पर नेशनल हेराल्ड मामले में भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। जिसकी जांच ईडी कर रही है। इससे देश में सियासी माहौल गरमाया हुआ है। राहुल और सोनिया का बचाव करने के लिए पहली बार कांग्रेस के नेता से लेकर कार्यकर्ता तक सड़कों पर उतरे। कांग्रेस दिग्गजों ने दिल्ली में डेरा डाले रखा। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस नेता देशभर में सड़कों पर नजर आए।

**गुटबाजी :** मध्य प्रदेश में कमलनाथ-सिंधिया, राजस्थान में अशोक गहलोत-सचिन पायलट, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल-टीएस सिंह देव, हरियाणा में हुड्डा-अशोक तंवर, पंजाब में अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू, उत्तराखंड में हरीश रावत-प्रीतम सिंह के बीच गुटबाजी रही। इसका नतीजा रहा कि मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड से सत्ता चली गई। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार है, लेकिन स्थिति बहुत अच्छी नहीं है।

# आरबीआई गवर्नर का हवाला देते हुए

## पी चिदंबरम का महंगाई को लेकर मोदी सरकार पर हमला



नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने भारतीय रिजर्व बैंक के गर्वनर शक्तिकांत दास का हवाला देते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर महंगाई को लेकर एक बार फिर हमला बोला है. पी चिदंबरम ने ट्वीट कर कहा, "आरबीआई गर्वनर ने कहा कि देश में अस्वीकार्य रूप से महंगाई उच्च स्तर पर है. वित्त मंत्री ने कहा कि महंगाई विश्वव्यापी घटना है और सरकार इसे काबू कर रही है." एक और ट्वीट में पी चिदंबरम ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के एनीमिया (खून की कमी का विकार) को लेकर संसद में दिए बयान पर निशाना साधा. उन्होंने लिखा, "स्वास्थ्य मंत्री ने संसद में बताया कि छह महीने से लेकर पांच वर्ष की आयु के बच्चों में पिछले पांच वर्षों में खून की कमी 58.6 फीसदी से बढ़कर 67.1 फीसदी हो गई. एनीमिया का केवल एक कारण है- अपर्याप्त भोजन और वित्त मंत्री का कहना है कि महंगाई से लोगों को नुकसान नहीं हो रहा है! लोग- खासकर बच्चे ऊंचे दामों के कारण कम भोजन पा रहे हैं." आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था वित्त वर्ष 2022-23 में महंगाई दर को 6.7 फीसदी पर बरकरार है लेकिन अनिश्चितताएं बनी हुई हैं. उन्होंने वित्त वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में महंगाई दर 7.1 फीसदी पर पहुंचने की संभावना जताई थी.

### महंगाई को लेकर ऐसे हमलावर है कांग्रेस


बता दें कि महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस मोदी सरकार पर हमलावर है. शुक्रवार को महंगाई को लेकर कांग्रेस ने भारी विरोध प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के चलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था और करीब छह घंटे बाद वे छूटे थे. वहीं कांग्रेस के कई नेताओं ने सोशल मीडिया के जरिये मोदी सरकार पर निशाना साधने का मोर्चा संभाला था. यहां तक कि प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने भी महंगाई समेत अन्य मुद्दों को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला था.

## उधमपुर में मिनी बस सड़क से फिसलकर खाई में गिरी, हादसे में आठ छात्र घायल

जम्मू-कश्मीर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के मसोरा के पास एक मिनी बस सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई। हादसे में आठ छात्र घायल हो गए। बस बरमीन गांव से उधमपुर जा रही थी। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधमपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय ने कहा कि शनिवार की सुबह 8:30 बजे उधमपुर गोल्डी रोड पर बरवीन से आगे एक मेटाडोर की दुर्घटना की जानकारी मिली थी। यहां करीब 10-12 लोग लाए गए हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर थी जिसे जम्मू रेफर कर दिया गया है। उधमपुर के सहायक आयुक्त राजस्व रफीक अहमद जराल ने कहा कि हमारे पास 10 लोग आए हैं जिसमें से 4-5 छात्र हैं।

# महुआ मोइत्रा :'हां सुबह मोदी जी से सीखकर आई हूं'

## महुआ ने ट्रोलर्स को 'ऊर्जा संरक्षण' बिल पर दिया जवाब



नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा अपने बयानों को लेकर अक्सर विवादों के केंद्र में रहती हैं। इन सब बयानों के चलते उन्हें कई बार सोशल मीडिया ट्रोलर्स का भी सामना करना पड़ता है। इसी क्रम में इस बार वह ऊर्जा संरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर सोशल मीडिया यूजर के निशाने पर आ गई हैं हालांकि उन्होंने इसका पलटकर जवाब भी दिया है।

### आज सुबह मोदी जी से सीखकर आई हूं: महुआ मोइत्रा

दरअसल, लोकसभा की कार्यवाही के दौरान महुआ ने ट्वीट करते हुए लिखा था कि मैं अब ऊर्जा संरक्षण संशोधन विधेयक पर बोलूंगी। इसपर एक यूजर ने उन्हें निशाने पर लेते हुए लिखा कि समझती भी हो 'ऊर्जा संरक्षण' क्या है? इसके बाद महुआ ने भी पलटवार करते हुए दिलचस्प जवाब दिया। महुआ ने कहा कि अपने बगीचे में मोरों के साथ खेलने के ठीक बाद आज सुबह मोदी जी ने ऊर्जा संरक्षण संशोधन बिल पर मुझे एक ब्रीफिंग सेशन दिया।

### लुई वुइटन बैग को लेकर भी ट्रोलर को दिया जवाब

इसके बाद जैसे ही महुआ मोइत्रा ने अपने लोकसभा भाषण का एक वीडियो पोस्ट किया, एक अन्य सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने उनसे उनके लुई वुइटन बैग के बारे में पूछा। यूजर ने पूछा कि आपने जो बैग छिपाई थी वह कहां है? इस पर भी महुआ ने दिलचस्प जवाब दिया उन्होंने कहा कि मोदीजी की सूट के बाद इस बैग की नीलामी की जाएगी।

# संसद सत्र के दौरान भी आपराधिक मामलों में

## सांसदों की हो सकती है गिरफ्तारी, वेंकैया नायडू ने बताए कायदे-कानून



नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने कहा है कि आपराधिक मामलों में सांसदों के विशेषाधिकार नहीं होते हैं। राज्यसभा में उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से सांसदों के विशेषाधिकार को लेकर असमंजस बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह गलत धारणा बन रही है कि जांच एजेंसी संसद के सत्र के दौरान सांसदों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती है। नायडू ने संविधान के अनुच्छेद 105 का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी सांसद को संसदीय कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए विशेष अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक विशेषाधिकार यह है कि किसी भी सांसद को संसद का सत्र या संसदीय समिति की बैठक शुरू होने से 40 दिन पहले और 40 दिन बाद तक दीवानी मामलों में गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है।

### 'सांसदों को अपराधिक मामलों में छूट नहीं'

एम वेंकैया नायडू ने कहा कि हालांकि यह प्रावधान आपराधिक मामलों में लागू नहीं होता है। इस प्रावधान से सांसदों को अपराधिक मामलों में छूट नहीं मिलती है। इसका तात्पर्य है कि अपराधिक मामलों की कार्रवाई में सांसद भी सामान्य नागरिक की तरह होते हैं और उन्हें संसदीय सत्र या समिति की बैठक के दौरान गिरफ्तार किया जा सकता है।


### 'जांच एजेंसी के सामने होना होगा पेश'

उन्होंने इसके लिए वर्ष 1966 में तत्कालीन पीठासीन अधिकारी डॉ जाकिर हुसैन की एक व्यवस्था का उल्लेख किया। इसमें कहा गया है कि कोई भी सदस्य संसदीय कर्तव्यों का निर्वहन करने का हवाला देकर जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने से इनकार नहीं कर सकता है।

### 'कानून-व्यवस्था की प्रक्रिया का पालन जरूरी'

नायडू ने कहा कि सांसदों को कानून और व्यवस्था की प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए। यह सभी पर प्रभावी होता है। जांच एजेंसी से ऐसे मामलों में सत्र का उल्लेख करते हुए पेश होने के लिए अगली तारीख मांगी जा सकती है। नायडू ने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का भी जिक्र किया।

# लद्दाख घोषणा दिवस पर दलाईलामा को छठा पाल रगम दुस्तोन पुरस्कार



जम्मू, 6 अगस्त (एजेंसियां)। लद्दाख घोषण दिवस पर बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा को शुक्रवार लद्दाख के प्रतिष्ठित छठे लद्दाख पाल नगम दुस्तोन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लेह में ऐतिहासिक सिंधु घाट पर आयोजित भव्य समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच लद्दाख घोषण दिवस मनाया गया। बौद्ध धर्मगुरु 14वें दलाईलामा को लद्दाख और मानवता के प्रति योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। दलाईलामा ने कहा कि लद्दाख और तिब्बत को सिंधु नदी धार्मिक और सांस्कृतिक समानताओं के साथ जोड़ती है। धर्मगुरु ने कहा कि जलवायु परिवर्तन चिंताजनक विषय है, जिसे लेकर सभी को अपने व्यवहार को पर्यावरण के अनुकूल बनाना होगा। इससे पूर्व समारोह में लद्दाख उप राज्यपाल के सलाहकार उमंग नरूला ने कहा कि हिमालयी बौद्धों के लिए धर्मगुरु जीवंत बुद्ध हैं। उन्होंने विश्व शांति, सौहार्द और प्रेम का संदेश दिया है।

धर्मगुरु की ओर से लद्दाख के प्रतिष्ठित पुरस्कार को स्वीकार किए जाने का लद्दाख प्रशासन आभार व्यक्त करता है। नरूला ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। अब यहां तेजी से विकास हो रहा है। आधारभूत ढांचे का विकास पर्यावरण और संस्कृति संरक्षण के साथ किया जा रहा है। आने वाले दिनों में लद्दाख कार्बन न्यूट्रल प्रदेश बनेगा। वहीं लद्दाख के सांसद जाम्यांग सेरिंग नामग्याल और लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद लेह ताशी ग्यालसन ने धर्मगुरु के लद्दाख दौरे को महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने कहा कि वे धर्मगुरु के दिखाए रास्ते पर चलने का भरसक प्रयास करेंगे।

# मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

## बताई बारिश की तारीख; किन राज्यों में कब बरसेंगे बादल



नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी दी है कि 7, 8 और 9 अगस्त को पश्चिम और मध्य भारत में अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। लगातार भारी बारिश की संभावना को देखते हुए पूरे मध्य और पश्चिम भारत के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस कैटेगरी की चेतावनी का अर्थ हुआ कि स्थानीय अधिकारियों को बारिश से संबंधित किसी भी आपदा को टालने के लिए तैयार रहना चाहिए। मॉनसून ट्रफ सक्रिय है और अपनी सामान्य स्थिति के दक्षिण में स्थित है। यह अगले 4-5 दिनों के दौरान ऐसा ही रहेगा। 7 अगस्त के आसपास उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। 8 अगस्त के आसपास मध्य क्षोभमंडल स्तरों में उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत पर एक अपरूपण क्षेत्र बनने की संभावना है। शनिवार को तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और रायलसीमा में और तेलंगाना, तटीय और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, केरल और माहे में 5 से 9 अगस्त और उससे अधिक समय तक भारी बारिश होने की संभावना है। 8 और 9 अगस्त के दौरान दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में भी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के रिपोर्ट में तेलंगाना में 8 और 9 अगस्त को अलग-अलग जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की बात कही गई है। वहीं, 5 से 9 अगस्त के दौरान मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, कोंकण और गोवा में छिटपुट भारी बारिश होने की संभावना है। 8 से 9 अगस्त को मध्य प्रदेश और सौराष्ट्र और कच्छ में भी बहुत भारी वर्षा की संभावना है।

7 और 9 अगस्त के दौरान विदर्भ, छत्तीसगढ़ में; 5, 7 और 9 अगस्त को गुजरात में और 9 अगस्त तक मध्य महाराष्ट्र के कोंकण, गोवा और घाट क्षेत्रों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। राष्ट्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने कहा, हम 7, 8 और 9 अगस्त के दौरान मध्य भारत और पश्चिमी तट पर अत्यधिक भारी बारिश और संबंधित बाढ़ की उम्मीद कर रहे हैं। स्थानीय लोगों और अधिकारियों को अत्यधिक बारिश से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# अपनी पत्नी से पूछें कि वे रसोई कैसे चला रही हैं

### महंगाई पर बदरुद्दीन अजमल की बीजेपी सांसदों को नसीहत

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। देश में बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर विपक्ष का चौतरफ हमला जारी है। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने भी भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने आम लोगों की पीड़ा के प्रति सरकार की कथित उदासीनता के लिए सत्ताधारी पार्टी के नेताओं की आलोचना की है। अजमल ने सबसे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाना साधते हुए कहा, "भारत का पैसा वित्त मंत्री के पास है। उन्हें कैसे पता चलेगा कि एक व्यक्ति कुछ खरीदने के लिए कितना खर्च करता है? इसके बाद उन्होंने भगवा पार्टी के मंत्रियों और सांसदों पर कटाक्ष किया कि वे स्पष्ट रूप से इस बात से अनजान थे कि बढ़ती कीमतों से जनता कैसे प्रभावित हो रही है। उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों और बीजेपी सांसदों से अपनी पत्नियों से महंगाई के बारे में पूछने के लिए कहा है। उन्होंने बीजेपी को चेतावनी भी दी है। एआईयूडीएफ प्रमुख ने कहा, "किसी भी मंत्री के लिए कोई महंगाई नहीं है। भाजपा सांसदों को अपनी पत्नियों से पूछना चाहिए कि वे रसोई कैसे चला रहे हैं। सरकार को ध्यान देना चाहिए अन्यथा 2024 में महंगाई उनकी सरकार को खा जाएगी।" हाल के महीनों में आसमान छूती महंगाई को लेकर विपक्षी दलों ने बीजेपी नीत केंद्र पर निशाना साधा है।

# भारत ने की मलेशिया को 18 तेजस फाइटर जेट बेचने की पेशकश

## 6 अन्य देशों ने भी दिखाई दिलचस्पी



नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने मलेशिया को 18 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' बेचने की पेशकश की है. रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, मिस्र, संयुक्त राज्य अमेरिका, इंडोनेशिया और फिलीपींस ने भी इस सिंगल-इंजन फाइटर जेट में अपनी दिलचस्पी दिखाई है. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित तेजस एक एकल इंजन और अत्यधिक सक्षम बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है, जो उच्च-खतरे वाले वायु वातावरण में संचालन में सक्षम है. पिछले साल फरवरी में रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए 83 तेजस लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का सौदा किया था. भारत ने तेजस के एमके-2 संस्करण के साथ-साथ पांचवीं पीढ़ी के उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) को विकसित करने के लिए पांच अरब अमेरिकी डॉलर की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू कर दिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार, विदेशी रक्षा उपकरणों पर भारत की निर्भरता को कम करने की इच्छुक है और जेट विमानों के निर्यात के लिए राजनयिक प्रयास भी कर रही है. तेजस लड़ाकू विमान के साथ डिजाइन और अन्य चुनौतियां है और इसी वजह से एक बार भारतीय नौसेना द्वारा इसे बहुत भारी के रूप में खारिज कर दिया गया था. रक्षा मंत्रालय ने संसद को बताया कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स ने पिछले साल अक्टूबर में रॉयल मलेशियाई वायु सेना के 18 जेट विमानों के प्रस्ताव के अनुरोध का जवाब दिया था, जिसमें तेजस के दो सीटों वाले संस्करण को बेचने की पेशकश की गई थी. भारत के रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने एक लिखित उत्तर में संसद सदस्यों को बताया, 'अन्य देशों – अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, मिस्र, अमेरिका, इंडोनेशिया और फिलीपींस – ने भी तेजस लड़ाकू विमानों में रुचि दिखाई है.' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश एक स्टील्थ फाइटर जेट के निर्माण पर भी काम कर रहा है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए उन्होंने इसके बनने की समयसीमा देने से इनकार कर दिया. ब्रिटेन ने अप्रैल में कहा था कि वह भारत के अपने लड़ाकू विमान बनाने के लक्ष्य का समर्थन करेगा. भारत के पास वर्तमान में रूसी, ब्रिटिश और फ्रांसीसी लड़ाकू विमान हैं.

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई हुए कोरोना संक्रमित, दिल्ली का दौरा किया रद्द

बेंगलुरु, 6 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने शनिवार को खुद इसकी जानकारी दी। सीएम ने कहा कि वह कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं और उनमें हल्के लक्षण उभरे हैं। बोम्मई ने नई दिल्ली का अपना दौरा भी रद्द कर दिया है। बोम्मई ने कहा कि वह घर पर क्वारंटाइन हो गए हैं। उन्होंने ट्वीट किया, 'मैं कोविड-19 से संक्रमित पाया गया हूं और मुझमें हल्के लक्षण हैं। मैंने खुद को घर में क्वारंटाइन कर लिया है। पिछले कुछ दिनों में मेरे संपर्क में आए लोग कृपया खुद को क्वारंटाइन कर लें और कोरोना जांच कराएं। दिल्ली का मेरा दौरा रद्द कर दिया है।' बोम्मई को 'आजादी का अमृत महोत्सव' की राष्ट्रीय समिति और नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को नई दिल्ली जाना था। उनके भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व से मुलाकात करने और कर्नाटक के हालिया घटनाक्रम व 2023 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों के संबंध में बातचीत करने की भी संभावना थी। बोम्मई शुक्रवार को कई बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। बता दें कि भारत में एक दिन में कोविड-19 के 19,406 नए मामले आने से देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,41,26,994 पर पहुंच गई है, जबकि एक्टीव मरीजों की संख्या 1,35,364 से घटकर 1,34,793 रह गई है। कोरोना से 49 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,26,649 हो गई है।

# ताइवानी मिसाइल डेवलपमेंट ऑफिसर की मौत

## चीन-ताइवान तनाव के बीच होटल में मिली लाश, बिजनेस ट्रिप के दौरान आया हार्ट अटैक






ताइपे, 6 अगस्त (एजेंसियां)। चीन-ताइवान तनाव के बीच ताइवान डिफेंस मिनिस्ट्री के रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट के एक ऑफिसर की डेड बॉडी मिली है। सेंट्रल न्यूज एजेंसी (सीएएनए) की रिपोर्ट के मुताबिक, ताइवान डिफेंस मिनिस्ट्री के नेशनल चुंग-शान इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डिप्टी हेड ओ यांग ली-हिंग शनिवार सुबह पिंगटुंग शहर के एक होटल के कमरे में मृत पाए गए। अधिकारियों ने कहा- 57 साल के ओ यांग की मौत हार्ट अटैक आने से हुई है। उनके परिवार ने भी बताया कि उन्हें हार्ट से संबंधित बीमारियां थीं। सीएएनए ने कहा कि ओ यांग बिजनेस के सिलसिले में पिंगटुंग शहर गए हुए थे। वे कई मिसाइल प्रोडक्शन प्रोजेक्ट्स को सुपरवाइज कर रहे थे। साल की शुरुआत में ही उन्होंने डिप्टी हेड का पद संभाला था। उनकी मौत ऐसे समय हुई है, जब चीन लगातार ताइवान के पास मिलिट्री ड्रिल कर रहा है।

### ताइवान के एयरस्पेस में घुस रहे चीनी जेट्स

अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान विजिट से नाराज चीन 3 अगस्त से मिलिट्री ड्रिल कर रहा है। चीनी आर्मी के जेट्स लगातार ताइवानी एयरस्पेस में घुसपैठ कर रहे हैं। ताइवान के इर्दगिर्द 6 इलाकों में ये सैन्य अभ्यास चल रहा है। पहले दिन चीन के 100 से अधिक फाइटर जेट्स ने ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिण-पूर्वी एयरस्पेस में उड़ान भरी थी। वहीं, दूसरे दिन 68 फाइटर जेट्स और 13 वॉरशिप्स ने ताइवान स्ट्रेट (मीडियन लाइन) को पार किया। ताइवानी डिफेंस मिनिस्ट्री ने एहतियात के तौर पर मिसाइल सिस्टम तैनात कर दिया है। वो चीन की हरकत पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। मॉनिटरिंग के लिए कुछ एयरक्राफ्ट और शिप को रवाना भी किया गया है।

### 7 अगस्त तक चलेगी ड्रिल

चीन यह मिलिट्री ड्रिल ताइवानी तट से सिर्फ 16 किमी दूर कर रहा है। इसमें असली हथियारों और गोला-बारूद का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस मिलिट्री एक्सरसाइज को 'लाइव फायरिंग' नाम दिया गया है। यह एक्सरसाइज 7 अगस्त तक चलेगी। चीन पहले यह ड्रिल ताइवान से करीब 100 किमी दूर करता था, लेकिन नैंसी के दौरे के बाद अब बेहद नजदीक पहुंच गया है।

### चीन ने पेलोसी पर प्रतिबंध लगाए

चीन ने नैंसी पेलोसी पर प्रतिबंध लगाए हैं। हालांकि, चीन ने किस तरह के प्रतिबंध लगाए हैं, ये स्पष्ट नहीं हैं। पेलोसी की ताइवान यात्रा के जवाब में चीन ने 8 कार्रवाइयों का ऐलान किया है।

## एलजी ने एक आईएएस और एक डीएएनआईसीएस अफसर समेत चार के निलंबन को दी मंजूरी

# एक्साइज पॉलिसी में गंभीर चूक का मामला



नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ने शनिवार को आईएएस अधिकारी ए.जी कृष्णा और डीएएनआईसीएस अधिकारी आनंद कुमार तिवारी के निलंबन को मंजूरी दी और इनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए. आईएएस अधिकारी ए.जी कृष्णा नई एक्साइज पॉलिसी लागू होने के समय एक्साइज कमिश्नर थे. जबकि आनंद कुमार तिवारी डिप्टी कमिश्नर. इन दोनों अधिकारियों के अलावा दो अन्य डीएएनआईसीएस अधिकारी जो उस समय डिप्टी कमिश्नर थे और एक्साइज विभाग के अन्य अधिकारियों को निलंबित किया गया है. साथ ही उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. उपराज्यपाल दफ्तर सूत्रों के मुताबिक एलजी ने यह निर्णय संबंधित अधिकारियों की ओर से आबकारी नीति के कार्यान्वयन में गंभीर चूक के मद्देनजर लिया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ टेंडर को अंतिम रूप देने में अनियमितताएं और चुनिंदा विक्रेताओं को पोस्ट टेंडर लाभ प्रदान करना शामिल है. एलजी ने ये फैसला विजिलेंस की जांच रिपोर्ट के बाद किया है. बता दें कि इस कार्रवाई से पहले दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को पूर्व उपराज्यपाल अनिल बैजल पर अनधिकृत क्षेत्रों में शराब की दुकानें खोलने के मामले में अपना रुख बदलने का आरोप लगाया था.

उन्होंने दावा किया कि इसके कारण उनकी सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ. सिसोदिया ने दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने इस मामले से जुड़ी जानकारी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भेज दी है और दिया कि मामले की तफ्तीश होनी चाहिए. बैजल ने इस मामले में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है.

स्वतंत्र वार्ता
# मेरा हैदराबाद
रविवार, 7 अगस्त, 2022 3

सुविचार: हिंसा के बीज से अंहिसा का फल देनेवाला पौधा उगना संभव नहीं।

## मुख्य सचिव ने स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव पर कई बैठकें की



हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने आज बीआरकेआर भवन में स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव पर कई बैठकें कीं।

उन्होंने ऐतिहासिक आयोजन को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को माननीय मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के निर्देशों के अनुसार एचआईसीसी में उद्घाटन समारोह के लिए विस्तृत व्यवस्था करने के लिए कहा है। बाद में उन्होंने कलेक्टरों के साथ वीडियो कांफ्रेंस कर समारोह को सही ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि देश में पहली बार गांधी फिल्म राज्य के 563 सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी, जिसे 35 लाख छात्र देखेंगे। उन्होंने कलेक्टरों से कहा कि लोगों के बीच राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना पैदा करने के लिए जनप्रतिनिधियों और जनता को शामिल करने का यह एक महान अवसर है। इस अवसर पर पूरे राज्य में 1.20 करोड़ राष्ट्रीय ध्वज नि:शुल्क वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हर घर में राष्ट्रीय तिरंगा फहराना चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस महीने की 21 तारीख को विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अच्छे आचरण वाले 75 कैदियों को रिहा किया जाएगा। इसी तरह नि:स्वार्थ सेवा करने वाले श्रेष्ठ डॉक्टरों और 75 सरकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य सचिव ने कलेक्टरों को बताया कि राज्य भर के सभी गांवों, मंडलों और नगर पालिकाओं में विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया जाए। कवि सम्मेलन/मुशायरे/रैलियाँ उचित तरीके से होनी चाहिए। बैठक में डीजीपी महेंद्र रेड्डी, विशेष मुख्य सचिव अरविंद कुमार, रानी कुमिदिनी, शांति कुमारी, सुनील शर्मा, गृह प्रमुख सचिव रवि गुप्ता, अतिरिक्त डीजी जितेंद्र, जीएडी सचिव शेषाद्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवम के उद्घाटन समारोह कल, यातायात में प्रतिबंध

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 8 अगस्त को एचआईसीसी में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवम के उद्घाटन समारोह के मद्देनजर आयोजन स्थल और आसपास के क्षेत्रों की सड़कों पर भारी मात्रा में ट्रैफिक जाम हो सकता है। इसलिए, साइबराबाद ट्रैफिक पुलिस ने सुचारू यातायात प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। हालांकि, 8 अगस्त को निम्नलिखित मार्गों पर भारी यातायात की संभावना है।

नीरू जंक्शन-साइबर टावर्स जंक्शन-मेटल चारमीनार जंक्शन-गूगल जंक्शन-कोत्तागुडा जंक्शन रोड, मेटल चारमीनार जंक्शन-खानमेट जंक्शन, जेएनटीयू-साइबर टावर्स- बायो-डायवर्सिटी जंक्शन, गचीबोवली जंक्शन-बॉटनिकल गार्डन जंक्शन-कोत्तेगुडा जंक्शन-कोंडापुर जंक्शन। इसलिए, यात्रियों को यातायात की भीड़ से बचने के लिए उपयुक्त वैकल्पिक सड़कों का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

नीरू से गाचीबोवली जंक्शन की ओर यातायात सीओडी (अयप्पा सोसाइटी, माधापुर) में दुर्गम चेरुवु-इनऑर्बिट-आईटीसी कोहिनूर- आईकेईए-जैव-विविधता-गच्चीबोवली और इसके विपरीत दिशा में मोड़ ले सकता है और साइबर टावर्स जंक्शन से बच सकता है। मियापुर, कोततागुडा, हफीजपेट क्षेत्रों से हाईटेक शहर की ओर यातायात-साइबर टावर्स-जुबली हिल्स रोलिंग हिल्स एआईजी अस्पताल - आईकेईए - इनऑर्बिट-दुर्गम चेरुवु रोड का उपयोग कर सकते हैं और साइबर टावर्स जंक्शन से बच सकते हैं। आरसी पुरम, चंदननगर क्षेत्रों से माधापुर, गचीबोवली क्षेत्रों की ओर यातायात भेल-नल्लागंदला-एचसीयू-आईआईआईटी-गचीबोवली रोड का उपयोग कर सकता है और अल्विन - कोंडापुर रोड से बच सकता है।

साइबर टावर की ओर जेएनटीयू, कोततागुडा की ओर मियांपुर, कोठागुडा की ओर कावुरी हिल्स, साइबर टावर्स की ओर जैव विविधता, गाचीबोवली की ओर नारायणम्मा कॉलेल की ओर भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। दिन के समय यातायात की सुचारू आवाजाही के लिए भारी वाहनों की आवाजाही को वैकल्पिक मार्गों पर नियंत्रित किया जाएगा। इसलिए, सभी संबंधित हितधारकों और यात्रियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त सलाह का पालन करें और यातायात के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने में यातायात पुलिस के साथ सहयोग करें।

## जयशंकर के सपने के अनुसार बन रहा है तेलंगाना : सीएम

### तेलंगाना के विचारक जयशंकर को केसीआर ने दी श्रद्धांजलि



हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शनिवार को तेलंगाना के विचारक दिवंगत प्रोफेसर कोतापल्ली जयशंकर को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अविभाजित आंध्र प्रदेश में शासकों के दौरान तेलंगाना को हुए नुकसान और कठिनाइयों के बारे में बताते हुए, जयशंकर ने लोगों में अलग राज्य के आंदोलन की भावना पैदा की और एक अलग तेलंगाना का सपना देखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जयशंकर की प्रेरणा से अलग राज्य का आंदोलन जारी रखा और मोक्कावोनी दीक्षा के साथ साहसपूर्वक लड़ाई लड़ी और तेलंगाना हासिल किया। उन्होंने कहा कि जैसा कि जयशंकर ने उम्मीद की थी, उसी के अनुसार तेलंगाना स्वशासन में देश के लिए एक मॉडल बन गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दलितों के कल्याण में योगदान देकर और लोगों की प्रगति को प्राप्त करके जयशंकर के सपने को साकार कर रही है।

### पार्टी नेता सोनिया गांधी के अधीन कर रहे है काम : जीवन रेड्डी

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस एमएलसी और पूर्व मंत्री टी. जीवन रेड्डी ने आज स्पष्ट किया कि पार्टी के सभी नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के अधीन काम कर रहे हैं, न कि पीसीसी प्रमुख के अधीन। उन्होंने कहा कि टीपीसीसी प्रमुख उनके और सोनिया गांधी के बीच सिर्फ एक समन्वयक थे। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, जीवन रेड्डी ने टीपीसीसी अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी और पार्टी सांसद कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी के बीच मतभेदों का मुद्दा उठाया और कहा कि वेंकट रेड्डी और रेवंत रेड्डी के बीच बढ़ते मतभेदों के बारे में किसी को पता नहीं था। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी नेताओं को खुश करना असंभव है। एआईसीसी प्रवक्ता दासोजू श्रवण के पार्टी से इस्तीफे पर टिप्पणी करते हुए जीवन रेड्डी ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि टीपीसीसी प्रमुख अपनी सीमा के भीतर काम कर रहे हैं।

## विधायकों, एमएलसी को नोटिस जारी कर सकती है ईडी

### चिकोटी प्रवीण के व्हाट्सएप चैट होगा आधार

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कैसीनो डीलर चिकोटी प्रवीण के मोबाइल में व्हाट्सएप के संदेशों का विश्लेषण किया और पाया कि उसने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों के कई राजनीतिक नेताओं और उद्योगपतियों के साथ बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक बहुत जल्द ईडी विधायको को नोटिस देगी। चर्चा है कि टीआरएस एमएलसी एन. रमना, टीआरएस के पूर्व विधायक तीगला कृष्ण रेड्डी, अंबरपेट टीआरएस विधायक कालेरू वेंकटेश, राजेंद्रनगर टीआरएस विधायक प्रकाश गौड़ और मेदक डीसीसीबी के अध्यक्ष सी देवेंद्र रेड्डी को ईडी का नोटिस मिलने की संभावना है। ईडी ने पाया कि प्रवीण ने विभिन्न देशों में सात कैसीनो कार्यक्रम आयोजित किए, लेकिन फेमा नियमों का उल्लंघन करते हुए हैदराबाद में विजेताओं को हवाला लेनदेन के माध्यम से पैसे का भुगतान किया गया। एजेंसी हैदराबाद में चिकोटी प्रवीण का जन्मदिन मनाने के लिए पार्टी पर खर्च किए गए 5 करोड़ रुपये की भी जांच कर रही है। संपत नाम के एक व्यवसायी ने जन्मदिन की पार्टी के लिए 2 करोड़ रुपये दिए और शेष प्रवीण की जेब से खर्च किए।

## हैदराबाद में शनिवार को मौसम रहा सुहाना



राज्य के कई जिलों के लिए आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले एक सप्ताह के दौरान बारिश और उदास मौसम के बाद और शुक्रवार को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बूंदा बांदी के साथ, शनिवार को सुखद मौसम के बावजूद, शहर के लोग धूप और हवा के साथ जाग गए।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), हैदराबाद ने कहा है कि शहर में अगले दो दिनों के लिए मध्यम गरज के साथ समान मौसम का अनुभव होगा।

आईएमडी के अनुसार, शहर में अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जिसमें सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत सुबह 8.30 बजे दर्ज की गई है। इस बीच, शनिवार को तेलंगाना के कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बारिश जारी रही, जिनमें कुमारम भीम आसिफाबाद, खम्मम, भद्राद्री कोठागुडेम, आदिलाबाद, जयशंकर भूपालपल्ली, पेद्दापल्ली, जगतियाल, मेडक, मुलुगु और राजन्ना सिरिसिला शामिल हैं। आईएमडी के अनुसार, राज्य में आने वाले तीन दिनों तक बारिश से कोई राहत नहीं मिलेगी। जिलों को रेड, ऑरेंज और येलो अलर्ट भी जारी किया गया है, जो क्रमशः अत्यधिक भारी, बहुत भारी और भारी बारिश का संकेत दे रहा है।

रविवार के लिए, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, जगत्याल, राजन्ना सिरसिला, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, महबूबाबाद, वारंगल (ग्रामीण) और वारंगल (शहरी) जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## आंध्र में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए केन्द्रीय दल भेजा जाये : रवींद्र कुमार

### वेंकट रेड्डी ने की तेलंगाना को नुकसान की भरपाई के लिये 1400 करोड़ देने की मांग

नई दिल्ली, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हाल की मूसलाधार बारिश और गोदावरी नदी में आई बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के वास्ते संसद के दोनों सदनों में केन्द्र सरकार से सहायता की गुहार लगाई गई। लोकसभा में कांग्रेस के कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने कल शून्यकाल के दौरान तेगंगाना को बारिश और बाढ से नुकसान की भरपाई के लिये 1400 करोड़ रूपये की मांग की है। वहीं राज्यसभा में तेलुगु देसम पार्टी के कनकामेडाला रविन्द्र कुमार ने आंध्र प्रदेश में बारिश और गोदावरी नदी की बाढ से नुकसान का जायजा लेने के लिये केन्द्र सरकार से केन्द्रीय दल भेजने की मांग की है। श्री वेंकट रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना सरकार ने केन्द्र सरकार को इस बारिश और बाढ से हुये नुकसान की करीब 1400 करोड़ रूपये के बारें में एक प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी है।

उन्होंने बताया कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में लाखों घर और विभिन्न फसलें जलमग्न हो गई। ग्रेटर हैदराबाद, मेडक, नलगोंडा, भोंगिर, जंगांव, महबूबाबाद और संगारेड्डी जिलों के कई इलाकों में भारी बारिश का प्रकोप देखा गया। भद्राचालम और कादेम इलाकें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा हैदराबाद-नागपुर, हैदराबाद-विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर नदियों और झीलों में बाढ़ आने से कई सड़कें बह गई। उन्होंने केन्द्र सरकार से आग्रह किया कि तेलंगाना के लोगों को तत्काल वित्तीय सहायता और किसानों तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा जारी करके मदद करें क्योंकि तेलंगाना सरकार राहत कार्य पूरा करने में अब तक पूरी तरह से विफल रही है। श्री रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना में सड़क एवं भवन विभाग को 498 करोड़ रूपये, सिंचाई विभाग को 33 करोड़ रूपये, नगर निगम प्रशसन को 379 करोड़ रूपये, बिजली विभाग को सात करोड़ रूपये और पंचायती राज को 440 करोड़ रूपये का नुकसान हुआ। राज्य में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को राहत शिविरों में भेजने के लिये 25 करोड रूपये व्यय किये जायेंगे। राज्यसभा में तेलुगु देसम पार्टी के कनकामेडाला रविन्द्र कुमार ने इस मामले को उठाते हुये कहा कि मूसलाधार बारिश के कारण अबतक पूर्वी गोदावरी, पश्चिम गोदावरी, एलुरू, एल्लूरी सीताराम राजू, कोनासीमा और अनाकापल्ली जिलों में फसल और संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है। इससे करीब एक लाख लोग प्रभावित हुए है। उन्होंने केन्द्र सरकार से आंध्र प्रदेश में बाढ से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए एक केन्द्रीय दल को भेजने का आग्रह किया है ताकि प्रदेश की जनता को मदद मिल सकें। गोदावरी क्षेत्र में बाढ़ के कारण आंध्र प्रदेश की जनता को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के निवासियों को बाढ़ के कारण पानी, आश्रय और बिजली के संकट का सामना करना पड़ रहा है।

दूध की डेरियों से छोटे बच्चों को दूध नही मिल पा रहा है। हालांकि मौसम विभाग ने बांढ की चेतावनी दी थी लेकिन सही जानकारी के अभाव में लोग ऐहतियाती कदम नहीं उठा सके। श्री कुमार ने कहा कि कोनासीमा जिला के 26 गांव, 20 मंडल गोदावरी की बाढ़ से जलमग्न हो गये। करीब एक लाख लोग प्रभावित हुए है। गोदावरी जलग्रह क्षेत्र में गोदावरी नदी का पानी 45 गांव में 18 से 25 फीट उंचा बह रहा है। उन्होंने दावा करते हुये कहा कि काफी गांव पोलावरम बांध परियोजना के कारण जलमग्न हो गए। बाढ़ से किसानों की फसल बरबाद हो गई हैं। राज्य सरकार से अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। राज्य का बजट पहले ही घाटे में है और वह लोगों की मदद करने की स्थिति में नहीं है।

## एमपी जीवीएल ने रेल मंत्री से मुलाकात की



हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिम्हा राव ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और उनसे विशाखापत्तनम में दक्षिण तट रेलवे (एससीओआर) जोन के लिए कार्यालय निर्माण में तेजी लाने का आग्रह किया। रेल मंत्री ने जीवीएल को आश्वासन दिया कि काम शुरू करने के लिए धन स्वीकृत किया जाएगा। सांसद ने विशाखापत्तनम और बेंगलुरु के बीच सीधी ट्रेन शुरू करने जैसे अनुरोधों के साथ रेल मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा क्योंकि वैजाग से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में बंदरगाह शहर के लोगों के लिए बर्थ उपलब्ध नहीं हैं। जीवीएल ने अश्विनी वैष्णव के संज्ञान में लाया कि उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र के 1.5 लाख लोग विशाखापत्तनम में रह रहे हैं। उन्होंने उनसे विशाखापत्तनम और वाराणसी के बीच एक सुपरफास्ट सीधी एक्सप्रेस ट्रेन को मंजूरी देने का अनुरोध किया। सांसद ने रेल मंत्री से कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एससीओआर जोन के कार्यों की जल्द से जल्द आधारशिला रखने का अनुरोध करेंगे। भारत सरकार ने आंध्र प्रदेश के लिए एससीओआर बनाने की घोषणा की लेकिन अभी तक इसे चालू नहीं किया गया है।




### भाजपा में शामिल होंगे श्रवण, प्रदेश प्रभारी तरुण चुघ से मिले

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस छोड़ने की घोषणा कर चुके दासोजू श्रवण ने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है। उन्होंने नई दिल्ली में प्रदेश भाजपा प्रभारी तरुण चुग के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार से मुलाकात की। चुघ ने शॉल भेंट कर श्रवण का अभिनंदन किया। बाद में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, चुघ ने कहा कि वह लंबे समय के बाद श्रवण से मिलकर खुश हैं और उन्होंने याद किया कि उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन में श्रवण के साथ काम किया था। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में लोग पार्टी में शामिल होंगे। उन्होंने तेलंगाना राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह लोगों को लूट रही है और कहा कि इसने राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को तोड़ दिया है। यह देखते हुए कि लोग जल्द ही गुलाबी पार्टी को "अलविदा" कहेंगे, उन्होंने कहा कि खुफिया विभाग भी यही बात कह रहा था। बंडी संजय की चल रही प्रजा संग्राम पदयात्रा पर टिप्पणी करते हुए चुग ने कहा कि यात्रा राज्य में सफलतापूर्वक आयोजित की जा रही है। बंदी संजय ने कहा कि राज्य के लोग केसीआर से नफरत कर रहे हैं और दावा किया कि नेताओं को पार्टी में आमंत्रित करने के लिए पैसे देना उनकी पार्टी की संस्कृति नहीं है।

### बाइक चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। चिल्कलगुडा पुलिस ने पिछले महीने पद्मराव नगर में एक छात्रावास के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में सैयद इमरान (21), खादर अली खान (22) और सैयद नोमान (19) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति कादरी ने 26 जुलाई को पद्मराव नगर स्थित एक छात्रावास के बाहर अपनी रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल खड़ी की थी। अगली सुबह, उसने इसे चोरी पाया, जिसके बाद उसने पुलिस से संपर्क किया, जिसने निगरानी कैमरे के फुटेज से अपराधियों की पहचान की। चिलकलगुडा इंस्पेक्टर जी. नरेश ने कहा कि बाइक बेचने से पहले ही उन्हें पकड़ लिया गया। इमरान पहले बंजारा हिल्स में चोरी के दो मामलों में शामिल था।

### आवारा कुत्तों के हमले में 30 भेड़ों की मौत

राजन्ना-सिरकिल्ला, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बोइनपल्ली मंडल के मलकापुर में शनिवार तड़के आवारा कुत्तों के झुंड ने भेड़ों के झुंड पर हमला कर दिया, जिसमें करीब 30 भेड़ों की मौत हो गई। रिपोर्टों में कहा गया है कि एक चरवाहा, गुंटू लछैया ने झुंड को गांव के बाहरी इलाके में एक शेड में छोड़ दिया। तड़के गली के कुत्तों ने सिर पर हमला कर दिया। जबकि तीस भेड़ें मर गईं, कई और घायल पाई गईं। लछैया ने दावा किया कि उसने अपनी आजीविका खो दी थी क्योंकि उसे 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ था। शेफर्ड समुदाय ने लछैया को कुछ मुआवजे की मांग की।

### राज्यपाल ने प्रो जयशंकर को दी श्रद्धांजलि

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने शनिवार को यहां राजभवन में तेलंगाना के विचारक प्रोफेसर जयशंकर की 88वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने जयशंकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और सामाजिक कार्यकर्ता को श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने ट्विटर पर कहा, "राजभवन हैदराबाद में आचार्य कोत्तापल्ली जयशंकर को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने ने एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में तेलंगाना आंदोलन के लिए लड़ाई लड़ी।

## तेलंगाना में पारिवारिक शासन खत्म कर सकती है भाजपा : राजगोपाल



हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। विधायक कोमातीरेड्डी राजगोपाल रेड्डी ने आज कहा कि भाजपा के पास राज्य में परिवार शासन को खत्म करने की शक्ति है। पूर्व सांसद विवेक वेंकटस्वामी के साथ नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, राजगोपाल रेड्डी ने कहा कि टीआरएस नेता उपचुनाव की उम्मीद में उनके निर्वाचन क्षेत्र में सड़कें बिछा रहे है। कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए, उन्होंने राज्य नेतृत्व से पूछा कि जब पार्टी के 12 विधायकों ने इसे छोड़ दिया तो यह क्यों नहीं बोला। यह स्पष्ट करते हुए कि सभी नेताओं को राजनीतिक दलों को बदलने की स्वतंत्रता है, उन्होंने पूछा कि क्या नैतिक आधार पर दूसरी पार्टी छोड़ने के बाद अन्य राजनीतिक दलों में शामिल होना गलत था? उन्होंने कहा कि टीआरएस पहली बार मुनुगोडु में उपचुनाव का मुद्दा लेकर आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने एक विधायक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अनुमति नहीं दी थी और कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में उनके लिए किसी भी प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया था। यह दावा करते हुए कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ उनकी बैठक के बाद उनके निर्वाचन क्षेत्र के गट्टूपल्ली को एक मंडल बना दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर वह अपने अनुबंध और पैसे को महत्वपूर्ण मानते तो वह टीआरएस पार्टी में शामिल हो जाते। यह दावा करते हुए कि उन्हें पूर्व में टीआरएस पार्टी से निमंत्रण मिला था, उन्होंने कहा कि उन्हें गुलाबी पार्टी पसंद नहीं है। उन्होंने अपने बड़े भाई और पार्टी सांसद कोमातीरेड्डी वेंकट रेड्डी के खिलाफ कांग्रेस नेता दयाकर की टिप्पणियों की निंदा की। उन्होंने कहा कि दयाकर ने उनके भाई वेंकट रेड्डी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की, जिन्होंने अलग तेलंगाना राज्य के लिए अपने मंत्री का पद छोड़ दिया। टीपीसीसी प्रमुख ए रेवंत रेड्डी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि टीपीसीसी प्रमुख की योजना उनकी मदद से मुख्यमंत्री बनने की थी, लेकिन उनके इस्तीफे के कारण इसे अंजाम नहीं दिया जा सका। उन्होंने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी और उनके समर्थक उनके खिलाफ निराधार आरोप लगा रहे हैं और कहा कि रेवंत रेड्डी को राज्य कांग्रेस प्रमुख के रूप में पदोन्नत किए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी और खराब हो गई थी।

## घर में चल रही थी पटाखा फैक्ट्री

### लिसाड़ीगेट में विस्फोट से ढ़हे थे 3 मकान अब फिर से पुलिस ने पकड़े पटाखे



मेरठ, 6 अगस्त (एजेंसियां)। मेरठ में एक माह पहले पटाखों में विस्फोट में 3 मकान मलबे में तब्दील हो गए थे। शुक्रवार रात लिसाड़ीगेट इंस्पेक्टर ने जाकिर कॉलोनी में छापा मारते हुए मकान से भारी मात्रा में पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। यह पटाखे अवैध तरह से बनाए जा रहे थे।

**अवैध तरह से बनाए जा रहे थे पटाखे**

सीओ कोतवाली अरविंद चौरसिया ने बताया कि लिसाड़ीगेट इंस्पेक्टर उत्तम सिंह राठौर ने पहले फतेहल्लापुर में एक बंद मकान में छापा मारा। उसके बाद जाकिर कॉलोनी में आबिद के मकान में छापा मारा, आबिद के मकान से कई कुंतल अवैध पटाखे बरामद बरामद किए गए हैं। मकान मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जांच में सामने आया है कि आबिद शहर में कोतवाली से और दिल्ली से आतिशबाजी का सामान लेकर अवैध तरह से पटाखे बनाता था।

**लिसाड़ीगेट थाने में मुकदमा दर्ज**


लिसाड़ीगेट पुलिस की तरफ से थाने में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आबिद के मकान से अधबने पटाखे भी कई बोरे बरामद किए हैं। यह इलाका भीड़भाड़ वाला है।

**समर गार्डन में हुआ था विस्फोट**

लिसाड़ीगेट थाना क्षेत्र के समर गार्डन में 27 जून को अवैध पटाखे बनाते समय इंतजार के मकान में विस्फोट हो गया था। इसमें मकान मालिक की बेटी शमीमा के अलावा पटाखे बनाने वाले आर्यन और सनील की मौत हुई थी। वहीं 6 अन्य घायल हुए थे। यह विस्फोट इतना भीषण था कि 3 मकान पूरी तरह से जमींदोज हो गए। पुलिस ने अवैध पटाखों को लेकर अभियान चलाया। जिसमें करीब दो ट्राली पटाखे बरामद किए गए। पुलिस ने इस मामले में इंतजार, यूनुस और मुस्तकीम को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## अयोध्या में येलो अलर्ट जारी

### 24 घंटों में हल्की बारिश की संभावना, सरयू का जलस्तर पहुंचा खतरे के निशान के करीब



अयोध्या, 6 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्वी उत्तर प्रदेश के अयोध्या और देवीपाटन मंडलों के नौ जिलों में मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का दावा है कि यहां आगामी 24 घंटों में हल्की बारिश हो सकती है। यहां बीते 24 घंटों में मौसम में बदलाव देखने को मिला। शुक्रवार को धूप और उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को शनिवार को राहत मिली। सरयू का जलस्तर खतरे के निशान से महज 20 सेमी दूर पहुंच गया है।

अयोध्या, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अमेठी, अंबेडकरनगर, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती में शनिवार को अगस्त माह का सबसे गर्म दिन रहा। बीते 24 घंटों में एक बार फिर दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। रात के तापमान में भी भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। रात का न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जो बीते 12 दिनों में सबसे अधिक रहा। मौसम विभाग ने दोनों मंडलों में नौ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। राम नगरी में आसमान में बादल छाए रहने से लोगों को धूप और उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रो अमर नाथ मिश्र ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश जिले में आसमान में बादल छाए रहेंगे। यहां हल्की से भारी बारिश की संभावना है। पहाड़ों पर हो रही बारिश और शारदा और गिरिजा बैराज से पानी छोड़े जाने के असर अयोध्या में भी दिखाई देने लगा है। केंद्रीय जल आयोग के अयोध्या प्रभारी अमन चौधरी ने बताया कि शनिवार सुबह आठ बजे सरयू का जलस्तर 92.530 मापा गया। पिछले 24 घंटों में जलस्तर में करीब 20 सेमी का इजाफा हुआ है। नदी का जलस्तर खतरे का निशान 92.730 के करीब है।

## सावधान! तेजी के साथ बढ़ रहा कोरोना

### रोज मिल रहे 20-25 नए कोरोना संक्रमित, 128 हुई एक्टिव केस की संख्या

प्रयागराज, 6 अगस्त (एजेंसियां)। कोरोना वायरस को हल्के में न लें क्योंकि यह पूरी तरह से अभी गया नहीं है। प्रयागराज में कोरोना मरीजों की संख्या दोगुने रफ्तार से बढ़ रही है। यहां प्रतिदिन 20 से 25 नए कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं। अगस्त माह के पहले सप्ताह में ही संक्रमितों की संख्या में दोगुनी वृद्धि हो गई। 31 जुलाई को एक्टिव केस की संख्या 92 रही तो वहीं अगस्त के पहले सप्ताह में ही यह संख्या बढ़कर 128 हो गई। अच्छी बात यह है कि कोरोना के जो नए संक्रमित मिल रहे हैं उनमें ज्यादातर लोगों में कोई लक्षण नही हैं। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के कोविड के नोडल डॉ. सुजीत कुमार वर्मा बताते हैं कि अभी 10 कोरोना मरीजों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। यहां जो कोविड मरीज भर्ती हैं उनमें ज्यातार पुरानी बीमारी से ग्रसित हैं। कुछ मरीज फेफड़े और कैंसर से भी ग्रसित हैं। कोविड पाजिटिव आने के बाद उन्हें यहां भर्ती किया गया है। कोरोना से मरने वालों की संख्या इस समय बिल्कुल शून्य है। अभी सावधान रहने की आवश्यकता है। कोरोना जब पीक पर था तो उस समय प्रतिदिन 8000 सैंपलों की जांच की जा रही थी। लेकिन विभाग की ओर से प्रतिदिन अब 2000 सैंपलों की जा रही है। प्रतिदिन 10 से 15 मरीजों को विभाग की ओर निगेटिव किया जा रहा है। कोविड-19 के नोडल डॉ. अरूण कुमार तिवारी बताते हैं कि अभी लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि अचानक मरीजों की संख्या बढ़ जा रही है।

# जदयू-भाजपा के रिश्ते सवालों के घेरे में

## फिर 'ताकत' पाने की तैयारी में नीतीश की पार्टी

पटना, 6 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में सत्तारूढ़ जदयू और भाजपा गठबंधन के बीच सब कुछ ठीकठाक नहीं चल रहा है। दोनों सहयोगी दलों के रिश्ते सवालों के घेरे में हैं, क्योंकि जदयू का शीर्ष नेतृत्व राज्य में पार्टी को फिर सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में वापस लाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने बीते दिनों कुछ मीडिया संस्थानों से चर्चा में संकेत दिए थे कि उनकी पार्टी राज्य में फिर अपनी नंबर-1 की स्थिति पाना चाहती है। इसलिए वह 2020 के विधानसभा चुनाव में मिली विफलता को दूर करने की दिशा में काम कर रही है।

**2020 के चुनाव में जदयू के खिलाफ साजिश हुई?**

ललन सिंह का मानना है कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में जदयू के खिलाफ साजिश हुई थी। उनका इशारा चिराग पासवान की



ओर था। चिराग तब लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख थे। उन्होंने सभी जदयू प्रत्याशियों के खिलाफ अपनी पार्टी के उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। चिराग के प्रत्याशियों में से कई भाजपा के बागी थे। इस चुनाव में सीएम नीतीश कुमार की पार्टी को मात्र 43 सीटों पर जीत मिली, जबकि इसके पांच साल पहले जदयू ने 71 सीटें जीती थी। 2020 के चुनाव में जदयू सिमट गई थी, जबकि लालू यादव की राजद सबसे बड़े दल के रूप में उभरी थी। भाजपा दूसरे नंबर पर रही थी।

**बिहार की बाढ़ में डूब जाएगी एनडीए की नाव : तिवारी**

बहरहाल, जदयू नेता के उक्त बयान से राजनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील बिहार में चाय की प्याली में तूफान ला दिया है। राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने चुटकी लेते हुए कहा कि बिहार एनडीए में बड़े मुश्किलभरे हालात हैं। एनडीए की नाव बरसात के मौसम में आने वाली 'बाढ़' में डूब जाएगी। तिवारी का कहना है कि नीतीश कुमार समाजवादी पृष्ठभूमि के नेता हैं, वे भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे से तालमेल नहीं बना सकेंगे।

तिवारी से जब यह पूछा गया कि क्या जदयू और राजद के बीच एक और पुनर्गठन की संभावना दिख रही है? दोनों दलों ने 2015 के विधानसभा चुनावों से पहले हाथ मिला लिया था और दो साल बाद अलग हो गए थे। तिवारी ने कहा कि वह केवल इतना कह सकते हैं कि बिहार को एक समाजवादी सरकार की जरूरत है। यह जल्द ही मिलेगी और लोगों को राजद नेता तेजस्वी यादव में नई उम्मीद दिख रही है। हालांकि, यह कहना जल्दबाजी होगी कि ऐसी सरकार का गठन कब होगा।

**'कल किसने देखा?**

भाजपा के 2024 का लोकसभा चुनाव तथा 2025 का विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने के दावे पर ललन सिंह ने कहा था, 'कल किसने देखा? फिलहाल हम पार्टी को फिर से नंबर-1 बनाने के लिए काम कर रहे हैं। 2024 और 2025 अभी दूर हैं। ललन सिंह ने कहा कि हमें पिछले विधानसभा चुनावों में एक साजिश के कारण खोई हुई जमीन को फिर से हासिल करना होगा।

## बीपीएससी पेपर लीक कांड

### गिरफ्तार डीएसपी रंजीत रजक पर ईओयू की कार्रवाई शुरू, इन ठिकानों पर छापेमारी

पटना, 6 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी के पेपर लीक कांड में गिरफ्तार किए गए डीएसपी रंजीत रजक के खिलाफ ईओयू की कार्रवाई शुरू हो गयी है। रंजीत रजक के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी चल रही है। जानकारी के मुताबिक ईओयू की टीम पटना, कटिहार और अररिया में रंजीत के ठिकानों पर रेड कर रही है। दो दिन पहले रंजीत रजक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का एफआईआर ईओयू ने कांड संख्या 23/22 दर्ज किया था। उसके बाद कोर्ट से कार्रवाई के लिए परमिशन मांगा था। कोर्ट के आदेश पर ईओयू ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। रंजीत के खिलाफ अकूत संपत्ति के सबूत मिलने पर ईओयू ने आगे की कार्रवाई के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। ईओयू को कोर्ट के आदेश का इंतजार था। हरी झंडी मिलते ही ईओयू ने रंजीत रजक पर शिकंजा कस दिया है। इसके तहत कटिहार के मनिहारी के गांव हंसबर स्थित पैत्रिक मकान में रेड चल रहा है। कटिहार में रंजीत के एक संबंधि के पेट्रोल पंप पर कार्रवाई चल रही है। अररिया के महादेव चौक पर भी ईओयू रंजीत के ससुराल में रेड कर रही है। पटना में रूपसपुर थाना के वीणा विहार स्थित किराय के मकान में आर्थिक अपराध इकाई की टीम रेड कर रही है। बताया जा रहा है कि रंजीत रजक के कई रिलेटिव ईओयू के रडार पर हैं। इधर, बीपीएससी की 67वीं प्रारंभिक परीक्षा के पेपर लीक मामले में शुक्रवार को आर्थिक अपराध इकाई ने बीडीओ जयवर्धन गुप्ता समेत नौ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है।

# पत्नी-बेटी का सिर काटकर ली सेल्फी

## मधेपुरा में हत्या के बाद पत्नी का सिर लेकर ससुराल पहुंचा, टेबल पर रखा था मासूम का कटा सिर

मधेपुरा, 6 अगस्त (एजेंसियां)। मधेपुरा में एक पति ने अपनी पत्नी और बेटी की सिर काटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं, पत्नी का कटा सिर लेकर आरोपी अपने ससुराल पहुंचा और घर से 200 मीटर की दूरी पर एक पुलिया पर रखकर फरार हो गया। कटे सिर के नीचे एक पर्ची भी रखी थी। मधेपुरा में आरोपी के घर में पत्नी और बेटी का धड़ पड़ा था, जबकि बेटी का कटा सिर टेबल पर रखा हुआ था। बताया जाता है कि पत्नी के अवैध संबंध के शक में आरोपी पति ने वारदात को अंजाम दिया है। हत्या के बाद आरोपी ने पत्नी के धड़ के साथ सेल्फी भी ली थी।

शनिवार सुबह आरोपी पति महिला का कटा हुआ सिर अपने घर (श्रीनगर थाना क्षेत्र स्थित पोखरिया गांव) से लेकर उसके मायके (सदर थाना क्षेत्र के गोढाईला गांव) पहुंचा। महिला के मायके से 200 मीटर पहले एक पुलिया पर कटे सिर को रख फरार हो गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने सिर देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला का कटा हुआ सिर लेकर उसके ससुराल पहुंची तो दंग रह गए। वहां बेटी की भी लाश मिली।

पत्नी और बेटी की हत्या के बाद पति ट्रेन पकड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान मो. जिब्राहिल की पत्नी रुकसाना (30) और उसकी बेटी जिया (4) के रूप में हुई। घटनास्थल से खून से सना एक लेटर मिला है। उसमें कुछ आपत्तिजनक बातें लिखी हैं। इसके साथ लिखा है शानदार, जबरदस्त।

मायके वालों का कहना है कि जिब्राहिल और रुकसाना की शादी 12 साल पहले हुई थी। शादी के बाद 3 बच्चे भी हुए। दो बेटे अपने चाचा के यहां रहकर पढ़ाई करते थे। वहीं मासूम बेटी घर में रहती थी। शादी के बाद से छोटी-मोटी बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था।

जिब्राहिल दूसरे राज्य में सिलाई का काम करता था। इसी से घर चलता था। इस बीच वह बीच-बीच में घर आया करता था। पिछले साल वह घर आया तो बाहर नहीं गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिब्राहिल अपनी पत्नी पर अवैध संबंध का शक करता था। इस बात को लेकर अक्सर विवाद करता था। आशंका है कि शुक्रवार रात दोनों के बीच विवाद हुआ होगा। इसके बाद उसने पत्नी की निर्मम हत्या कर दी।

**वापस ससुराल नहीं जाना चाहती थी**

वहीं मृत रूकसाना के भाई ने कहा कि बाबुल राजा की हत्या किस कारण से की गई यह पता नहीं चल पाया है। पिता का कहना है कि उसका दामाद बदमाश किस्म का था। वह लगातार उसकी बेटी को प्रताड़ित करता रहता था। इस कारण से बेटी, पति के साथ ससुराल में नहीं रहना चाह रही थी।

यही कारण था कि वह 15 दिन पहले मायके आ गई थी, लेकिन जब पति अपने साथ अपने गांव के वार्ड सदस्य समेत कई अन्य लोगों के साथ विदाई कराने के लिए आया और भरोसा दिलाया कि उनकी बेटी के साथ किसी प्रकार की घटना नहीं की जाएगी, तो हम लोगों ने विदाई कराई।

विदाई के अगले दिन हमने अपने छोटे बेटे को भी वहां पर भेजा था। उस वक्त ऐसा लगा था कि वहां का माहौल सब कुछ ठीक-ठाक है, लेकिन आज सुबह जब बेटी और नतिनी की हत्या की खबर मिली।

मामले में मधेपुरा एसपी राजेश कुमार ने कहा कि मां-बेटी की क्षत-विक्षत हालत में लाश है। आशंका है कि घरेलु विवाद में पति ने दोनों की हत्या कर दी। आरोपी की तलाश में छापेमारी चल रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मामले में कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# लोकसभा में उठाया बिहार में सूखा का मामला

## रामकृपाल यादव ने मांग की सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करवाएं, आहार-पईन सब सूखे, 41% कम बारिश



पटना, 6 अगस्त (एजेंसियां)। बारिश नहीं होने से बिहार में किसानों के बीच हाहाकार की स्थिति है। सूखा के संकट को पाटलिपुत्र के सांसद और पूर्व मंत्री रामकृपाल यादव ने लोकसभा में शुक्रवार को उठाया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के असर का बुरा परिणाम पूरा बिहार भुगत रहा है। इस वर्ष एक जून से 29 जुलाई तक बिहार में अपेक्षित 485.4 मिली मीटर वर्षापात की तुलना में मात्र 287.2 मिली मीटर वर्षापात हुआ है जोकि लक्ष्य से 41 प्रतिशत कम है। वर्षापात में कमी से बिहार के 91 प्रतिशत किसान सूखे से बुरी तरह प्रभावित हैं। उन्होंने मांग की कि बिहार में जल्द ही एक उच्चस्तरीय टीम भेजकर सूखे की स्थिति का आकलन कराया जाय और बिहार को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की दिशा में तेज कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि बिहार में धान की खेती के लिए 35 लाख हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित है परंतु अभी तक मात्र 17.09 लाख हेक्टेयर में ही धान की रोपनी हो पाई है। यह लक्ष्य का मात्र 48.8 प्रतिशत है। वर्षापात में कमी के कारण भूगर्भ जल का लेयर भी काफी कम हो गया है। इस कारण बिजली रहते हुए भी पानी का लेयर भाग जाने के कारण मोटरपंप से भी भूगर्भ जल नहीं आ रहा है।

रामकृपाल यादव ने कहा कि बिहार सरकार ने डीजल अनुदान की राशि निर्गत करने का फैसला लिया है। धान की फसल बर्बाद होने की स्थिति वैकल्पिक फसल के लिए मुफ्त बीज वितरण के लिए आकस्मिक फसल योजना के तहत 200 करोड़ का प्रावधान भी किया है। कम वर्षापात के कारण पेयजल संकट के साथ- साथ धान की खेती को काफी नुकसान होने की स्थिति में मवेशियों के समक्ष चारा संकट की समस्या भी पैदा होने वाली है।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के बाणसागर और उत्तरप्रदेश के रिहंद जलाशय के जलग्रहण क्षेत्रों में कम बारिश के कारण धान का कटोरा कहे जाने वाले मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलीपुत्र सहित पूरे शाहाबाद, भोजपुर, बक्सर, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर और अरवल सहित कई इलाकों के नहरों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। अन्य छोटी- छोटी बरसाती नदियों में भी पानी नहीं है। आहार,पईन सब सूख गए हैं। स्थिति भयावह है। केन्द्र सरकार को तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**खुली ई-निविदा सूचना सं.सी/ई.29/ इलेक. /एम/एससी/26/डब्ल्यूएस/ओटी/2022-23** PUB/0684/22

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा की ओर से, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दि.26-08-2022 के 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1 ई-टेंडर नं. सी/ई.29/इलेक. /एम/एससी/26/डब्ल्यूएस/ओटी/2022-23, कार्य विवरणः सिकंदराबाद डिवीजन-बिजली रखरखाव विभाग-सनतनगर फ्राइट डिपो-बुनियादी सुविधाओं(इन्फ्रैस्ट्रक्चर फैसीलीटीज) का विकास-(शेष कार्य), बिजली व्यवस्था। निविदा मूल्यः रु.3775932.00, पूधराःरु.75500.00, सीटीएफः शून्य, पूरा करने की अवधिः 3 महिने।

वरिष्ठ मंडलीय बिजली अभियंता(रखरखाव),सिकंदराबाद

**निविदा सूचना सं.जी/ई.29/ टीआर. /टेंडर नोटिस/06 /2022-23** PUB/0685/22

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा कार्यकारी वरिष्ठ मंडलीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुंटकल द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

टेंडर नं. जीटीएल-टीआरडी-.29-इटीएन-13-2022-23, कार्य विवरणःगुंटकल डिवीजन- पावर ट्रांसफार्मर्स, फैन्सींग पैनल्स, स्वीचगेयर एक्वीपमेट की पेंटिंग करना तथा जीवाय-आरयु में पीएसआय के बल्लास्ट,एर्थ इलेक्ट्रोड्स, कवर्स सहित एर्थ पिट बाक्सेस, केबुल्स ट्रेंच कवर्स आदि की व्यवस्था का प्रावधान। अनुमानित मूल्यः रु.32,17,136/- पूधराःरु.64,400/-

बंद करने की तिथि व समयः 26.08.2022 के 11.00 बजे।

निविदाकर्ता, निविदा दस्तावेज को वेबसाइटःwww.ireps.gov.in से निःशुल्क तौर पर डाउनलोड कर सकते हैं।

टेंडर बिड्डींग तथा अन्य जानकारी हेतु http:// www.ireps.gov.in पर लागिन करें। शुद्धिपत्र यदि कोई हो तो उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

वरिष्ठ मंडलीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन, गुंटकल

**निविदा सूचना सं.जी/ई.29/ टीआर. /टेंडर नोटिस/07/2022-23** PUB/0686/22

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा कार्यकारी वरिष्ठ मंडलीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुंटकल द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

टेंडर नं. जीटीएल-टीआरडी-.29-इटीएन-18-2022-23, कार्य विवरणःगुंटकल डिवीजन- जीवाय-आरयु के ओएचइ में मास्ट्स की स्टेंसीलींग, बांड्स की पेंटिंग, एटीडी एंड टेम्परेचर मार्केटिंग, एंकर लूप्स रेजिंग आदि कार्य। अनुमानित मूल्यः रु.41,98,886/- पूधराःरु.84,000/-
बंद करने की तिथि व समयः 2-9-2022 के 11.00 बजे।

निविदाकर्ता, निविदा दस्तावेज को वेबसाइटःwww.ireps.gov.in से निःशुल्क तौर पर डाउनलोड कर सकते हैं।

टेंडर बिड्डींग तथा अन्य जानकारी हेतु http:// www.ireps.gov.in पर लागिन करें। शुद्धिपत्र यदि कोई हो तो उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

वरिष्ठ मंडलीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन, गुंटकल

**निविदा सूचना सं. 08/डब्ल्यूडब्ल्यूएस/आरवायपीएस/2022** PUB/0687/22

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य मेकानिकल अभियंता/आरवायपीएस, दक्षिण मध्य रेलवे, वैगान वर्किंग, गुंटुपल्ली-521 241 द्वारा निम्न ई-निविदा आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1, टेंडर नं. जीआरएम/184/बीसीएफसी/08/2022, कार्य विवरणः एयर साइड आरेंजमेंट एवं इसकी फिट्टींग्स का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट करना तथा बीसीएफसी वैगान्स पर फैब्रिक की फिक्सींग के बाद लीकेज टेस्टींग कार्य। मात्राः 49 वैगान्स, पूरा करने की अवधिः 3 महिने, निविदा मूल्य रु.33,07,500.00, पूधराःरु. 66,200/-, निविदा दस्तावेज का मूल्यः शून्य। समान प्रकृति के कार्य : लागू नही, आफर की वैधताः 60 दिन, निविदा दस्तावेज व शुद्धिपत्र यदि कोई हो तो http:// www.ireps.gov.in पर जाएं।

ई-निविदाओं की प्रस्तुति की अंतिम तिथि,समयः 22-8-2022 के 15.00 बजे तक।

ई-निविदाओं के खोलने की तिथि व समयः 22-8-2022 के 15.15 बजे

ए0918 उप मुख्य मेकानिकल अभियंता/ वैगान वर्कशाप/ गुंटुपल्ली

निविदा शर्तों/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग के लिए कृपया http://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।


# गंगा में नाव में ब्लास्ट 4 की मौत

पटना, 6 अगस्त (एजेंसियां)। पटना में गंगा नदी में एक नाव में ब्लास्ट हो गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ये सभी नाव के अंदर खाना बना रहे थे। तभी सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। लोग पानी में भी नहीं कूद पाए। और देखते ही देखते 5 लोगों की मौत हो गई।

मामला मनेर के रामपुर पतीला घाट पर शनिवार सुबह हुआ। इस हादसे में 5 मजदूरों की झुलसने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। लोगों ने इसकी सूचना मनेर थाना को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मनेर थाने की पुलिस ने इस बात की जानकारी दानापुर अग्निशमन दस्ते को दी। घटना की जानकारी मिलते ही अग्निशमन दस्ता घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया। मनेर थाने की पुलिस ने अभी तक मृतकों की संख्या चार की पुष्टि की है। घटना के बारे में बताया जा रहा कि मनेर थाना के रामपुर के पतीला घाट पर नाव पर सवार कुछ मजदूर खाना बना रहे थे। नाव बीच गंगा नदी में थी। अचानक सिलेंडर में आग लगी और सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। स्थिति

## खाना बनाने के दौरान धमाका, जान बचाने के लिए नदी में कूद भी नहीं पाए



यह थी कि बीच गंगा में नाव पर मजदूर कहीं भी भागने में असमर्थ रहे।

इसी क्रम में चारों मजदूर की मौत नाव में ही झुलस कर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के गांव वालों ने इसकी जानकारी मनेर थाना प्रभारी को दी। बातचीत के क्रम में मनेर थाना प्रभारी राजीव रंजन ने नाव पर सिलेंडर ब्लास्ट मामले में 4 लोगों के मरने की पुष्टि की है। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है। मृतकों की पहचान पूछे जाने पर इस मामले में कोई भी व्यक्ति कुछ भी बताने से इंकार कर रहा है। समाचार लिखे जाने तक स्थानीय प्रशासन मृतकों की पहचान करने में जुटी थी।

# मुख्तार अंसारी की पत्नी पर पुलिस का शिकंजा

## दो करोड़ से ज्यादा की तीन संपत्तियों को किया कुर्क



गाजीपुर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी की जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी और उनकी पत्नी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पुलिस लगातार उन पर कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने शनिवार को गाजीपुर गोराबाजार में आफ्शां अंसारी की एक बार फिर तीन व्यवसायिक भूमि को कुर्क कर लिया है। इसकी कीमत दो करोड़ 15 लाख रुपये बताई जा रही है। उनकी अन्य संपत्तियों पर भी जल्द कार्रवाई की तैयारी है।

एसपी रोहन पी बोत्रे ने बताया कि मुख्तार की पत्नी आफ्शां अंसारी पर गाजीपुर और मऊ पुलिस ने गैंगस्टर कायम किया गया है। इस मामले में कोर्ट की ओर से एनबीडब्ल्यू जारी हो चुका है। हाजिर न होने के चलते पुलिस मुख्तार की पत्नी की कई संपत्तियों की कुर्की कर चुकी है।

शनिवार को आफ्शां अंसारी के नाम से गाजीपुर शहर के मोहल्ला गोरा बाजार में नगर पालिका नंबर-524 भाग 191 वर्ग मीटर भूमि, गाजीपुर शहर के मोहल्ला रजदेपुर में नगर पालिका नंबर पुराना -63बी नया व नंबर 99ए रकबा 162.27 वर्ग मीटर भूमि और गाजीपुर शहर के ही मोहल्ला कुंदनपुर में नगर पालिका नंबर 186 में रकबा 159 वर्ग मीटर को कुर्क किया गया है। एसपी के अनुसार कुल मिलाकर 2.15 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को कुर्क किया गया।

## 45 साल के शख्स ने कमिश्नरी के बाहर खुद को आग लगाई

मेरठ, 6 अगस्त (एजेंसियां)। मेरठ में कमिश्नरी के बाहर 45 साल के एक शख्स ने खुद को आग लगा ली। यह व्यक्ति केरोसिन लेकर मेरठ कॉलेज की तरफ से कमिश्नरी की तरफ दौड़ा। जहां तेल छिड़ककर खुद को आग लगा ली।

आग लगने के बाद यह व्यक्ति बुरी तरीके से झुलस गया। आसपास मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों ने दौड़कर किसी तरह आग बुझाई। झुलसे हुए व्यक्ति को ई-रिक्शा से जिला अस्पताल भेजा गया है।

यह सनसनीखेज वारदात शनिवार दोपहर 11:40 बजे की है। व्यक्ति का नाम वशीउल्लाह बताया गया है। जिसका मकान को लेकर पड़ोसियों से विवाद था। पीड़ित का कहना था कि मेरे मकान पर कब्जा किया गया और उसमें किसी ने कोई मदद नहीं की। आत्मदाह के प्रयास की सूचना पर सिविल लाइन इंस्पेक्टर भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह पर अकूत संपत्ति जुटाने का आरोप

पटना, 6 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में सत्तारूढ़ जदयू ने अपनी ही पार्टी के नेता व पूर्व सांसद आरसीपी सिंह को नोटिस जारी किया है। इसमें उनसे संपत्तियों के विवरण में विसंगतियों पर जवाब मांगा गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह को यह नोटिस बिहार जदयू अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सिंह और उनके परिवार के नाम पर 2013-2022 से पंजीकृत अचल संपत्तियों के विवरण में विसंगतियां हैं। इसलिए वे जल्द से जल्द इस नोटिस का जवाब दें।

बता दें, आरसीपी सिंह और सीएम नीतीश कुमार के बीच लंबे समय से

**जदयू से निकालने की तैयारी**

अनबन चल रही है। माना जा रहा है कि केंद्र में मंत्री रहते भाजपा से कथित नजदीकी के चलते उन्हें पार्टी लगातार किनारे कर रही है। आरसीपी सिंह को पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री पद भी छोड़ना पड़ा था, क्योंकि उनका राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हो गया था।

कुशवाहा द्वारा सिंह को भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि नालंदा जिला जदयू के दो साथियों ने साक्ष्य के साथ शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि अब तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार आपके एवं



आपके परिवार के नाम से वर्ष 2013 से 2022 तक अकूत अचल संपत्ति पंजीकृत कराई गई है। इसमें कई प्रकार की अनियमितताएं नजर आती हैं। आप लंबे समय से जनता के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के साथ अधिकारी व राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहे हैं। आपको माननीय नेता ने दो बार राज्यसभा का सदस्य, पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्र में मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर पूर्ण विश्वास व भरोसे के साथ दिया। आप इस तथ्य से भी अवगत हैं कि माननीय नेता नीतीश कुमार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हैं। इतने लंबे सार्वजनिक जीवन के बावजूद उन पर कभी कोई दाग नहीं लगा और न उन्होंने कोई संपत्ति बनाई। निर्देशानुसार पार्टी आपसे अपेक्षा करती है कि शिकायत का बिंदुवार जवाब दें। कुशवाहा ने नोटिस का तत्काल जवाब देने का भी अनुरोध किया है।

## मंत्री राकेश सचान के खिलाफ अवैध राइफल रखने के मामले में फैसला सुरक्षित

कानपुर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। मंत्री राकेश सचान के खिलाफ अवैध राइफल रखने के मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। उधर, सुनवाई से पहले मंत्री की तबीयत बिगड़ गई। वह कोर्ट से सीधे घर चले गए। मंत्री के वकील अविनाश कटियार ने कोर्ट से और समय की मांग करते हुए अर्जी दी है।

इस मामले में यदि किसी को दोषी ठहराया जाता है तो उसे तीन साल की सजा हो सकती है। एसीएमएम-3 की कोर्ट में सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में एपीओ ऋचा गुप्ता ने बताया कि अवैध राइफल के मामले में बहस पूरी हो गई है। फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में अधिकतम तीन साल की सजा है। यह मामला 13 अगस्त 1991 में नौबस्ता थाने में दर्ज हुआ था। राकेश सचान के खिलाफ 13 अगस्त 1991 को नौबस्ता थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# उत्तर कोरिया रूस को देगा एक लाख सैनिक

### रूसी मीडिया का दावा



शियोल, 6 अगस्त (एजेंसियां)। रूस- यूक्रेन के बीच हो रहे युद्ध को पांच महीने से ज्यादा हो गया है. दोनों देशों के सैनिक मारे जा रहे हैं. कई अनुमान के मुताबिक रूस के हर रोज 100 सैनिकों की जान जा रही है. इसी बीच उत्तर कोरिया ने रूस को एक लाख सैनिक देगा. यह दावा और कोई नहीं बल्कि रूसी मीडिया कर रही है. 'न्यूयॉर्क पोस्ट' ने रूस के टेलीविजन चैनल 'रशियन चैनल वन' का हवाला देते हुए यह दावा किया है. न्यूयॉर्क पोस्ट ने बताया कि टॉक शो होस्ट इगोर कोरोटचेंको ने कहा कि ऐसी रिपोर्ट आ रही कि 1 लाख उत्तर कोरियाई लोग युद्ध में भाग लेने आ रहे हैं. उत्तर कोरिया द्वारा रूस की मदद के लिए एक लाख सैनिक भेजने की रिपोर्ट तब आ रही तब रूस यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई प्रमुख हिस्सों पर कब्जा करने में असफल रहा है. कई रिपोर्ट्स में तो यह भी दावा किया जा रहा कि युद्ध में रूस के 15 से 25 हजार लोग मारे जा चुके हैं. इगोर कोरोटचेंको ने उन रिपोर्ट्स की ओर भी इशारा किया जिसमें कि रूस ने अपने कब्जे में लिए गए डोनबास शहर को संघर्ष नें हुए नुकसान की मरम्मत के लिए बिल्डर देने को कहा है.

**रूस ने क्या कहा?**

उत्तर कोरिया में तैनात रूसी राजदूत अलेक्जेंडर मात्सगोरा ने जुलाई में एक इंटरव्यू दिया था. अलेक्जेंडर ने कहा था कि कोरियन बिल्डरर्स काफी काफी योग्य, मेहनती और सबसे मुश्किल परिस्थितियों में काम करने के लिए तैयार हैं. उत्तर कोरिया के बिल्डर डोनबास में नष्ट हुए बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे. बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध 24 फरवरी को शुरू हुआ था. इसके बाद से दोनों देश में संघर्ष चल रहा है. जहां पश्चिमी देश जैसे की अमेरिका, ब्रिटेन आदि यूक्रेन के पक्ष में है. दूसरी तरफ भारत ने रूस और यूक्रेन शांति और बातचीत के जरिए मुद्दा सुलझाने को कहा है.

## जिस नवजात बच्ची को खेत में दफना आए थे मां-बाप,वह जिंदा मिली, दंपति गिरफ्तार

अहमदाबाद, 6 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात के साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर के गंभोई में गुरुवार को जीईबी के पास एक खेत में गड़ी नवजात बच्ची जीवित मिली थी. स्थानीय लोगों ने जब जमीन खोदी और उसे बाहर निकाला तो बच्ची जिंदा थी. उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया. उस नवजात बच्ची के माता-पिता मिल गए हैं. दंपति ने अपने निवेदन में कहा है कि उन्होंने ही जीवित बच्ची को पास के खेत में दफनाया था, क्योंकि परिवार की आर्थिक स्थिति नाजुक होने के कारण वे दूसरे बच्चे का भरण-पोषण नहीं कर सकते थे. माता-पिता को काडी तालुका में नंदसन के पास डंगरवा गांव से गिरफ्तार किया गया है. पिता पिछले 15 दिनों से अपने ससुराल गंभोई आया था. गंभोई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की है.

## दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | कर्क | में | कर्क... 04-30 | बजे |
| चंद्र- | वृश्चिक | में | सिंह... 06-42 | बजे |
| मंगल | मेष | में | कन्या 08-50 | बजे |
| बुध- | सिंह | में | तुला - 10-54 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | वृश्चिक 13-04 | बजे |
| शुक्र- | कर्क | में | धनु--- 15-18 | बजे |
| शनि- | मकर | में | मकर- 17-24 | बजे |
| राहु- | मेष | में | कुंभ - 19-15 | बजे |
| केतु- | तुला | में | मीन... 20-54 | बजे |
| | | | मेष-- 22-29 | बजे |
| | | | वृष-- 00-14 | बजे |
| | | | मिथुन..02-14 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- 2079
शक संवत -1944, कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426878
कलियुग संवत् -5123 वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् -1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885123
महावीर निर्वाण संवत् -2548,हिजरी सन् -1443
ऋतु-वर्षा, दिशाशूल- पश्चिम -पान खाकर घर से निकले
तिथि- दशमी - 23-50 - राततक उपरान्त, एकादशी
मास - श्रावण शुक्ल पक्ष , रविवार, 07 August
नक्षत्र -अनुराधा - 16 -30 - तक,उपरान्त, ज्येष्ठा
योग - ब्रह्म - 10 - 01 - तक उप- ऐन्द्र
करण- तैतिल - 13 -05 - तक उप- गर
विशेष:-
व्रत -त्योहार - पूर्ण रवि योग

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 17:09 से 18:45 तक**

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:00 - 07:34 | अशुभ | शुभ | 18:45 - 20:10 | शुभ |
| चंचल | 07:34 - 09:10 | शुभ | अमृत | 20:10 - 21:34 | शुभ |
| लाभ | 09:10 - 10:46 | शुभ | चंचल. | 21:34 - 22:58 | शुभ |
| अमृत | 10:46 - 12:22 | शुभ | रोग | 22:58 - 00:22 | अशुभ |
| काल. | 12:22 - 13:58 | अशुभ | काल. | 00:22 - 01:46 | अशुभ |
| शुभ. | 13:58 - 15:34 | शुभ | लाभ | 01:46 - 03:10 | शुभ |
| रोग | 15:34 - 17:09 | अशुभ | उत्पात | 03:10 - 04:34 | अशुभ |
| उत्पात | 17:09 - 18:42 | अशुभ | शुभ | 04:34 - 06:00 | शुभ |

# चंडीगढ़ जिला अदालत में पेश हुए सीएम भगवंत मान

### 2020 में सीएम आवास घेरने के मामले में मिली जमानत



चंडीगढ़, 6 अगस्त (एजेंसियां)। चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास के घेराव के दौरान दंगा भड़काने और पुलिसकर्मियों से झगड़ा करने के मामले में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शनिवार को जिला अदालत में पेश हुए। इस दौरान मंत्री हरपाल सिंह चीमा, सरबजीत कौर और नरेन्द्र शेरगिल भी मौजूद रहे। सुनवाई के बाद अदालत ने अग्रिम जमानत पर चल रहे इन आप नेताओं को जमानत दे दी है। मामला 2020 का है। 10 जनवरी 2020 को आम आदमी पार्टी ने बिजली के मुद्दे पर पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की कोठी का घेराव किया था। सेक्टर 3 थाना पुलिस ने आप नेताओं को रोकने का प्रयास किया तो आप नेताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने आप नेताओं पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। भगवंत मान समेत अन्यों पर पुलिस ने दंगा करने, हमला करने, पुलिस की ड्यूटी में बाधा पहुंचाने और सरकारी आदेशों का उल्लंघन करने जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया था। इस मामले में लगभग 800 अज्ञात कार्यकर्ताओं पर भी यह केस दर्ज हुआ था।

# ड्रैगन की हरकतों पर लगेगा अंकुश!

## एलएसी के करीब इंडिया-अमेरिका ज्वाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज की तैयारी



वाशिंगटन, 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारत से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन की आक्रामक गतिविधियों पर भारत ने अब कड़ी लगाम कसने की तैयारी की है. अमेरिका के साथ भारत चीन के साथ विवादित सीमा से 100 किलोमीटर (62 मील) से भी कम दूरी पर एक संयुक्त सैन्य अभ्यास की तैयारी कर रहा है. ये सैन्य अभ्यास अक्टूबर के मध्य में उत्तराखंड के औली में 10,000 फीट की ऊंचाई पर आयोजित किया जाएगा. जिसमें ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में युद्ध के प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा. औली चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से लगभग 95 किलोमीटर दूर है, जो एक दुर्गम भूमि है. खबर के मुताबिक दोनों देशों का ये सैन्य अभ्यास एक वार्षिक संयुक्त अभ्यास के 18वें संस्करण के हिस्से के रूप में होगा. गौरतलब है कि जून 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में चीन सैनिकों और भारत के सैनिकों के बीच हुए खूनी संघर्ष के बाद से भारत और चीन के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं. गलवान की झड़प में कम से कम 20 भारतीय सैनिक और चार चीनी सैनिकों की मौत होने की खबर सामने आई थी. चीन के हाल ही में सीमा पर स्थित पैंगोंग त्सो झील के पार एक पुल का निर्माण करने से भी तनाव और बढ़ गया है. इसी साल भारत की यात्रा के दौरान अमेरिकी सेना के पैसिफिक कमांडिंग जनरल चार्ल्स फ्लिन ने विवादित सीमा के पास चीन के सैन्य जमावड़े को 'खतरनाक' बताया था. इस संयुक्त अभ्यास के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी रक्षा विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि भारत के साथ साझेदारी 'एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है.' प्रवक्ता ने कहा कि इस व्यापक प्रयास के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में संयुक्त सैन्य अभ्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं. ये युद्ध अभ्यास एक ऐसा वार्षिक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास है, जिसे दोनों पक्षों की सेनाओं की क्षमता में सुधार और क्षेत्रीय सुरक्षा की चुनौतियों की एक लंबी सीरिज से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है.

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आज आपसे अत्यधिक काम की अपेक्षा की जायेगी ,आप कुछ भी किस्मत के भरोसे या कोई छोटा सा भी काम किसी और के भरोसे नही छोड़ सकते। हालाँकि दिन के अंत में कोई बहुत अच्छी खबर मिलेगी जो आपके प्रयासों की सफलता से सम्बंधित होगी।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज अपना और आपनी सेहत का ध्यान रखना ना भूलें।आज स्वास्थ्य सम्बन्धी किसी समस्या की आशंका बन सकती है।बहुत ठंडा भोजन खाने से बचें।अगर पहले से ही कोई स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे है तो और अधिक ध्यान रखें।वित्तीय दृष्टि से ना फायदा ना नुकसान वाली स्थिति रहेगी।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यह तो आप देख ही चुके की आकस्मिक प्रवृति पर आधारित फैसले कई बार सही साबित नही हुए हैं,इसीलिए यह जरूरी है कि आप अपने फैसले तर्क की कसौटी पर कसकर ही करें। ऐसा करना और भी जरूरी है क्योंकि कोई ऐसा है जो आपका करीबी होते हुए भी आपके खिलाफ साजिश कर रहा है।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): काफी समय से जिस अटके काम को करने की सोच रहे हैं वह आज होने की उम्मीद है।खासी शारीरिक मेहनत करनी पड़ सकती है।आज सामाजिक और वित्तीय दृष्टि से भी लाभ प्राप्त होने की उम्मीद है।अपने प्रियजनों से किसी भी प्रकार के टकराव से बचें।सितारे कहते हैं की यदि आज कोई भी टकराव हुआ तो तुरंत बात बढ़ जायेगी।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यह समय दोस्तों के साथ हल्का -फुल्का समय गुजारने के लिए बहुत अच्छा है।कोई पार्टी करें या शाम को मस्ती के साथ गुजरें,आप पार्टी की जान बने रहेंगे।इस दौरान आप किसी ऐसे व्यक्ति से भी मिलेंगे जिसकी रुचियाँ आप जैसी होंगी और वो आप जैसे कार्यकलापों का आनंद लेगा।आपको अपनी क्षमता का अनुभव भी होगा।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): घर पर पवित्रता का वातावरण बना रहेगा और चिंताएं नही रहेंगी। इसीलिए अपने परिवार के साथ रहें और खुशियाँ बाँटें।आपको जीवन में निराशा से दो दो हाथ करने का नया तरीका निकलना होगा ,जो आपके भीतर कई कारणों से भरी हुई है। आपकी भीतरी शक्ति समाधान तलाशने में मदद करेगी।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने स्वतंत्र विचारों को अभिव्यक्त कर दें लेकिन आवाज को नीची रखें। पुरानी बातों में उलझे रहने के स्थान पर बदलाव के लिए जो कुछ जरूरी है उसपर फोकस करें। इस समय बेहतर यही होगा कि आप जिनके साथ रहते हैं उनके साथ विवादों में पड़ने की बजाय विवादों से दूर ही रहें।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): ।आपको अपने अंतरतम की भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थति भी आ सकती है आप को इससे थोडा सा डर रहेगा क्योंकि आपने इससे पहले ऐसा कभी नही किया है।लेकिन अगर आप ऐसा करेंगे तो आपको भावनात्मक संतुष्टि मिलेगी।आपका कोई करीबी भी आज भावनाओ में बहकर बात करेगा।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आज आपका मूड बदलता रहेगा।आप खुद भी यह नही समझ पायेंगे कि आप ऐसा क्यों महसूस कर रहे हैं और इस स्थिति को कैसे बदलें आपके इस प्रकार के व्यवहार से दुसरे भी उलझन में रहेंगे।फिर भी किसी भी स्थिति में इमानदार बनें रहें क्योंकि इसी से आपको अपने लक्ष्य पूरे करने में मदद मिलेगी।

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आपकी अपने पिछले समय में से किसी पुराने व्यक्ति से मिलने की सम्भावना है और यह व्यक्ति आपके भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सहायता करने और लेने में अपने पूर्वाग्रहों को आड़े ना आने दें ,इससे आपकी प्रगति के नए रास्ते खुल सकते हैं। अब कोई भी बदलाव नयी सफलता ही लाएगा।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आप जिसे अपना करीबी समझते हैं वो आपकी गुप्त बात को उजागर कर सकता है। बोलने से पहले सोच लें अपनी बातचीत का विषय अपने और सामने वाले तक ही सीमित रखें। किसी तीसरे के बारे में बात करने से बचें।किसी दूसरे शहर की यात्रा और इसके दौरान किसी पुराने दोस्त से मुलाकात की सम्भावना है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपने घर से जुडी किसी अच्छी खबर के लिए तैयार रहें। निवास स्थान में बदलाव संभव है या नया घर खरीदने की योजना को अंतिम रूप दे सकते हैं।अपनी सकारात्मक ऊर्जा का लाभ उठायें।अगर आप कुछ समय से अपने घर या इसके किसी हिस्से को को नया रूप देने के बारे में सोच रहे हैं तो यह समय इसके लिए बहुत अच्छा है।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# आजादी का अमृत महोत्सव

## ताजमहल समेत इन राष्ट्रीय स्मारकों में 15 अगस्त तक फ्री एंट्री, मुफ्त में करें दीदार



नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) देश भर के 150 स्मारकों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएगा. संस्कृति मंत्रालय के मुताबिक, इन स्मारकों पर झंडा फहराने के साथ तिरंगे वाली लाइट से सजाया भी जाएगा. देश भर के 750 स्मारकों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और 5 अगस्त से 15 अगस्त तक देश भर के सभी केंद्रीय संरक्षित स्मारकों में फ्री एंट्री का ऐलान किया गया है.

एएसआई के 37 सर्किल आजादी के अमृत महोत्सव के प्रतीक के रूप में स्थानीय लोगों को शामिल करते हुए कई कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे. इन आयोजनों में वृक्षारोपण अभियान, स्कूल संवाद, लेक्चर्स, मेडिकल कैंप और बच्चों के जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया था. पीएम मोदी ने लोगों से अपील की थी कि भारत की आजादी के 75 वें वर्ष पूरे होने के मौके पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं. इसके पीछे मकसद लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और जनभागीदारी की भावना से आजादी का अमृत महोत्सव मनाना है. संस्कृति मंत्रालय के मुताबिक, अभियान में राज्य, केंद्र शासित प्रदेश और मंत्रालय पूरे जोश के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं. देश की देशभक्ति और एकता को दर्शाने के लिए स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े विभिन्न स्थानों पर लोगों से जुड़े कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. भारत सरकार ने पूरे भारत में झंडों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं. देश के सभी डाकघर 1 अगस्त, 2022 से झंडे बेचना शुरू कर दिए हैं. इसके अलावा, राज्य सरकारों ने भी झंडे की आपूर्ति और बिक्री के लिए कई करार किए हैं. सरकार ने झंडे की सप्लाई के लिए कई ई-कॉमर्स वेबसाइटों के साथ भी करार किया है. आजादी का अमृत महोत्सव की पहल पीएम मोदी ने 12 मार्च, 2021 को भारत की आजादी के 75 गौरवशाली वर्षों को मनाने के लिए शुरू की थी.

## भंडारा में महिला से सामूहिक दुष्कर्म, सड़क किनारे निर्वस्त्र पड़ी मिली

भंडारा, 6 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में 35 साल की एक महिला के साथ तीन लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दरिंदे उसे दुष्कर्म के बाद सड़क किनारे निर्वस्त्र फेंक कर भाग गए निकले। भंडारा की करधा पुलिस थाने के इंस्पेक्टर राजेश थोरात ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक पुल के समीप महिला निर्वस्त्र पड़ी है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल भेजा। उसके बयान दर्ज कर लिए गए हैं। थोरात ने बताया कि पीड़ित महिला को नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। आगे की जांच गोंदिया पुलिस को सौंप दी गई है।

गोंदिया एसपी उधर, गोंदिया के एसपी विश्व पंसारे ने बताया कि हमने केस दर्ज कर लिया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# मदरसे के बुरे लोगों से सहानुभूति नहीं, उनके मिलते ही गोली मार दे सरकार

## एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल

गुवाहाटी, 6 अगस्त (एजेंसियां)। एल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने कहा है कि मदरसे के बुरे लोगों से उनकी कोई सहानुभूति नहीं है। उन्होंने कहा कि वे लोग जहां-कहीं भी मिलें, सरकार उन्हें गोली मार दे। बदरुद्दीन अजमल ने कहा, 'अगर मदरसा में 1-2 बुरे टीचर हैं तो सरकार जांच करे और उन्हें हिरासत में ले। जांच पूरी होने पर उन्हें उठाए और जो करना चाहे करे।' बदरुद्दीन अजमल ने कहा, 'अगर उन लोगों की वजह से पूरे मुस्लिम सुमदाय को जिहादी कहा जाएगा तो यह जिहाद नहीं है, यह आतंकवाद है। सरकार को उन्हें रोकना चाहिए। उन्हें अपनी सीमाओं की रक्षा करनी चाहिए और अपनी खुफिया जानकारी को मजबूत करना चाहिए।'

**'भारत का पैसा वित्त मंत्री के पास तो...'**

बदरुद्दीन अजमल ने आम लोगों की पीड़ा के प्रति सरकार की कथित उदासीनता के लिए सत्ताधारी पार्टी के नेताओं की आलोचना की।



उन्होंने सबसे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाना साधते हुए कहा, 'भारत का पैसा वित्त मंत्री के पास है। उन्हें कैसे पता चलेगा कि एक व्यक्ति कुछ खरीदने के लिए कितना खर्च करता है?' एआईयूडीएफ प्रमुख ने भगवा पार्टी के मंत्रियों और सांसदों पर कटाक्ष किया कि वे स्पष्ट रूप से इस बात से अनजान थे कि बढ़ती कीमतों से जनता कैसे प्रभावित हो रही है। उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों और बीजेपी सांसदों से अपनी पत्नियों से महंगाई के बारे में पूछने के लिए कहा है। उन्होंने कहा, 'किसी भी मंत्री के लिए कोई महंगाई नहीं है। भाजपा सांसदों को अपनी पत्नियों से पूछना चाहिए कि वे रसोई कैसे चला रहे हैं। सरकार को ध्यान देना चाहिए अन्यथा 2024 में महंगाई उनकी सरकार को खा जाएगी।'

## शहडोल में शिकारियों ने बिछाई वायर, करंट लगने से तेंदुएं की मौत, दो शिकारी गिरफ्तार



शहडोल, 6 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में शिकारियों ने जंगली जानवर का शिकार करने के लिए करंट वाली वायर बिछाई थी। इसकी चपेट में आने से एक तेंदुएं की मौत हो गई। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। शहडोल के वन मंडल अधिकारी (उत्तर) गौरव चौधरी ने बताया कि पूर्ण वयस्क तेंदुएं की लाश ब्योहारी रेंज के खारपा बीट में झाड़ियों में बरामद हुई है। अलर्ट करने पर संजय टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वॉड को सुराग हासिल करने के लिए तैनात किया गया था। शुरुआती जांच में पता चला है कि शिकारियों ने किसी अन्य जानवर को पकड़ने के लिए वायर बिछाई थी। उसकी चपेट में तेंदुआ आ गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। शिकारियों ने इसके बाद तेंदुएं की लाश को झाड़ियों में ठिकाने लगाया और फरार हो गए। चौधरी ने कहा कि इस मामले में हमने दो लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ जारी है। तेंदुआ करीब सात साल का है। ऐसा लग रहा है कि उसकी मौत दो-तीन दिन पहले हुई है।

# 25 घंटे से नहीं गया था टॉयलेट, पेट में थे 127 कैप्सूल भरी थी हेरोइन, मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार



मुंबई, 6 अगस्त (एजेंसियां)। अंगोला के एक नागरिक को मुंबई में हेरोइन की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अंगोला नागरिक हेरोइन की तस्करी अपने पेट में छिपाकर कर रहा था. कस्टम विभाग द्वारा उससे 1.5 किलो हेरोइन जब्त की गई है. जब्त की गई हेरोइन की कीमत इंटरनेशनल मार्केट के हिसाब से 10.45 करोड़ आंकी गई है. यह गिरफ्तारी गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर की गई. बता दें कि इसी महीने तस्करी के मामले में अंगोला के नागरिकों की गिरफ्तारी पहले भी हुई है. एक महीने में यह तीसरी बार है, जब अंगोला के किसी नागरिक को देश में नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. ताजा मामले में कस्टम विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने 31 जुलाई को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अदीस अबाबा से इथियोपियाई एयरलाइंस द्वारा पहुंचे नेलो नदाबो को तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है. '25 घंटे तक नहीं गया था शौचालय' आरोपी ने नशीली दवाओं के कैप्सूल को अपने पेट में छुपा रखा था. आरोपी 20 से 25 घंटे तक शौचालय नहीं गया था. इसके कारण उसके पेट में सूजन हो गया था. एक अधिकारी ने कहा कि 'प्रारंभिक पूछताछ के दौरान, आरोपी ने स्वेच्छा से हमें बताया कि उसने नशीली दवाओं के कैप्सूल को अपने पेट में छुपा रखा है. कैप्सूल के कारण उसके पेट में सूजन हो गया है. वह तकरीबन 20-25 घंटे से शौचालय नहीं गया है. वह पेट में अत्यधिक दर्द के साथ बेचैनी महसूस कर रहा था.'

**'पेट से निकले 127 कैप्सूल'**

अधिकारी ने कहा कि नेलो नदाबो को जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया. अस्पताल में उसके पेट से 127 कैप्सूल निकाले गए. निकाले गए कैप्सूल में सफेद पाउडर कथित तौर पर हेरोइन था. अधिकारियों के अनुसार नेलो ने उन्हें बताया कि वह जानता था कि पेट में कैप्सूल रख कर ड्रग्स की तस्करी करना जोखिम भरा था, इसके साथ ही यह उसकी जान भी ले सकता था. लेकिन उसने कहा कि उसने ऐसा आर्थिक कारणों से किया था. नेलो के मुताबिक उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, जिस कारण उसे यह काम करना पड़ा.

# दिल्ली में शराब पर डिस्काउंट पूरी तरह होगा खत्म



नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में एक सितंबर के बाद शराब की बिक्री पर किसी तरह की छूट या ऑफर नहीं मिलेगा। सभी दुकानों पर शराब की बिक्री निर्धारित कीमतों पर ही की जाएगी। आबकारी विभाग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि अगर कोई भी दुकानदार निर्धारित मूल्य से कम या ज्यादा पर शराब बेचता पाया जाता है तो उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। अभी तक वित्तीय वर्ष 2021-22 की नई नीति के तहत शराब की बिक्री पर दुकानदारों को निर्धारित कीमतों पर छूट देने और बिक्री बढ़ाने के लिए ऑफर देने का भी अधिकार था लेकिन पुरानी व्यवस्था के तहत शराब की दुकानें खोले जाने पर यह व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। शराब की दुकानों के अंदर लोग खड़े होकर आराम से शराब खरीद सकें, इसके लिए राजधानी के अंदर 20 नई प्रीमियम दुकानें खोली जाएगीं। इसमें एयरकंडीशन, बैठने की सुविधा से लेकर अपने पसंद की शराब को चुनने का भी विकल्प होगा। सरकार ने नई पॉलिसी में भी इस तरह की व्यवस्था की थी, जिसमें एक सितंबर के बाद लागू होने वाली पुरानी नीति में भी जारी रखने का फैसला लिया है। पहले चरण में एक सितंबर से आठ दुकानें खोली जाएगी और उसके बाद 31 दिसंबर तक 12 अन्य दुकानों को खोला जाएगा। ध्यान रहे कि सरकार की तरफ से चार विभाग अब शराब की बिक्री करेंगे, जिसमें डीटीटीडीसी, डीएसआईआई डीसी, डीसीसीडब्ल्यूएस, डीएससीएससी शामिल हैं। सभी विभागों को लक्ष्य दिया गया है कि वो पांच-पांच दुकानें प्रीमियम श्रेणी की खोलेंगे। पहले चरण में दो -दो दुकान खोलनी होंगी। नई नीति के तहत सरकार ने दिल्ली में ड्राई-डे की संख्या को कम कर दिया था लेकिन अब पुरानी नीति के लौटने के बाद राजधानी में ड्राई-डे की संख्या फिर से पुरानी नीति के तहत 21 हो जाएगी। ड्राई-डे के मौके पर शराब की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहती है, जिससे 17 नवंबर 2021 से लागू हुई नई नीति के अंदर घटाकर कम कर दिया था।

# साहित्य का मुकुट : राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त

अतुल कुमार




**आज़ादी का** अमृत महोत्सव मनाते हुए राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त की लिखी कविता की पंक्तियां " जो भरा नहीं है भावों से ,बहती जिसमें रसधार नहीं वह हृदय नहीं है पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं " याद हो आयीं यह कविता आज भी देश प्रेम और स्वाभिमान जागृत करने के लिये काफी हैं । वर्तमान में देश की अनेकता में एकता को और बलशाली बनाने तथा युवा पीढी को स्वतंत्रता संग्राम के रण वीरों की जानकारी देने के प्रयास चल रहे हों तब मैथिली शरण गुप्त की बरबस याद आती है । सन 1912 में जब देश अंग्रेज़ों के शासन से स्वतंत्र होने के प्रयास कर रहा था तब मैथिली शरण गुप्त की लिखी कृति " भारत भारती " ने खूब प्रसिद्धी पायी । उनके राष्ट्रप्रेम से महात्मा गांधी इतने प्रभावित हुए कि उन्हें राष्ट्र कवि की उपाधि से अलंकृत किया । " भारत भारती " ग्रंथ देश की विशालता और उसकी एकता का सुंदर उदाहरण है । उनके काव्य में समाज सुधार ,राष्ट्रीय भावना जन जागरण की प्रवृत्ति और युग बोध विद्यमान है उनकी राष्ट्रीय चेतना भारतीय साहित्य में महत्वपूर्ण स्थान रखती है ।उन्हीं के प्रयासों के कारण राष्ट्रीय एकता , राष्ट्र प्रेम , और राष्ट्रीय चेतना हिंदी काव्य जगत के प्रमुख विषय बने ।" भारत भारती " की रचना कर भारतीय जन मानस के सम्मुख उसके अतीत वर्तमान और भविष्य का ऐसा सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया कि युवा पीढी अपना सर्वस्व न्योछावर कर स्वतंत्रता की लडाई में कूदने लगी ।

राष्ट्रवादी भावना के दृष्टिकोण से मैथिली शरण गुप्त ,रवींद्र नाथ टैगोर , इकबाल और नज़रुल इस्लाम की परंपरा के कवि थे उनके काव्य में देश के प्रति त्याग और बलिदान की भावना है। अपने काव्य में सद्भाव की भावना पर विशेष ज़ोर दिया। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की मानवता ,करुणा , त्याग आदि से प्रभावित्त थे ।बाद में उनके राष्ट्रीय शंख नाद का अनुसरण माखन लाल चतुर्वेदी , बालकृष्ण शर्मा नवीन ,सुभद्रा कुमारी चौहान और रामधारी सिंह दिनकर ने किया । मैथिली शरण गुप्त की कविताओं का प्रभाव राष्ट्रीय नेताओं पर भी पडा ।आजीवन शोषण और अमानवीय व्यवहार के विरोध में स्वर उठाते रहे।" भारत भारती " की भूमिका में लिखा कि " यह बात मानी हुई है कि भारत की पूर्व और वर्तमान दशा में अंतर है ।एक समय था कि यह देश विद्या ,कला ,कौशल और सभ्यता में संसार का शिरोमणि था और एक समय है कि इन्हीं बातों में इसकी स्थिति कमज़ोर हुई जिसे वापस पाना होगा "

डा नगेंद्र के अनुसार " भारत भारती " की लोकप्रियता खडी बोली की विजय पताका सिद्ध हुई ।उनकी पहली काव्य रचना "रंग में भंग ' ( लघु खंड काव्य ) सन 1909 में प्रकाशित हुआ ।9 वर्ष की उम्र में शिक्षा छोड दी इसके बाद स्वाध्याय द्वारा कई भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया। खाने के बहुत शौकीन थे विशेषकर बुंदेलखंडी भोजन उन्हें काफी पसंद था इसके लिये एक रसोइया भी रखा था ।रसोइये के अनुसार वह बहुत अनुशासित जीवन यापन करते सुबह जल्दी उठ चाय पी अखबार पढते रसोइया गिरधारी जब 16 वर्ष का था तभी से उनके साथ रहता ।उसके हाथ की बनी दाल, सब्जी और रोटी उन्हें बहुत पसंद थी यही उनका भोजन होता ।शाम को छः बजे के बाद खाना नहीं खाते थे ।प्रायः उनके घर बडे कवि रामधारी सिंह दिनकर और महादेवी वर्मा आते और साहित्यिक विषयों पर चर्चा करते । जब भी कोई मेहमान उनसे मिलनेआता उसे मीठा ,नमकीन और चाय अवश्य पिलाते और कहते नमक और चीनी संबंधों को मज़बूती देते हैं ।

कम लोग जानते हैं कि वह अच्छी बाल कविताएं भी लिखते इन कविताओं से बाल काव्य को समृद्ध किया उनकी लिखी "मां कह एक कहानी " "सर्कस " और "ओला" बाल कविताएं लोकप्रिय हुईं । कई मोटिवेशनल कविताएं भी लिखीं उदाहरण के लिये इस कविता को पढ़ें " नर हो न निराश करो मन को / कुछ काम करो ,कुछ काम करो /जग में रह के कुछ निज नाम करो /यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो / समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो / कुछ तो उपयुक्त करो तन को /नर हो न निराश करो मन को / संभलो कि सुयोग न जाए चला / मैथिली शरण



गुप्त का जन्म 3अगस्त 1886 को चिरगांव ,झांसी उत्तर प्रदेश में हुआ उनके पिता सेठ राम चरण एक निष्ठावान प्रसिद्ध राम भक्त थे "कनक लता " उप नाम से वह कविताएं लिखा करते और प्रभु राम में उनकी अटल आस्था थी ।गुप्त जी को काव्य प्रतिभा और राम भक्ति पैतृक विरासत में मिली ,बाल्या वस्था में एक बार एक छंद लिख अपने पिता को दिखाया तो उसे पढ आशीर्वाद दिया कि "तू आगे चल कर हमसे हज़ार ग़ुणा अच्छी कविता करेगा " और यह आशीर्वाद इतना फलीभूत हुआ कि वह साहित्य के शिरोमणि बने ।

मैथिली शरण गुप्त स्वभाव से लोक कवि थे अपने युग की समस्याओं के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील थे ।उनकी रचनाएं जागरण ,सुधार और राष्ट्रीय चेतना से गुंजायमान थीं ।लाला लाजपत राय , बाल गंगाधर तिलक , गणेश शंकर विद्यार्थी ,मदन मोहन मालवीय और महात्मा गांधी से प्रभावित थे ।महात्मा गांधी केसंपर्क में आने के बाद गांधी वादी विचार धारा से प्रभावित हुए । उनकी कविताओं में क्रांतिकारी स्वर " जयद्रथ वध " में भी सुनायी देता है । हिंदी ,संस्कृत ,बांग्ला ,बृज भाषा ,और अंग्रेज़ी के अच्छे ज्ञाता थे । खेल कूद में भी बहुत रमते। सन 1916 – 17 में " साकेत " महाकाव्य का लेखन शुरु किया स्वयं का प्रेस स्थापित कर पुस्तकें प्रकाशित करने लगे ।"पंचवटी " सन 1931में और" यशोधरा " सन 1932 में लिखीं जिससे हर तरफ उनके काव्य की चर्चा होने लगी जो आज भी यथावत होती है। भला कोई साहित्य रसिक " चारु चंद्र की चंचल किरणें खेल रही हैं जल थल में ,स्वच्छ चांदनी बिछी हुई है अवनि और अंबर तल में " ( पंचवटी ) को कैसे भुला सकता है । हर कार्तिक पूर्णिमा को इन पंक्तियों का विशेष उल्लेख आज सोशल मीडीया पर भी देखने को मिलता है ।

मैथिली शरण गुप्त ने बृजभाषा में भी कविताएं लिखीं लेकिन उनकी काव्य भाषा खडी बोली थी जिससे वह आम पाठकों में लोकप्रिय हुए । सरल ,सरस और आम शब्दों को ले जिन कविताओं को रचा वह साहित्य प्रेमियों के मन मंदिर में बैठ गयीं और उसे वह गाने भी लगे । प्रबंध काव्य ,खंड काव्य , गीति नाट्य , भी लिखे । नारी चेतना के प्रबल समर्थक थे ।भारतीयता और नारी स्वाभिमान जागृत करनेवाले कालजयी कवि थे । उनकी नारी सामर्थ्य का परिचय देते हुए कहती है कि " औरों के हाथों यहां नहीं पलती हूं / अपने पैरों पर खडी आप चलती हूं / ( साकेत ) नारी मन की मनोदशा को बताते हुए लिखा " अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी ,आंचल में है दूध और आंखों में पानी " ।उनकी प्रमुख कृतियां " पंचवटी " " झंकार " " विश्व वेदना " " तिलोतम्मा " और "साकेत " आदि हैं ।उनके प्रिय जन और पाठक उन्हें उप नाम "दद्दा " से पुकारते थे ।

मैथिली शरण गुप्त के काव्य का मूल्यांकन करते हुए आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य का इतिहास में लिखा कि " गुप्त जी प्रतिकृया का प्रदर्शन करनेवाले या मद में झूमने वाले कवि नहीं हैं । सब प्रकार की उच्चता से प्रभावित होने वाला हृदय उन्हें प्राप्त है प्राचीन के प्रति पूज्य भाव और नये के प्रति उत्साह दोनों इनमें हैं " उनकी बहुत सी रचनाएं "रामायण " और "महाभारत " पर आधारित हैं "साकेत "की पात्र लक्ष्मण जी की पत्नी उर्मिला के त्याग से इतने प्रभावित थे अपने बेटे का नाम उर्मिल चरण रखा । प्रत्येक वर्ष महादेवी वर्मा उन्हें राखी बांधने आतीं उन्हें अपना भाई मानती थीं । वह 12 वर्षों तक राज्य सभा के सद्स्य रहे ।12 दिसंबर 1964 का दिन भी आम दिनों जैसा था और दिनों की तरह वह साहित्य साधना कर रहे थे पर यह पता नहीं था कि आज लिखी उनकी कविता की पंक्तियां जीवन की अंतिम पंक्तियां होंगीं संसार छोडने के अंतिम दो घंटे पहले लिखा " प्राण न पागल हो तुम यूं ,धरती पर अब मोह कहां मोहमयी छलना भर है ,भटकों न अहो तुम " लिख काव्य के इस महान चितेरे ने संसार को त्यागा ।

मैथिली शरण गुप्त हिंदी के अनन्य हितैषी और समर्थक थे सदैव हिंदी को अपनाने और उसके उपयोग को बढाने पर बल देते । भारतीय साहित्य में जिस विराट यशस्वी साहित्य की रुजना की उससे वह कालजयी और अमर रहेंगे ।इसलिये हम कह सकते हैं "वह साहित्य का मुकुट "थे ।

## पिंजरे में बसा तन

सोने के पिंजरे में था एक मन
वन में गया इस पंछी का तन
कौन जाने सोने के पिंजरे में
ख्वाब सजा था पर तन
पिंजरे से दूर स्वाधिन
पर्वतों के आगोस में
रचा बसा था।
स्वाधिनता के ख्वाबों के समीप
जाने की ख्वाईश थी
मन भी स्वाधिन तन में
समाने को लालायित थी
छू-छू कर अनिमेष पटल से
अवलोक कर रह गया तन , मन से दूर,
फिर न बन सका ख्वाबों में बसा
वह स्वाधिनता का पूर,
कौन जाने तन मन में या
मन तन में बसा था,
बस ख्वाबों को रचता
बंद सोने के पिंजरे में
ये मन बसा था।।

--प्रभात कुमार

## चंचल मन के चितवन

अभी कुछ पल बाकी है
जी लेने दो मुझकों।
कितने सुख- दुःख के टुकड़े
पसरे है मेरी झोली में।
रंग बिरंगे फूल खिले है
मेरे आँगन के बगीचे में ।
खेल रही है आँख मिचौली
सावन की ये काली बदरी।
कितने हर सृंगार झरे है
कितनी महक रही चमेली।
बूंदाबांदी शुरू हो गई
इसे पिरो कर हार बना लूँ
या सहेज लूँ आँखों में।
बांध घुँघरू पाँवों में
छम - छम कर नाचूँ आँगन में।
बस इतनी ही तो ख्वाहिश है
करने दो अबकी सावन में।
हाँ अभी कुछ पल बाकी है
जी लेने दो चंचल मन के चितवन में।

-- लवली आनंद
मुजफ्फरपुर , बिहार

# काव्य कुंज

## घर घर फहरे तिरंगा



जे. गंगाधर 'गंध'
जियागुडा,हैदराबाद

घर घर फहरे तिरंगा
मन मन भाये तिरंगा
जन जन माने तिरंगा
हर जगह छाये तिरंगा
चाहे कोई माने ना माने
हर कोई दिल से है जाने
हमारी आन-बान शान है तिरंगा
हमारी खास पहचान है तिरंगा
राजनीति के दल-दल से उठकर
मजहबी की कट्टरता से हटकर
देश के लिए आगे बढ़े डटकर
स्वाभिमान के साथ उभरकर
बीते हर आंदोलनों में थामा
जब कुछ घर-घर पर था छाया
फिर क्यों भला इस बार हम चूकें
आजादी के अमृतोत्सव पर झूमके
चलो चले फहरायेंगे तिरंगा
देखो दिखे घर घर पहरे तिरंगा ।

## मां भारती को झुकने ना दिया...



ओमकार सर्डिवाल

किस कदर हम ने जान देकर भी
मां भारती को झुकने ना दिया।
शीश पर शीश चढ़ाते गए,
कभी यह पद बिखरने न दिया।
सांसो की झड़ी टूटे
अंत समय तक अपना जीवन दिया।
मेरे देशवासियों पर आंच ना आए,
इसीलिए खुद को समाप्त कर दिया।
किस कदर हम ने जान देकर भी
मां भारती को झुकने ना दिया...
हमारी कुर्बानी व्यर्थ ना जाए
इसका सम्मान तुम रखना।
तिरंगे की खातिर जो बलिदान
हमने दिया उसे तुम याद रखना।
जब भी मौका मिले उस तिरंगे में
हमारी छवि तुम देख लेना।
ज्यादा नहीं दो पल ही उसके
आगे नतमस्तक तुम होना।
किस कदर हम ने जान देकर भी
मां भारती को झुकने ना दिया...
अगर धुंधली पड़ जाए हमारी यादें
उसे हमेशा साफ करते रहना।
नवजातों को हमारे किस्से सदा तुम सुनाते रहना।
वीर धीर की गाथाएं सुनकर
उन्हें नवयुवक बनाते रहना।
मां भारती की राहों में उन्हें सदा सजाते रहना।
किस कदर हम ने जान देकर भी
मां भारती को झुकने ना दिया...

## तन्हा



सुधीर केवलिया

शोर मचाती हुई तेज रफ़्तार से
आकर टकराती हैं साहिल से
समन्दर की मौजें
बिखरकर लौट जाती हैं खामोशी से.....
नहीं पाता हूं
अब अपने कदमों के निशाँ
साहिल पर बनते थे जो
कभी आधे कभी पूरे से........
आज भी पड़े हैं
हमारे बिखरे हुए मिट्टी के घरोंदे
तुम्हारे लौट जाने के बाद
बिखर चुके हैं हमारे ख़्वाब
न चाहकर भी उन घरोंदों से........
आज भी शांत समन्दर की बेवफ़ा मौजें
आकर टकराकर साहिल से लौट जाती हैं
टूट जाता है अंदर से साहिल भी
लहरों की खामोशी और अपनी तन्हाई से.....
झांकता हूं जब भी अपने अंदर
पाता हूं खुद को टूटा हुआ और तन्हा
घिरा हुआ बिना किसी हलचल के ' सुधीर '
अजीब सी खामोशी से.......

## खुशी गम



टी तारासिंह
हैदराबाद

किसी को कहानी बताये किसी को राज बताये
ये दिल की बात है किसी को सच ना बताये
जिंदगी चलती सुख दुःख से खुशी गम से
माना के ठोकर खाकर इंसान सुधर जाता
अपनी आप बिति किसी को ना बताता
गम है तो दुनिया है खुशी है तो हम सब है
किसी का सच दुसरो के लिए हसी बन जाता
दुनिया वाले सच पर यक़ीन नही करते
झूठ से ही हम सब गुमराह हो जीते
सच से सबको डर ही रहता गिला रहता
जिंदगी की कहानी हम सब की एक जैसी ना हो
नसीब में लिखा दर्द तो सहना पडेगा
उलझन है शिकवा है खलल है जिंदगी में
पहेलियाँ है तालमेल टूटा खुशियों से
मगर हालत से सबको लडना पड़ता झूझना पड़ता
रब का प्रकोप कब किस पर पडे मालूम नहीं होता ।।

## नारी ही है



*राजेन्द्र लाहिरी
पामगढ़*

नारी को नारी ही रहने दो
नारी नहीं किसी की रूप है,
वह खुद में एक स्वतंत्र व्यक्तित्व
थोड़ी छांव थोड़ी धूप है,
किसी के साए में मत बांधो,
किसी घेरे के फंदे में मत फांदो,
किसी का रूप देने से
वह स्वतंत्र कहां रह पाएगी,
खुद में है शक्ति
किसी के आगे क्यों गिड़गिड़ायेगी,
उन्हें नारी ही रहने दो, जगत की दुलारी ही रहने दो,
नारी नहीं किसी देवी का रूप उनका स्वतंत्र अस्तित्व है
स्वतंत्र है स्वरूप, क्यों बांधना चाहते हो
किसी पौरुशिय बंधन में, उन्हें आजाद रहने दो,
खुले गगन में उड़ने दो, अब तक बंधन में ही
बांधकर तो रखते आए हो, सदियों से अब तक
हर दिन सताये हो, और कितने दिनों तक,
कितनी सदियों तक, उनसे गुलामी करवाओगे,
बख्श दो, न कहो देवी, मत कहो स्वच्छंदिनी,
मत उकसाओ कि किसी दायरे में बंधकर रह जाए
बनकर किसी की नंदिनी, अपने नियमों में बांध
क्यों कहते हो कुलटा, अपनी सोच बदलो
जो सोचता है हरपल उल्टा, रहने दो आज़ाद,
वरना किसी दिन अपने पर आ गई तो
न पैदा होगा तू, न मैं, न रहेगी मानवीय सृष्टि।

## तनया होती तबस्सुम



सविता राज,
मुजफ्फरपुर बिहार

तनया होती तबस्सुम,
पुष्पों से मृदु वो,
रुनझुन रुनझुन
बाजे उसकी पायलिया ,
शहद घुली उसकी तरन्नुम,
प्रतीत हो गीत गाए कोयलिया।
मां की प्राणशक्ति उसमें,
पिता का अभिमान,
भाई,बहन की प्रिय सखी।
कन्या जन्म लेती जिस भवन,
साक्षात सरस्वती ,लक्ष्मी, दुर्गा निवास करती वहां।
करे जो इनका तिरस्कार, संपूर्ण सृष्टि में पाए न प्रतिष्ठा।
मां की ख्वाहिश ,मां की जन्नत,
तपस्या के पश्चात मिली वो मन्नत।
बेटियां होती मां की परछाई, पराए भवन गमन करती
अवश्य किंतु कभी न होती पराई।

## देख साथी! सावन आया



रमेश गायकवाड
रागा, हैदराबाद

साथी! सावन का महिना आया
पूजा पाठ चिंतन साथ ले आया
जन-मानस में भरा उल्लास
भक्ति भाव अमृत-रस पाया
शिवजी की आराधना अनुपम है गरिमा
मृत्युंजय पंचाक्षरी
मंत्रों से गूंज उठी वसुधा
भक्ति में लीन
होकर करते हैं अपार साधना
जल दूध रुद्राभिषेक से शिव की होती जयकारा
इसी माह में हुआ था सागर मंथन
देवों के देव हुए विजयी, हुए नीलकंठ
माना पुण्य, ज्योतिर्लिंग का होना दर्शन
भाग्य खुशहाली का छाया, भक्तों में बना ध्यान
शिव साधना में नर होते रोग मुक्त
प्राण मन देह बिन्दु पर नाद युक्त
ज्ञान-ध्यान, तप-जप से जीवन समृद्धि
कामनाएं महकती उपवन पूर्ण जीवन की
बूढ़े बच्चे सभी दीर्घायु का वरदान पाते
समस्त यातनाओं से ऊपर उठकर सम्मान पाते।।

## हर दिन होगी तीज



सत्यवान सौरभ

सावन में है तीज का, एक अलग उल्लास ।
प्रेम रंग में भीग कर, कहती जीवन खास ।
जैसे सावन में सदा, होती खूब बहार ।
ऐसे ही हर घर सदा, मने तीज त्योहार ।।
हाथों में मेंहदी रची, महक रहा है प्यार ।
चूड़ी, पायल, करधनी, गोरी के श्रृंगार ।।
उत्सव, पर्व, समारोह है, ये हरियाली तीज ।
आती है हर साल ये, बोने खुशियां बीज ।।
अगर हमीं बोते रहे, राग- द्वेष के बीज ।
होंगे फीके प्रेम बिन, सावन हो या तीज ।।
बोए मिलकर हम सभी, अगर प्रेम के बीज ।
रहे न चिन्ता दुख कभी, हर दिन होगी तीज ।।
प्यार-प्रेम सिंचित करें, हृदय यूं दे बीज ।
हरी-भरी हो जिंदगी, तभी सफल हो तीज ।।
भावहीन अब हो रहे, सभी तीज त्यौहार ।
लगे प्यार के बीज यदि, मिटे दिलों की रार ।।
सावन झूले हैं कहाँ, और कहाँ है तीज ।
मन में भरे कलेश के, सबके काले बीज ।।
मन को ऐसे रंग लें, भर दें ऐसा प्यार ।
हर पल हर दिन ही रहे, सावन का त्यौहार ।।

## ए मेरे मन



चंद्रप्रकाश शर्मा
हैदराबाद

जाने क्यों मेरा मन मुझे खींच लेता है
खयालों की दलदल में मुझे धकेल देता है
कुछ दम उसके साथ हो लेता हू
फिर उधेड़बुन में डूब जाता हूं
जाने क्यों मेरा मन
क्या गलत है क्या सही
समझ में नहीं आता ये मेरे ख्याल है
यह जंजीरे तोड़ नहीं पाता हु
कभी भूत और कभी भविष्य के जाल होते हैं
मछली की तरह तड़प के फस जाता हूं
वर्तमान में रह कर जीना नहीं आता
जाने क्यों मेरा मन क्षण क्षण में मेरे भाव बदलते हैं
कभी गुस्सा कभी हंसना और कभी रोना
साथ चलते रहते हैं जाने यह विचार कहां से आते हैं
संभल कर चलता हूं तो पांव फिसल जाता है
खयालो की दुनिया में डूब जाता हूं
यह रिश्ता मुझे मेरे अपनों से मजबूत लगता है
शायद मेरी सांसों से जुड़ा है
सांसे ठहरे तो मैं नहीं रहता
मैं चलूं तो मन नहीं मरताशायद यही वजह है
की इंसान खुद से नहीं मिलता
जाने मेरा मन क्यों दलदल में फंस जाता है

## सावन आता है



डॉ टी महादेव राव

मेघों का झुंड जब हर्ष से नगाड़े बजाता है
रिमझिम सी वर्षा लेकर सावन आ जाता है
भीगी डाल डाल पाती पाती मनोहारी
भीगे कण कण तृण तृण लगे श्रृंगारी
धरती की प्यास बुझाने घन जल बरसाता है
गगन से धरती पर ज्यों प्रवाल बिखरे
वर्षा से जन जीवन का सुभाग निखरे
चातक स्वाति बूंद पर प्यासे नयन बिछाता है
बड़े तरु के कोटर में दुबका हुआ तोता
शाखों की आड़ में बूढ़ा चिड़ा है सोता
सब में लाता परिवर्तन यह ऋतु मदमाता है
परबतों पर बारिश की छटा निराली है
प्रकृति की मस्ती मन भरमाने वाली है
प्रिया प्रेम की पीड़ा देकर विरह सताता है।।


## दुविधा



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

काश खुशनुमा हो मौसम और
मिले समुद्र का किनारा,
सुबह हो या शाम या रात,
निहारते रहें सुन्दर नजारा।
सूरज लालिमा की तो
बात ही कुछ होती निराली,
प्रकृति सौंदर्य अदभुद मनभावन, लगे प्यारा प्यारा।
कभी कभी बाजुओं की ताकत चरम सीमा पर आती,
हौसला बुलंद, धरती पर चमका दे गगन का सितारा।
जवानी की दहलीज भी होती है कितनी अजीब,
बदल जाता सब कुछ,कभी कोई लगे कितना न्यारा।
अकेले कभी कभी मिलता कितना अधिक सुकून है,
बंद कर ले दिल दरवाजे, दुनियादारी से मिले छुटकारा।
पत्थर दिल नहीं हम ,अश्क छुपाने की कला है हममें,
इसीलिए कहते सुना लोगों को, हमें मुस्कान का मारा।
मुस्कराहट की सीमायें भी अब तो चिढ़ाने लगी है,
कैसे बचें भीड़ भाड़ से,भीड़ भाड़ में दम घुटता हमारा!
दुविधा में पड़े,दिल का हाल सुनायें तो किसे सुनायें,
चार दिन की चांदनी बाद हर कोई अपने दिल से ही हारा।

## दामन में...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

इशक होता अगर, इस तरह तुम सताते नहीं
आँख मेरी पढ़ते, हर घडी आजमाते नहीं
क्यूँ दर्द सा उठता है, सीने में इस ख़लिश से
दामन में तुम छिपालोगे,ऐतबार दिल को
भींग रहे हैं कब से ,अश्कों की बारिश से
शोर बहुत है,तेरे मेरे.. का मौन लिखा करता..
देह प्रेम समझते,रिश्तों की डोरी लिखा ....है
इश्क नहीं मुमकिन,किसी एक की ख्वाहिश..
दामन में छिपालोगे, ऐतबार दिल को
भींग रहे हैं कब से अश्कों की बारिश से
दिल ले लिया, ज़ख्म चुभता शूल हो गए
सहज जिंदगी.. जमाने में फुजूल हो गए
आकर तुम निकालो, तक़दीर की गर्दिश से
दामन में छिपालोगे, ऐतबार दिल को
भींग रहे हैं कब से,अश्कों की बारिश से
जिंदगी तेरे साचे में हम तो जिए जाते हैं
न कोई शिक़वा न शिकायत, जिए जाते हैं
जीना हुआ है मुश्किल दीदार की बंदिश से
दामन में छिपालोगे, ऐतबार दिल को
भींग रहे हैं कब से अश्कों की बारिश से।।

## इंतज़ार तुम्हारा प्रियतम



मोनिका राज
माधेपुरा, बिहार

सुना है मैंने कि होती है
हर रात की सहर
बस इसलिए रखा है
मैंने भी यकीं उस रब पर
चाहे अलसुबह उठकर
निकल जाए खग कोसों दूर
पर उषाकाल से पहले
लौट ही आते है अपनी नीड़ में।
बस इसे ही देख कर
है उम्मीद-सी दिल के किसी कोने में कि लौट आओगे
तुम भी किसी दिन मेरी ज़िंदगी के सायंकाल से पहले
और तबतक ज़िंदा रखूंगी मैं
उस हरसिंगार के पौध को
जिसे कभी लगाया था हमने साथ में
जो प्रतीक है हमारे प्रेम की।
जब आओगे तुम पास मेरे,
तब उस दिन जी भरकर
रोउंगी मैं,लिपटकर तुमसे
करूँगी सारे शिकवे-गिले बताउंगी तुम्हे कि कैसे
गुज़ारे मैने इतने साल तुम बिन
लौट आओगे न तुम बस कह दो एकबार
जीवन के आखिरी मोड़ तक
राह देखूंगी मैं तुम्हारी।
मेरी तो बस ख़्वाहिश है इतनी ही कि जब कहूँ
मैं तुमको अलविदा तब हो तुम्हारे गोद मे मेरा सर
और अपनी अनंत यात्रा पर
शान से निकलूँ मैं तुम्हारे कंधे पर बैठकर
जाने ये ख़्वाहिश मेरी पूरी होगी
या अधूरी ख़्वाहिश की कसक लिये ही
हो जाउंगी मैं इस दुनिया से रुख़सत
आओगे न तुम प्रियतम बस एक आखिरी बार
मेरी माँग सजाओगे न प्रियतम।

## रक्षा बंधन




रेणुका अग्रवाल

सावन में आई बरखा बहार।
बाबुल के घर करके सिंगार ।
आया राखी का त्यौहार ।
आये याद भाई बहन का प्यार।
बचपन छूटा आया यौवन।
लाया साथ जिम्मेदारी । मां बाप ने लाड लडाया ।
अब सास ससुर की हूँ मैं प्यारी।
आज भाई व्यस्त विदेश में। कमाने गया परदेस में।
राखी भेजूँ आँसू बहाऊँ। कमी क्या थी अपने देश में।
जिनके पीहर पास है । उनके लगते ठाठ है।
आई राखी भाई आए । बचपन का उल्लास है।
थाल सजाऊँ राखी पहनाऊँ। करूं आरती भाई मनाऊँ।
मिठाई खिला फिर मुस्काऊँ।
काश फ़िर से बच्ची बन जाऊँ।
दिन यह लगे बड़ा ही प्यारा ।
आया बहना घर सिंजारा। शिव शक्ति की पूजा करके,
मिला साजन ससुराल प्यारा।
भाई कलाई राखी सजे।माथे रोली कुमकुम सजे।
कितना प्यारा लगता भैया।
बहना लेती भाई की बलैय्या।
सीमा पर फ़ौजी भाई डटे।
रक्षा करते देश की खड़े खड़े।
याद उनको बहना आई। पोस्ट से सबकी राखी आई।
सबने राखी पहनी ख़ुशी मनाई।
बहना को याद भाई की आई।
धन्य हुई धरती भारत की।
संसार में भारती माँ कहलाई।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# सैनिक स्कूल से पढ़ाई की, एनडीए और आईएएस में चयन भी हुआ




राजस्थान के छोटे से जिले झुंझुनू से निकलकर देश के दूसरे सबसे सर्वोच्च पद तक का सफर तय करने वाले धनखड़ की जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव आए। उन्होंने काफी संघर्ष किया। कैसे उन्होंने बचपन से लेकर अब तक का सफर तय किया और किन-किन परेशानियों से गुजरे? क्या-क्या उपलब्धियां हासिल की? जगदीप धनखड़ का जन्म 18 मई 1951 को राजस्थान के झुंझनू जिले के किठाना में हुआ था। पिता का नाम गोकल चंद और मां का नाम केसरी देवी है। जगदीप अपने चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर आते हैं। शुरुआती पढ़ाई गांव किठाना के ही सरकारी माध्यमिक विद्यालय से हुई। गांव से पांचवीं तक की पढ़ाई के बाद उनका दाखिला गरधाना के सरकारी मिडिल स्कूल में हुआ। इसके बाद उन्होंने चित्तौड़गढ़ के सैनिक स्कूल में भी पढ़ाई की। 12वीं के बाद उन्होंने भौतिकी में स्नातक किया। इसके बाद राजस्थान विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई पूरी की। 12वीं के बाद धनखड़ का चयन आईआईटी और फिर एनडीए के लिए भी हुआ था, लेकिन नहीं गए। स्नातक के बाद उन्होंने देश की सबसे बड़ी सिविल सर्विसेज परीक्षा भी पास कर ली थी। हालांकि, आईएएस बनने की बजाय उन्होंने वकालत का पेशा चुना। उन्होंने अपनी वकालत की शुरुआत भी राजस्थान हाईकोर्ट से की थी। वे राजस्थान बार काउसिंल के चेयरमैन भी रहे थे।

राजनीतिक सफर

धनखड़ ने अपनी राजनीति की शुरुआत जनता दल से की थी। धनखड़ 1989 में झुंझनुं से सांसद बने। पहली बार सांसद चुने जाने पर ही उन्हें बड़ा इनाम मिला। 1989 से 1991 तक वीपी सिंह और चंद्रशेखर की सरकार में उन्हें केंद्रीय मंत्री भी बनाया गया था। हालांकि, जब 1991 में हुए लोकसभा चुनावों में जनता दल ने जगदीप धनखड़ का टिकट काट दिया तो वह पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए और अजमेर के किशनगढ से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर 1993 में चुनाव लड़ा और विधायक बने। 2003 में उनका कांग्रेस से मोहभंग हुआ और वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। 2019 में जगदीप धनखड़ को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनाया गया।

मीडिया में जगदीप के छोटे भाई रणदीप का एक बयान आया है। रणदीप राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह बताते हैं कि छठवीं क्लास के बाद जगदीप चितौड़गढ़ सैनिक स्कूल चले गए। इसके बाद लॉ की पढ़ाई पूरी की और वकालत शुरू कर दी। रणदीप कहते हैं, 'मेरी और भइया की शादी भी एक ही दिन एक फरवरी 1979 को हुई थी। वो कभी राजनीति में नहीं आना चाहते थे। लेकिन उनके कुछ दोस्तों ने इसकी सलाह दी। उन्हीं के कहने पर भइया ने जनता दल जॉइन कर ली। 1988-89 में जनता दल की ओर से झुंझुनूं से सांसद का चुनाव लड़ा। वे जीत गए और पहली बार सांसद बनते ही कानून राज्य मंत्री भी बना दिए गए।'

धनखड़ की शादी 1979 में सुदेश धनखड़ के साथ हुई। दोनों के दो बच्चे हुए। बेटे का नाम दीपक और बेटी का नाम कामना रखा। लेकिन ये खुशी ज्यादा दिन नहीं रही। 1994 में जब दीपक 14 साल का था, तब उसे ब्रेन हेमरेज हो गया। इलाज के लिए दिल्ली भी लाए, लेकिन बेटा बच नहीं पाया। बेटे की मौत ने जगदीप को पूरी तरह से तोड़ दिया। हालांकि, किसी तरह उन्होंने खुद को संभाला। उनकी बेटी कामना की शादी कार्तिकेय वाजपेयी से हुई है।

# रात की ठंडी रोटी धनखड़ का ब्रेकफास्ट




झुंझुनूं के किठाना गांव के रहने वाले जगदीप धनखड़ आज भी अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। गांव में घुसते ही जगदीप धनखड़ का फार्म हाउस है। फार्म हाउस पर रहने वाले महिपाल ने बताया- भाईसाहब (जगदीप धनखड़) और भाभीजी (सुदेश धनखड़) ने साल 2008 में महिलाओं के लिए फ्री सिलाई ट्रेनिंग सेंटर खोला था जो आज भी जारी है। महिपाल ने बताया, 'भाईसाहब ने यहां बच्चों के लिए स्पोकन इंग्लिश क्लासेज और कम्प्यूटर कोर्स भी शुरू करवाए हैं। एक लाइब्रेरी भी बनवाई है। ये पूरा काम अब भाभीजी देखती हैं। वो हर दूसरे दिन फोन करके स्टाफ से पूरी जानकारी लेती हैं।'

सिलाई ट्रेनिंग सेंटर की इंस्ट्रक्टर सविता ने बताया- '15 साल में अब तक 2500 से ज्यादा महिलाओं को यहां फ्री ट्रेनिंग दी जा चुकी है, जो अब अपना काम करके पैसा भी कमा रही हैं। जरूरतमंद महिलाओं को यहां फ्री सिलाई मशीन भी दी जाती है। ट्रेनिंग के दौरान कपडे.और धागे से जुड़ा कोई भी खर्च महिलाओं को करने की जरूरत नहीं है।'

ट्रेनिंग सेंटर से बाहर कुछ और कमरे बने हुए थे। महिपाल ने बताया, 'भाईसाहब गांव में अंग्रेजी में बात करने वाले पहले शख्स थे। अब उनकी ख्वाहिश है, गांव का हर लड़का धड़ल्ले से अंग्रेजी बोले। इसी सोच के साथ कुछ साल पहले उन्होंने यहां एक कमरे में स्पोकन इंग्लिश क्लासेज और दूसरे कमरे में कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर भी शुरू करवाया। भाईसाहब ने यहां एक लाइब्रेरी भी बनवाई, जहां हर तरह की किताबों का कलेक्शन है।'

गांव में एक गोशाला का निर्माण भी धनखड़ करा रहे हैं। गोशाला में मौजूद ब्रजलाल योगी ने बताया कि फरवरी में धनखड़ यहां आए थे। तब उन्होंने गोशाला में एक बड़ा और पक्का चारा भंडार, चारदीवारी, गेट और कुछ दूसरा निर्माण करने की बात कही थी। इसके तुरंत बाद काम शुरू करवा दिया। महिपाल ने बताया कि वे कई सालों से साहब (जगदीप धनखड़) के पास हैं। धनखड़ भले ही सुप्रीम कोर्ट के बड़े वकील, मंत्री और बंगाल के गवर्नर बन गए, लेकिन वो आज भी सादगी से जीते हैं। उनकी दिनचर्या और खाने-पीने का रुटीन फिक्स रहता है। हर हाल में वो रोजाना 5 बजे जाग जाते हैं। इसके बाद योग और व्यायाम करते है। फिर नहाकर ठाकुरजी की पूजा करते हैं। कई सालों से यही खाते हुए देख रहा हूं। दोपहर के भोजन में चपाती और सब्जी खाते हैं। वहीं शाम को खिचड़ी या दलिया खाते हैं। भाभीजी के हाथ का चूरमा भी उन्हें बेहद पसंद है।

गांव के बीचों-बीच धनखड़ की पुश्तैनी हवेली है। यहीं उनका, दोनों भाई कुलदीप, रणदीप और बहन इंद्रा का जन्म हुआ था। साल 1989 में जब धनखड़ ने झुंझुनूं से पहला चुनाव लड़ा तब इसी हवेली में रहकर वो पूरी चुनावी रणनीति बनाते थे। हवेली खंडहर हो चुकी है, बाहर चारों तरफ घास-फूस और झाड़ का जाल फैला है। जगदीप धनखड़ के ताऊ हरीबक्ष चौधरी कई साल तक सरपंच रहे थे। उनकी कई गांवों में बढ़िया पैठ थी। धनखड़ के पिता गोकुलराम चौधरी भी रेलवे में बड़े ठेकेदार थे। प्रकाश ने बताया कि धनखड़ का बचपन यहीं गुजरा। माता-पिता केसरदेवी और गोकुलराम चौधरी ने ज्यादातर समय इसी हवेली में बिताया था। अब कई सालों से यहां कोई नहीं रहता है।

हवेली से निकलकर एक गली में ठाकुर जी का बड़ा मंदिर है। धनखड़ अपनी मां केसर देवी के साथ यहां बचपन में रोज आते थे। पुजारी सज्जनदास ने बताया कि आज भी जब वो गांव में होते हैं तो दिन में दो बार इस मंदिर में आते हैं और यहां घंटों अकेले बैठे रहते हैं। गांव से निकलते हैं तो ठाकुरजी के दर्शन करके ही निकलते हैं।

गांव से करीब 3 किलोमीटर दूर धनखड़ के पुश्तैनी खेत हैं। यहां करीब 60 बीघा के खेत में जोजोबा की खेती की हुई है। साल 2012 में धनखड़ ने यहां जोजोबा के 9,500 पौधे लगाए थे। महिपाल ने बताया कि भाईसाहब खेती पर भी पूरा ध्यान देते हैं।

# योगी सरकार में ठसक में हैं ठाकुर गैंगस्टर ?




विष्णु शरण सिंह | मुख्तार अंसारी | बृजेश सिंह | धनंजय सिंह, पूर्व सांसद | विनीत सिंह, पूर्व MLC

सुखेंद्र प्रताप सिंह की हत्या के बाद यह तय हो गया था कि बदला लिया जाएगा। तारीख- 16 अगस्त और साल था 1992। जगह- बलरामपुर की झारखंडी मंदिर क्रॉसिंग। रात होने को थी और अचानक एके-47 की गर्जना से इलाका थर्रा उठा। कहते हैं कि उस दिन बृजेश सिंह बदला लेने खुद आए थे। बदला सुखेंद्र प्रताप सिंह उर्फ चुच्चू का। बदला वर्चस्व की जंग का और बदला ठाकुर बाहुबलियों की लॉबी का। पृष्ठभूमि का जिक्र इसलिए क्योंकि पूर्वांचल के सबसे बड़े डॉन में से एक बृजेश सिंह 14 साल बाद जेल से बाहर आ गए हैं। धनंजय सिंह वॉन्टेड अपराधी की लिस्ट में हैं लेकिन उनकी पत्नी श्रीकला सिंह जौनपुर जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। कभी धनंजय के दोस्त फिर दुश्मन बने अयोध्या के अभय सिंह भी जेल से बाहर हैं। बृजभूषण शरण सिंह बीजेपी सांसद हैं। उनके बेटे गोंडा सदर से बीजेपी विधायक हैं। मिर्जापुर के विनीत सिंह एमएलसी हैं। ये फेहरिस्त खत्म नहीं होगी अगर उत्तर प्रदेश के 75 जिलों की लिस्ट से ठाकुर बाहुबलियों को मिल रहे सत्ता संरक्षण की खोजबीन की जाए। तस्वीर के दूसरे पहलू पर आते हैं। मुख्तार अंसारी, विजय मिश्रा, अतीक अहमद, रिज़वान ज़हीर, करवरिया बंधु और गायत्री प्रजापति। आज की तारीख़ में ये सभी नामचीन सलाखों के पीछे हैं। कहने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि बाद वाले नामों को जबरदस्ती जेल में डाला गया है या वो कोई साधु-संत हैं। यकीनन इन सभी का जो आपराधिक अतीत है, उसके बाद कानून का राज कायम करने के लिए ऐसे तत्वों का जेल में होना जरूरी है। लेकिन जब बात ठाकुर बाहुबलियों या माफिया तत्वों की आती है तो क्या उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार डबल स्टैंडर्ड दिखाती है? जब बात ठाकुर गैंगस्टर्स की होती है तो योगी आदित्यनाथ पर क्या अजय सिंह बिष्ट की पहचान भारी पड़ने लगती है।

**90 के दशक से गैंगवॉर का सिलसिला**

योगी सरकार में ठाकुर गैंगस्टरों की ठसक क्यों बरकरार है? इस सवाल पर आगे बढ़ें उससे पहले अतीत की उस गैंगवॉर का जिक्र कर लेते हैं। 1991 में बलरामपुर के पथिक होटल में सुखेंद्र प्रताप सिंह की हत्या हुई थी। इस हत्या में समीउल्लाह, रिजवान जहीर और अनिल शुक्ला का नाम सामने आया था। समीउल्लाह ने सुखेंद्र को गोली मारी थी और कई स्थानीय पत्रकार कहते हैं कि अनिल शुक्ला ने ही होटल में होने की मुखबिरी की थी, इसके बाद सुखेंद्र को रास्ते से हटाने में रिजवान गैंग को कामयाबी मिली। बदले की बारी बलरामपुर के ठाकुर बाहुबलियों की। बात फरारी काट रहे डॉन बृजेश सिंह तक पहुंची और तय हो गया कि बदला लिया जाएगा। एक साल के अंदर बदला ले लिया गया। कुछ लोग कहते हैं कि उस वक्त बृजेश सिंह ने खुद एके-47 से गोलियां चलाई थीं। झारखंडी क्रॉसिंग बंद थी और बर्स्ट फायरिंग के बाद मारुति वैन से उतरकर ठेठ बनारसी अंदाज में बृजेश सिंह ने पान भी खाया था। मुख्तार अंसारी और बृजेश सिंह गैंग की अदावत के तो तमाम किस्से लोग बताते रहते हैं। 15 जुलाई 2001 के उसरी चट्टी के जिस केस में बृजेश जमानत पर छूटकर बाहर आए हैं, उसमें मुख्तार अंसारी को निशाना साधकर एके-47 से फायरिंग हुई थी। इस हमले में मुख्तार के गनर समेत तीन लोगों की मौत हुई थी।

मूल सवाल पर लौटते हैं। क्या योगी राज में ठाकुर गैंगस्टर्स को संरक्षण मिल रहा है? आप कहेंगे कि ये सवाल मैं क्यों उठा रहा हूं? इसके लिए छह साल पीछे चलते हैं। बृजेश सिंह के पिछले दो चुनाव का नतीजा ही बहुत कुछ बयां कर देगा। अरे हुज़ूर माफ़िया नहीं माननीय बोलिए। 2016 में जब बृजेश सिंह निर्दलीय एमएलसी बने थे तो शपथ लेने के बाद मुखमंडल से पहला सियासी बयान यही निकला था। छह साल बाद चुनाव हुए और एमएलसी की सीट बृजेश सिंह के घर में ही रही। वो भी तब जब योगी आदित्यनाथ सरकार के लिए एक-एक सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न थी। इस बार भी बृजेश सिंह ने अपनी पत्नी अन्नपूर्णा सिंह के साथ पर्चा भरा था। बृजेश ने तो अपना पर्चा वापस ले लिया था लेकिन उनकी पत्नी अन्नपूर्णा सिंह बंपर वोटों से जीतीं। बृजेश ने 2016 में जब एमएलसी चुनाव लड़ा था, उस वक्त भी बीजेपी ने उनके खिलाफ कैंडिडेट नहीं दिया था। इस बार डमी कैंडिडेट के रूप में बीजेपी की ओर से सुदामा पटेल को उतारा गया था। पूरे चुनाव सुदामा आरोप लगाते रहे कि वाराणसी में पार्टी के पदाधिकारियों ने खुलकर बृजेश सिंह की पत्नी का सपोर्ट किया। अपराध पर जीरो टॉलरेंस वाली योगी सरकार मानो आंख, नाक, कान सब बंद किए रही। नतीजा अन्नपूर्णा सिंह एमएलसी निर्वाचित हो गईं और बीजेपी के प्रत्याशी की आवाज दबकर रह गई।

अब जरा यह भी जान लीजिए कि बृजेश सिंह के परिवार और बीजेपी का क्या कनेक्शन है? उदयनाथ सिंह ऊर्फ चुलबुल सिंह। परिचय- बृजेश सिंह के बड़े भाई। वैसे तो अब वो इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन जब तक जीवित रहे उनका जुड़ाव बीजेपी से ही रहा। चुलबुल सिंह 12 साल तक यानी दो टर्म बीजेपी एमएलसी रहे। चुलबुल सिंह को जिला पंचायत की सियासत का मास्टर कहा जाता था। उन्हीं के बेटे सुशील सिंह पिछले दो बार से चंदौली जिले की सैयदराजा सीट से बीजेपी विधायक हैं। सुशील सिंह की पत्नी किरन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। यानी वाराणसी और आसपास के जिलों की सियासत में बृजेश सिंह के परिवार का जबरदस्त रसूख कई दशकों से कायम है। पहली हत्या के बाद 1985 से लेकर 2008 तक बृजेश सिंह ने फरारी काटी और 24 फरवरी 2008 को दिल्ली पुलिस ने उन्हें भुवनेश्वर से गिरफ्तार किया था।

**मिर्जापुर में एमएलसी विनीत सिंह का दबदबा**

बृजेश सिंह ही नहीं कई बड़े ठाकुर माफियाओं का 'जीरो टॉलरेंस' वाली योगी सरकार में माहौल टाइट है। वाराणसी से सटे मिर्जापुर में एमएलसी श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह की तूती बोलती है। कहा जाता है कि चंदौली, वाराणसी और मिर्जापुर में विनीत का ठाकुर समुदाय के बीच अच्छा असर है। एमएलसी के चुनाव में निर्विरोध जीते। विनीत के खास राजू कन्नौजिया मिर्जापुर जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। मिर्जापुर में विनीत सिंह 0009 नंबर की लग्जरी गाड़ियों के काफिले के साथ चलते हैं। बताया जाता है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में विनीत ने बीजेपी प्रत्याशी महेंद्रनाथ पांडेय की मदद की थी। इस वजह से वह सीट दोबारा जीतने में सफल रहे।

**बृजभूषण शरण सिंह का सिक्का**

ठाकुर दबंगों की लिस्ट में एक नाम है बृजभूषण शरण सिंह का। गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच। इन चार जिलों में 'नेताजी' की धाक बोलती है। यहां बाहुबली बृजभूषण को नेताजी के नाम से ही पुकारा जाता है। बीजेपी की योगी सरकार ने उन्हें मानो चार जिलों का एकछत्र राज सौंप रखा है। नेताजी इन दिनों अपने निजी हेलीकॉप्टर से ही दौरा करते हैं। कैसरगंज लोकसभा सीट से पिछले तीन बार से सांसद हैं। कुल मिलाकर छठी बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। नाम न छापने की शर्त पर कई लोग कहते हैं कि गोंडा-बलरामपुर जैसे जिलों में 50 प्रतिशत से ज्यादा ठेके नेताजी के गुर्गों को ही मिलते हैं। इसके बाद बचने वाले ठेके-पट्टों पर ही दूसरे गुट हाथ डाल सकते हैं। उनका 2022 के विधानसभा चुनाव का एक बयान तो आपको याद होगा ही। नेताजी ने एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए कहा था कि अगर गोंडा से प्रतीक भूषण हार गए तो समझिए पूरे उत्तर प्रदेश से बीजेपी साफ हो जाएगी। अगर प्रतीक हार गए तो क्या मैं घास छीलूंगा? बृजभूषण सिंह की हिस्ट्रीशीट खोलकर देखेंगे तो पता चल जाएगा कि 'नेताजी' के ऊपर आईपीसी की कितनी धाराएं लगी हैं। एक कड़वी हकीकत है कि गोंडा से लेकर बहराइच तक बृजभूषण सिंह के बारे में कुछ भी बोलने से पहले लोग डरते हैं। तीन दर्जन से ज्यादा कॉलेज चलाने वाले बृजभूषण सिंह के पास कहां से बेहिसाब दौलत आ रही है, इसका हिसाब कौन लगाएगा?

हाते पर छापा, मुख्तार की इमारतें जमींदोज

2017 में योगी सरकार के सत्ता में आते ही गोरखपुर में 'तिवारी जी के हाते' पर पुलिस ने छापा मार दिया। वही हरिशंकर तिवारी जिनकी गोरखपुर और पूर्वांचल के अपराध जगत में लंबे अरसे से चर्चा होती रही है। पुलिस को बिल्कुल छापा मारना चाहिए औरइसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन मेरा काउंटर सवाल ये है कि धनंजय सिंह और बृजेश सिंह जैसे लोगों के घर पर क्यों नहीं छापे पड़े? क्या ये सभी लोग बेदाग हैं? क्या इनका अपराध से कोई वास्ता नहीं है? अगर मुख्तार अंसारी की बिल्डिंगें गिराई जा सकती हैं तो बृजेश सिंह की क्यों नहीं? एक माफिया जो 23 साल फरारी काटता रहा और जिसकी एक भी तस्वीर पुलिस के पास नहीं थी, 14 साल जेल में रहने के बाद वो आजाद हो गया। वैसे बृजेश सिंह को कानूनी रास्ते से जमानत मिली है लेकिन क्या योगी सरकार कानून के तरकश से एनएसए और गैंगस्टर ऐक्ट जैसे तीर नहीं निकाल सकती थी? क्या ठाकुर माफियाओं की बात जब आती है तो योगी सरकार का अप्रोच सिलेक्टिव हो जाता है?

ठाकुरों की सरकार होने के आरोप में क्यों बार-बार दम नजर आने लगता है?

# पानी के नाम पर कहीं जहर तो नहीं पी रहे हैं

जल शक्ति मंत्रालय के एक डॉक्युमेंट के अनुसार, देश की 80% से ज्यादा आबादी के घरों में पानी ग्राउंड वाटर से जाता है। जिसमें जहरीली धातुओं की मात्रा तय मानक से ज्यादा पाई गई है। मतलब साफ है कि पानी जहर बनता जा रहा है। सरकार के मुताबिक 209 जिलों के ग्राउंड वाटर में आर्सेनिक और 491 जिलों में आयरन की मात्रा तय मानक से ज्यादा मिली है। जो चिंताजनक है। पीने के पानी में आर्सेनिक या आयरन की मात्रा ज्यादा होने से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।

आखिर आर्सेनिक और आयरन होता क्या है, जिसकी मात्रा पानी में बढ़ने से वो जहरीला माना जा रहा है?बता दें कि आर्सेनिक एक केमिकल एलिमेंट है। यह वातावरण में नेचुरल तरीके से मौजूद होता है। कुछ एग्रीकल्चर और इंडस्ट्रियल एक्टिविटी के कारण आर्सेनिक ग्राउंड वाटर में घुल जाता है। फिर पानी के जरिए हमारे शरीर में पहुंचता है। आर्सेनिक की तरह आयरन भी एलिमेंट है। मानव शरीर के न्यूट्रिशन में आयरन एक जरूरी एलिमेंट है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए आपको हर रोज तय मानक के हिसाब से आयरन को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। डाक्टरों के अनुसार शरीर को बहुत कम मात्रा में आर्सेनिक चाहिए होता है, जो आसानी से बाहर (पेशाब के जरिए) निकल जाता है। अगर इसकी मात्रा ज्यादा हो गई तो ये शरीर में कई तरह के निगेटिव इफेक्ट्स पैदा कर सकता है। वहीं आयरन हमारे शरीर में खून बनाने के लिए जरूरी फैक्टर है। इसके न होने से खून की कमी हो जाती है, लेकिन शरीर में तय मात्रा में ही आयरन का होना जरूरी है। जब लंबे समय तक ज्यादा आयरन शरीर में जाता है, तो यह जहर की तरह काम करने लगता है। इससे कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं।

आर्सेनिक और आयरन के अलावा कुछ और चीजें भी ग्राउंड वाटर में ज्यादा पाई गई हैं। 11 राज्यों के 29 जिलों के ग्राउंड वाटर में कैडमियम की मात्रा 0.003 मिलीग्राम प्रति लीटर से ज्यादा है। 16 राज्यों के 62 जिलों के ग्राउंड वाटर में क्रोमियम की मात्रा 0.05 मिलीग्राम प्रति लीटर से ज्यादा देखी गई है। 18 राज्यों में 152 जिले के ग्राउंड वाटर में 0.03 मिलीग्राम प्रति लीटर से ज्यादा यूरेनियम मिला है। आंकड़ों के बाद जानते हैं कि जब पानी में इन सभी चीजों की मात्रा ज्यादा हो जाती है तो कौन-कौन सी बीमारियां हो सकती हैं। पानी में कैडमियम ज्यादा होने से किडनी, लिवर, हड्डी और ब्लड रिलेटेड बीमारियां हो सकती हैं। पानी में क्रोमियम की मात्रा ज्यादा होने से छोटी आंत में हाइपरलेशिया डिफ्यूज और ट्यूमर का खतरा बढ़ सकता है। पानी में यूरेनियम की ज्यादा होने पर किडनी से रिलेटेड बीमारियां और कैंसर होने की आशंका रहती है।

**शहर से ज्यादा गांव की हालत खराब**

देश की आधे से ज्यादा आबादी गांवों में रहती हैं। यहां पीने के पानी का मुख्य जरिया ही ग्राउंड वाटर है। जैसे- हैंडपंप, कुआं, नदी-तालाब या बोरवेल। सवाल उठता है कि शहर हो या गांव, जिन लोगों के घरों में ग्राउंड वाटर आता है या कुआं, हैंडपंप नदी-तालाब या बोरवेल से डायरेक्ट पानी आता है, उन्हें कैसे पता लगेगा कि उनके पानी में आयरन और आर्सेनिक की मात्रा ज्यादा है या नहीं?

आईसीएमआर ने पीने के पानी में ज्यादा से ज्यादा आयरन की मात्रा 1.0 PPB तय की है। आर्सेनिक के लिए निर्देशित मानक या मैक्सिमम कंटामिनेशन लेवल (MLC) 10 PPB (WHO के अनुसार) है, जिसे ज्यादातर विकसित देश मानते हैं। विकासशील देश जिनमें भारत और बांग्लादेश भी शामिल हैं,वहां पीने वाले पानी में आर्सेनिक की मात्रा 50 PPB मानी गई है।

अगर आपके घर के पानी में कोई भी मिनरल ज्यादा होता है और उसका ट्रीटमेंट नहीं किया जाता है, तो उस कुएं, हैंडपंप या बोरवेल को बंद कर दिया जाता है। फिर घर पर किसी और रिसोर्स के जरिए पानी लेने के सलाह दी जाती है। जैसे- नगरपालिका के नल का कनेक्शन लें। खाना पकाने, पर्सनल हाइजीन और पीने के लिए बोतल बंद, उबला हुआ या किसी दूसरे घर से पानी मांगकर इस्तेमाल करें। पानी को उबालने और ट्रीट करने के लिए अपने एरिया के स्टेट, लोकल और ट्राइबल हेल्थ डिपार्टमेंट की सिफारिशों को फॉलो करें।

जिस पानी में फ्यूल, रेडियोएक्टिव मटेरियल, केमिकल या कोई मिनरल ज्यादा है, उसे उबालने से भी कुछ नहीं होगा। इसलिए पानी का दूसरा सोर्स मिलने तक बोतलबंद या किसी दूसरी जगह से लेकर ही पानी पिएं।अपने घर के अंदर और बाहर पानी सप्लाई के दूसरे सोर्स को तलाशें, जहां से पीने लायक पानी मिल सके। कभी भी रेडिएटर या बॉयलर से पानी गर्म न करें।

# पवित्रा एकादशी

एकादशी तिथि कब से कब तक
एकादशी तिथि
प्रारंभ 7 अगस्त रात्रि 11.52 बजे से
एकादशी तिथि पूर्ण 8 अगस्त को रात्रि 9.02 बजे तक व्रत का पारणा 9 अगस्त प्रातः 6.01 से 8.37 बजे तक



**पुत्रदा एकादशी व्रत कथा!**

द्वापर युग के आरंभ में महिष्मति नाम की एक नगरी थी, जिसमें महीजित नाम का राजा राज्य करता था, लेकिन पुत्रहीन होने के कारण राजा को राज्य सुखदायक नहीं लगता था। उसका मानना था, कि जिसके संतान न हो, उसके लिए यह लोक और परलोक दोनों ही दुःखदायक होते हैं।

पुत्र सुख की प्राप्ति के लिए राजा ने अनेक उपाय किए परंतु राजा को पुत्र की प्राप्ति नहीं हुई।

वृद्धावस्था आती देखकर राजा ने प्रजा के प्रतिनिधियों को बुलाया और कहाः हे प्रजाजनों! मेरे खजाने में अन्याय से उपार्जन किया हुआ धन नहीं है। न मैंने कभी देवताओं तथा ब्राह्मणों का धन छीना है। किसी दूसरे की धरोहर भी मैंने नहीं ली, प्रजा को पुत्र के समान पालता रहा। मैं अपराधियों को पुत्र तथा बाँधवों की तरह दंड देता रहा। कभी किसी से घृणा नहीं की। सबको समान माना है। सज्जनों की सदा पूजा करता हूँ। इस प्रकार धर्मयुक्त राज्य करते हुए भी मेरे पुत्र नहीं है। सो मैं अत्यंत दुःख पा रहा हूँ, इसका क्या कारण है?

राजा महीजित की इस बात को विचारने के लिए मंत्री तथा प्रजा के प्रतिनिधि वन को गए। वहाँ बड़े-बड़े ऋषि-मुनियों के दर्शन किए। राजा की उत्तम कामना की पूर्ति के लिए किसी श्रेष्ठ तपस्वी मुनि को देखते-फिरते रहे। एक आश्रम में उन्होंने एक अत्यंत वयोवृद्ध धर्म के ज्ञाता, बड़े तपस्वी, परमात्मा में मन लगाए हुए निराहार, जितेंद्रीय, जितात्मा, जितक्रोध, सनातन धर्म के गूढ़ तत्वों को जानने वाले, समस्त शास्त्रों के ज्ञाता महात्मा लोमश मुनि को देखा, जिनका कल्प के व्यतीत होने पर एक रोम गिरता था।

सबने जाकर ऋषि को प्रणाम किया। उन लोगों को देखकर मुनि ने पूछा कि आप लोग किस कारण से आए हैं? निःसंदेह मैं आप लोगों का हित करूँगा। मेरा जन्म केवल दूसरों के उपकार के लिए हुआ है, इसमें संदेह मत करो।

लोमश ऋषि के ऐसे वचन सुनकर सब लोग बोलेः हे महर्षे! आप हमारी बात जानने में ब्रह्मा से भी अधिक समर्थ हैं। अतः आप हमारे इस संदेह को दूर कीजिए। महिष्मति पुरी का धर्मात्मा राजा महीजित प्रजा का पुत्र के समान पालन करता है। फिर भी वह पुत्रहीन होने के कारण दुःखी है। उन लोगों ने आगे कहा कि हम लोग उसकी प्रजा हैं। अतः उसके दुःख से हम भी दुःखी हैं। आपके दर्शन से हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारा यह संकट अवश्य दूर हो जाएगा क्योंकि महान पुरुषों के दर्शन मात्र से अनेक कष्ट दूर हो जाते हैं। अब आप कृपा करके राजा के पुत्र होने का उपाय बतलाएँ। यह वार्ता सुनकर ऋषि ने थोड़ी देर के लिए नेत्र बंद किए और राजा के पूर्व जन्म का वृत्तांत जानकर कहने लगे कि यह राजा पूर्व जन्म में एक निर्धन वैश्य था। निर्धन होने के कारण इसने कई बुरे कर्म किए। यह एक गाँव से दूसरे गाँव व्यापार करने जाया करता था। एक समय ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी के दिन मध्याह्न के समय वह जबकि वह दो दिन से भूखा-प्यासा था, एक जलाशय पर जल पीने गया। उसी स्थान पर एक तत्काल की ब्याही हुई प्यासी गौ जल पी रही थी।

राजा ने उस प्यासी गाय को जल पीते हुए हटा दिया और स्वयं जल पीने लगा, इसीलिए राजा को यह दुःख सहना पड़ा।

एकादशी के दिन भूखा रहने से वह राजा हुआ और प्यासी गौ को जल पीते हुए हटाने के कारण पुत्र वियोग का दुःख सहना पड़ रहा है। ऐसा सुनकर सब लोग कहने लगे कि हे ऋषि! शास्त्रों में पापों का प्रायश्चित भी लिखा है। अतः जिस प्रकार राजा का यह पाप नष्ट हो जाए, आप ऐसा उपाय बताइए।

लोमश मुनि कहने लगे कि श्रावण शुक्ल पक्ष की एकादशी को जिसे पुत्रदा एकादशी भी कहते हैं, तुम सब लोग व्रत करो और रात्रि को जागरण करो तो इससे राजा का यह पूर्व जन्म का पाप अवश्य नष्ट हो जाएगा, साथ ही राजा को पुत्र की अवश्य प्राप्ति होगी।

लोमश ऋषि के ऐसे वचन सुनकर मंत्रियों सहित सारी प्रजा नगर को वापस लौट आई और जब श्रावण शुक्ल एकादशी आई तो ऋषि की आज्ञानुसार सबने पुत्रदा एकादशी का व्रत और जागरण किया।

इसके पश्चात द्वादशी के दिन इसके पुण्य का फल राजा को दिया गया। उस पुण्य के प्रभाव से रानी ने गर्भ धारण किया और प्रसवकाल समाप्त होने पर उसके एक बड़ा तेजस्वी पुत्र उत्पन्न हुआ।इसलिए हे राजन! इस श्रावण शुक्ल एकादशी का नाम पुत्रदा पड़ा। अतः संतान सुख की इच्छा हासिल करने वाले इस व्रत को अवश्य करें। इसके माहात्म्य को सुनने से मनुष्य सब पापों से मुक्त हो जाता है और इस लोक में संतान सुख भोगकर परलोक में स्वर्ग को प्राप्त होता है। ॥ जय श्री हरि ॥

# क्यों हल्दी और नमक जैसी चीजों को नहीं देना चाहिए उधार?



वास्तु शास्त्र में ऐसी कई चीजों के बारे में बताया गया है, जिसका हमारे जीवन पर सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वास्तु शास्त्र में घर की रसोई को लेकर भी कुछ बातें बताई गई हैं। रसोईघर से जुड़ी ऐसी कई चीजें होती हैं, जिसका संबंध ऊर्जा से होता है। यदि आप इन चीजों को किसी को उधार देते हैं तो इन चीजों के साथ आपके घर के ऊर्जा भी चली जाती है, इसलिए वास्तु में रसोई में रखी नमक और हल्दी सहित कई ऐसी चीजों के बारे में बताया गया है, जिसे न तो कभी पूरी तरह से खत्म होने देना चाहिए और न ही किसी को उधार देना चाहिए।

रसोई घर की कुछ चीजें उधार देने से बचना चाहिए। फिर चाहे कोई व्यक्ति आपका कितना भी करीबी क्यों न हो, इन चीजों को कभी उधार न दें। खासकर सूर्यास्त के बाद चीजों को उधार देने से बचना चाहिए। इन चीजों को उधार देने से आपको आर्थिक संकंट का सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली के ज्योतिष गुरमीत सिंह जी से जानते हैं नमक और हल्दी सहित रसोई घर से जुड़ वो कौन सी चीजें हैं, जिसे उधार नहीं देना चाहिए।

### भूलकर भी उधार न दें ये चीजें

#### नमक

आस-पड़ोस से यदि सूर्यास्त के बाद कोई नमक मांगने आए तो आप साफ मना कर दें क्योंकि सूर्यास्त के बाद किसी को नमक उधार देने से धन की हानि होती है। माना जाता है कि, जिस तरह खाने में नमक की सही मात्रा जरूरी है, उसी तरह रसोईघर में भी नमक का होना जरूरी है। रसोई से नमक के खत्म होने से परिवार पर मुसीबतें आ सकती हैं, इसलिए कभी भी पूरी तरह किचन से नमक खत्म न होने दें। साथ ही नमक किसी को उधार भी न दें। यदि किसी व्यक्ति को नमक की अधिक आवश्यकता है तो आप उससे कुछ पैसे या फिर एक का सिक्का लेकर नमक दे सकते हैं।

#### प्याज-लहसुन

वास्तु में प्याज-लहसुन का संबंध केतु ग्रह से बताया गया है। ज्योतिष में केतु को ऊपरी ताकतों का स्वामी माना जाता है। इस ग्रह के भीतर जादू-टोना जैसी चीजें शामिल होती हैं, इसलिए सूर्यास्त के बाद प्याज और लहसुन जैसी चीजों का लेन-देन न करें। ऐसा करने से घर की बरकत चली जाती है।

#### हल्दी न दें उधार

हिंदू धर्म में हल्दी का विशेष महत्व है। पूजा-पाठ और शादी-विवाह से लेकर कई कार्यों में हल्दी को शुभ माना गया है। क्योंकि हल्दी का संबंध गुरु से माना जाता है। हल्दी भोजन का स्वाद और रंग बढ़ाती है। हल्दी भी किसी को उधार नहीं देनी चाहिए। इससे आर्थिक तंगी, शिक्षा में कमी, विवाह में रुकावट जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

#### दूध भी न दें उधार

दूध का संबंध चंद्रमा और लक्ष्मी-नारायण से होता है। इसलिए संध्याकाल में दूध और दूध से जुड़ी चीजों को दान या उधार देने से बचना चाहिए।

# अपराजिता फूल के उपाय

हिन्दू धर्म में पेड़ पौधे और फूलों का काफी विशेष महत्व माना जाता है। उनमें से एक है अपराजिता का फूल। अपराजिता के फूल को हिंदू धर्म में बहुत खास माना जाता है। धन प्राप्ति के उपायः धन की कमी को दूर करने के लिए और बहुत धन प्राप्त करने के लिए सोमवार या शनिवार को अपराजिता के 3 फूल बहते पानी में फेंक दें। कुछ ही देर में आपको फर्क समझ में आने लगेगा।



**अपराजिता फूल के उपाय,**

नौकरी में प्रमोशन पाने के उपायः अगर प्रमोशन या नई नौकरी पाने का हर प्रयास विफल हो रहा है, तो साक्षात्कार से पहले अपराजिता के 6 फूल, फिटकरी के 5 टुकड़े और कमर पर पट्टी बांधकर देवी मां को अर्पित करें। फिर अगले दिन उस बेल्ट को किसी लड़की को दे दें और फूलों को पानी में बहा दें। वहीं फिटकरी के टुकड़े जेब में रखें और इंटरव्यू के लिए जाएं। आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**अपराजिता फूल के उपाय,**

मनोकामना पूर्ति के उपायः यदि आपकी कोई मनोकामना लंबे समय तक अधूरी रह जाती है तो अपराजिता के फूलों की माला मां दुर्गा, भगवान शिव और भगवान विष्णु को अर्पित करें। ईश्वर शीघ्र ही आपकी मनोकामना पूर्ण करेंगे।

**इस दिन लगाएं पौधा**

अपराजिता का पौधा गुरुवार और शुक्रवार को घर में लगाना चाहिए। गुरुवार भगवान विष्णु को समर्पित है और शुक्रवार भगवान लक्ष्मी को समर्पित है। इन दोनों दिनों में अपराजिता का पौधा लगाना शुभ माना जाता है। आपके घर मां लक्ष्मी जी का आगमन होगा।

# सच में मनी प्लांट चोरी करके लगाने से होती है धन वृद्धि? एक्सपर्ट से जानें

वास्तु शास्त्र में पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और घर के सामान से लेकर किचन में रखे खाने पीने की वस्तुओं तक के बारे में विस्तार से वर्णन मिलता है। वास्तु शास्त्र के नियमों का पालन करने से व्यक्ति के जीवन में ना सिर्फ सकारात्मकता आती है।

### मनी प्लांट लगाने के फायदे

वास्तु शास्त्र के अनुसार मनी प्लांट को घर के अंदर लगाने से घर में सुख-समृद्धि और धन आगमन बढ़ जाता है।

मनी प्लांट लगाने के लिए सबसे अच्छा कोण आग्नेय कोण माना जाता है। इस दिशा में लगाने से घर में सकारात्मकता आती है और आग्नेय दिशा का दोष भी दूर हो जाता है। आग्नेय दिशा के प्रतिनिधि भगवान गणेश माने जाते हैं।

मनी प्लांट का संबंध शुक्र ग्रह से माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में शुक्र ग्रह कमजोर है तो उसे अपने घर के आग्नेय दिशा में मनी प्लांट लगाना चाहिए।

### मनी प्लांट लगाने के नुकसान

वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर सही दिशा में मनी प्लांट नहीं लगाया गया तो व्यक्ति को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है।

मनी प्लांट अगर नीचे की तरफ बढ़ता है तो इसे अच्छा नहीं माना जाता परंतु अगर ऊपर की तरफ बढ़ता है तो यह शुभ फलदाई माना जाता है।

भूलकर भी अपने घर का मनी प्लांट किसी और को लगाने के लिए ना दें। ऐसा करने से आपके घर की बरकत चली जाएगी।

### मनी प्लांट चोरी करके लगाना

आपने अपने घर में बड़े-बुजुर्गों से यह बात सुनी होगी कि मनी प्लांट को चोरी करके लगाने से यह फलता है, साथ ही धन आकर्षित भी करता है। परंतु वास्तु सलाहकार बताते हैं कि इस बात में कोई सच्चाई नहीं है कि मनी प्लांट चोरी करके लगाना शुभ होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार मनी प्लांट को कांच की बोतल में लगाने से बचना चाहिए।



# कुंडली के शुभ योगः हंस योग के जातक खाने के शौकीन, दिखने में होते हैं आकर्षक

ज्योतिष शास्त्र का पालन सदियों से किया जाता रहा है, जिसमें ग्रह नक्षत्रों की गणना के आधार पर जातक को शुभ-अशुभ फल देने वाले योगों की जानकारी मिलती है। वैदिक ज्योतिष में कई ऐसे योग हैं, जिससे मनुष्य हर मुकाम हासिल करता है। वहीं, कुछ योग ऐसे हैं, जो जातक के लिए हमेशा परेशानी खड़ी कर देते हैं।

हमारे द्वारा चलाई जा रही सीरीज में अभी तक हमने गजकेसरी योग, रुचक योग के बारे में भोपाल के रहने वाले ज्योतिषी एवं पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा से जाना। आज की इस कड़ी में पंडित जी हमें बता रहे हैं हंस योग के विषय में। आइए जानते हैं हंस योग कैसे बनता है और इसके क्या फायदे हैं।

### कैसे बनता है हंस योग

जब किसी व्यक्ति की कुंडली में बृहस्पति लग्न या चन्द्रमा से पहले, चौथे, सातवें और दशवें भाव में कर्क, धनु अथवा मीन राशि में होता है, तब हंस योग बनता है। जिस तरह बुध के साथ अन्य ग्रहों के मिलने से भद्र योग बनता है।

वैसे ही कुंडली में बृहस्पति के साथ अन्य ग्रहों के मजबूत स्तिथि में होने से हंस योग बनता है। बृहस्पति ग्रह को शिक्षा और ज्ञान का करक ग्रह माना जाता है। वैदिक ज्योतिष में बृहस्पति ग्रह को बहुत शुभ गृह की संज्ञा दी गई है। ऐसा माना जाता है कि बृहस्पति से बनने वाले योग बहुत शुभ होते हैं और ये जातक को सभी प्रकार से फलीभूत होते है।

हंस योग में जन्मे व्यक्ति

1। हंस योग में जन्मा व्यक्ति शिक्षा और ज्ञान के मामले में अन्य लोगों से आगे रहता है। इस योग में जन्मे लोग अपने से बड़ों का आदर-सम्मान करते हैं। शिक्षा के प्रति गंभीर होते है और इनकी ज्ञान प्राप्त करने की लालसा कभी समाप्त नहीं होती।

2। इस योग में जन्मे व्यक्ति सुन्दर, सुशील, आकर्षण का केंद्र होते हैं। इनकी दूसरों से बात करने की शैली लाजवाब होती है, जिससे यह लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर लेते हैं। इनको सदैव अपने घर परिवार का साथ मिलता है।

3। इस योग में जन्मे व्यक्ति अपने कुल का नाम रोशन करते हैं। हंस योग निर्माण से व्यक्ति किसी धार्मिक या आध्यात्मिक संस्था में किसी प्रतिष्ठा और स्वामित्व वाले पद को प्राप्त कर सकता है।

4। इस योग में जन्मे व्यक्ति अपने द्वारा किए गए कार्यों से धन कमाते हैं। इनका रुझान धार्मिक और सामाजिक कार्यों की तरफ होता है।

# नहाने के तुरंत बाद सिंदूर लगाने से क्यों किया जाता है मना



हिंदू धर्म में सोलह संस्कारों में से एक है विवाह संस्कार। विवाह के बाद स्त्रियों की जिंदगी में काफी परिवर्तन आता है। विवाह के बाद महिलाओं को कुछ रस्मों-रिवाजों को निभाना पड़ता है। हिंदू समाज में शादी के बाद सिंदूर लगाना बहुत शुभ माना जाता है। एक पतिव्रता स्त्री के लिए सिंदूर का विशेष महत्व है। वास्तु शास्त्रों के अनुसार, महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुख समृद्धि के लिए मांग में सिंदूर भरती हैं। हिंदू समाज में विवाहित महिलाओं को सिंदूर लगाना एक महत्वपूर्ण श्रृंगार माना जाता है, लेकिन सिंदूर लगाने के कुछ नियम हैं, जिनका पालन करना ज़रूरी है। अगर इन नियमों की अनदेखी की जाती है तो कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आइए जानते हैं ज्योतिषशास्त्र पंडित इंद्रमणि से क्या हैं सिंदूर लगाने के नियम।

1. ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, महिलाओं को नहाने के तुरंत बाद सिंदूर नहीं लगाना चाहिए, इससे परिवार में आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। इसके अलावा बाल धोने के बाद भी तुरंत सिंदुर नहीं लगाना चाहिए, इससे सकारात्मक विचार आने लगते हैं।

2. भूलकर भी किसी दूसरे महिला की सिंदूर को काम में नहीं लेना चाहिए। ऐसा करना शास्त्रों में अशुभ माना गया है। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार, सिंदूर हमेशा अपना ही रखें। किसी और के पैसे से कभी भी सिंदूर न खरीदें।

3. महिलाओं को अपने बालों में सिंदूर छिपानी नहीं चाहिए। ऐसा करने से रिश्ते में खटास पैदा हो सकती है।

4. ध्यान रहे कि विवाहित महिलाएं हमेशा मांग के बीच में सिंदूर लगाती हैं। ऐसा करने से पति को लंबी उम्र मिलती है।

5. गीले बालों में सिंदूर लगाने से पहले उन्हें सुखा लेना चाहिए। इसके बाद ही सिंदूर लगाना शुभ होता है।

# माधुरी दीक्षित का चेहरा देखकर फैंस हुए कन्फ्यूज

## पूछ रहे- आपने होंठ पर कुछ करवाया है?

माधुरी ने अभी अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर कोई अनाउंसमेंट नहीं की है।



माधुरी दीक्षित बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनकी खूबसूरती के दीवाने आज की जनरेशन भी है। माधुरी काफी समय से फिल्मों और टीवी शोज से दूर हैं। लेकिन अब एक्ट्रेस काफी समय बाद नजर आईं। दरअसल, माधुरी अब शो झलक दिखलाजा 10 में नजर आने वाली हैं। वह शो में बतौर जज नजर आएंगी। इस शो के लिए आज सभी जज यानी कि माधुरी, करण जौहर और नोरा फतेही आए। माधुरी ने इस दौरान पिंक कलर की साड़ी पहनी थी जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। माधुरी जैसे ही अपनी वैनिटी से बाहर आईं और मीडिया फोटोग्राफर्स के सामने पोज देने लगीं तो उन्हें देखकर सब हैरान हो गए। माधुरी का वीडियो देखकर एक्ट्रेस की स्माइल, उनके लिप्स पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। कोई कह रहा है कि उनकी स्माइल इतनी नकली क्यों लग रही है। तो कोई बोल रहा है कि क्या माधुरी ने लिप्स में कुछ करवाया है क्या? वहीं एक यूजर ने कमेंट किया, माधुरी की स्माइल अलग लग रही है। वह अब बिल्कुल भी नेचुरल नहीं लग रही हैं।

**माधुरी की फिल्में**

माधुरी लास्ट फिल्म कलंक में नजर आई थीं जो साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में माधुरी के साथ आलिया भट्ट, वरुण धवन, आदित्य रॉय कपूर और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में थे। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। इसके बाद माधुरी वेब सीरीज द फेम गेम में नजर आईं जो इसी साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। फेम गेम में माधुरी की परफॉर्मेंस को काफी पसंद किया गया था। माधुरी ने अभी अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर कोई अनाउंसमेंट नहीं की है। लेकिन वह बतौर सिंगर अपने काम पर फोकस कर रही हैं। दरअसल, माधुरी ने लॉकडाउन के दौरान अपना सिंगिंग टैलेंट दिखाया था। उनके पहले गाने को काफी पसंद किया गया था और इसके बाद माधुरी ने दूसरा गाना रिलीज किया था जिसका नाम है तू है मेरा।

# सोशल मीडिया पर बिपाशा बसु गिरा रही हैं हुस्न की बिजलियां

## ग्लैमरस फोटोज ने धड़काया फैंस का दिल



**बिपाशा** बसु ने लंबे समय से बॉलीवुड इंडस्ट्री से दूरी बना ली है. सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का जलवा अब भी बरकरार है. कुछ देर पहले ब्लैक आउफिट में बिपाशा ने अपनी स्टनिंग फोटोज शेयर की हैं. बिपाशा बसु को फिल्मी पर्दे पर उनके फैंस काफी मिस करते हैं. एक्ट्रेस ने लंबे समय से बॉलीवुड से दूरी बना रखी है, सिनेमा से दूर बिपाशा बसु सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. इंस्टाग्राम पर आपको उनकी एक से बढ़कर एक ग्लैमरस फोटो वीडियो देखने को मिल जाएंगी. लेटेस्ट फोटो में बिपाशा बसु ब्लैक कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं. खुले बाल और किलर स्माइल में एक्ट्रेस और भी हसीन लग रही हैं. बिपाशा के फैंस उनकी लेटेस्ट फोटो पर जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं. ये फोटो काफी तेजी से वायरल भी हो रही है. बिपाशा बसु आखिरी बार 'डेंजरस' वेब सीरीज में नजर आई थीं. इस वेब सीरीज में वो अपने पति करण सिंह ग्रोवर संग दिखाई दी थीं. 2015 में आई फिल्म 'अलोन' बिपासा बसु की आखिरी फिल्म थी. इसके बाद वो किसी भी बॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आईं. बिपासा बसु के प्रेगनेंसी की खबर भी कई बार सामने आई, लेकिन ये खबर महज अफवाह साबित हुई. बिपाशा के फिल्मी पर्दे पर वापसी का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं.

# अनिल कपूर कभी अपनी मूंछें क्यों नहीं काटते?

## 2 फ्लॉप फिल्मों का नाम लेकर बताई ऐसी वजह



'केस तो बनता है' के दूसरे एपिसोड में बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर पहुंचे। अमेजॉन मिनी टीवी शो के नए एपिसोड में अनिल ने अपने करियर के बारे में बात की और अपने दोस्तों के साथ मस्ती भी की। अमेजॉन मिनी टीवी शो 'केस तो बनता है' एक कॉमेडी शो है, जिसमें बॉलीवुड के तमाम सितारे कटघरे में सवालों के जवाब देते नजर आएंगे। इस शो का दूसरा एपिसोड आ चुका है, जिसमें बॉलीवुड के बिंदास एक्टर अनिल कपूर सवालों के घेरे में नजर आए। दरअसल शो के होस्ट रितेश देशमुख ने अनिल से उनकी शानदार मूंछों को लेकर सवाल किया। उन्होंने पूछा,"आपने हर फिल्म में मूंछ रखी है, सिवाये लम्हे के। लेकिन लम्हे के बाद आपने कभी मूंछ क्यों नहीं हटाई?" इसपर अनिल कपूर ने जवाब दिया,"दो फिल्मों में मूंछे सफा की थी, दुर्भाग्य से फिल्म भी सफा हो गई यार। उसके बाद मैंने फैसला किया कि अब से मैं कभी भी अपनी मूंछें नहीं मुंडवाऊंगा।"अनिल ने शो को लेकर कहा कि उन्होंने जब से शो के बारे में सुना था, वो इसका हिस्सा बनना चाहते थे। उन्होंने कहा कि इस शो में सभी कलाकारों की कॉमिक टाइमिंग, मजेदार आरोप और पंच लाइन बहुत बढ़िया है।

# नोरा का ट्रेडिशनल लुक

## साड़ी में नोरा फतेही ने कराया ग्लैमरस फोटोशूट, फैंस हुए इम्प्रेस



बॉलीवुड की डांसिंग क्वीन नोरा फतेही अपने ग्लैमरस लुक को लेकर अक्सर चर्चा में बनी रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो में नोरा ऑफ व्हाइट एम्ब्रॉइडेड साड़ी में फोटोशूट करवाती हुई नजर आईं। ये खूबसूरत साड़ी मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन की है। नोरा वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल आउटफिट्स हर लुक में ही गॉर्जियस लगती हैं। उनके इस ट्रेडिशनल लुक को भी फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। फैंस ने उनके इस लुक की जमकर तारीफ की।

# ऋतिक-सैफ की विक्रम वेधा का टीजर इस दिन होगा रिलीज! सोशल मीडिया पर क्रेजी हुए जा रहे फैंस

ऋतिक रोशन और सैफ अली खान स्टारर फिल्म विक्रम वेधा 30 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज किया जा चुका है लेकिन फैंस को इंतजार है ऋतिक-सैफ की इस फिल्म के टीजर और ट्रेलर का। हाल ही में मेकर्स ने इस



बात का ऐलान किया कि अक्षय कुमार की फिल्म रक्षा बंधन और आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की रिलीज के साथ ही इस फिल्म का टीजर रिलीज किया जाएगा।मेकर्स ने इन दोनों फिल्मों के प्रिंट के साथ अपनी फिल्म का टीजर अटैच नहीं किया है बल्कि थिएटर मालिकों और डिसट्रिब्यूटर्स से इन दोनों फिल्मों के साथ अपनी फिल्म का टीजर चलाने को कहा है। इसी बीच सोशल मीडिया पर भी फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया जाएगा। बता दें कि रक्षा बंधन और लाल सिंह चड्ढा 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही हैं।

# जब दीपिका पादुकोण को आते थे सुसाइड करने के ख्याल

## मां ने की थी अवसाद से उबरने में मदद



एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण डिप्रेशन पर खुलकर बात करती हैं हाल ही में उन्होंने बताया कि एक ऐसा भी समय था जब वो आत्महत्या के बारे में सोचने लगी थीं। खुद को इस अवसाद से निकालने का श्रेय दीपिका पादुकोण अपनी मां को देती हैं। उन्हें कहा कि मां ने मुझे समझाया कि किसी मनोचिकित्सक के पास जाना चाहिए। एक्ट्रेस ने भारत में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक एनजीओ की शुरुआत की है। बॉलीवुड लाइफ की रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका पादुकोण ने शेयर करते हुए कहा, 'मैं अपने करियर की ऊंचाई पर थी, सब कुछ ठीक चल रहा था, इसलिए कोई साफ वजह नहीं थी कि मैं ऐसा क्यों महसूस कर रही थी। उस वक्त मैं टूटा हुआ महसूस कर रही थी, ऐसा लगता था कि मैं पूरे दिन बस सो जाऊं। मुझे लगता आत्महत्या कर लूंगी तो इन सबसे छुटकारा मिल जाएगा। मेरे माता-पिता बैंगलोर में रहते हैं और जब वे मुझसे मिलने आते तो मैं एकदम नॉर्मल बिहेव करती जैसे कुछ हुआ ही नहीं हैं।' 'एक दिन जब तक मेरे माता-पिता बंगलौर जा रहे थे और वापस जा रहे थे तो मुझे अचानक ही ब्रेकडाउन हो गया। मेरी मां ने पूछना शुरू कर दिया कि तुम्हें क्या हुआ है, क्या ये बॉयफ्रेंड की वजह से है, या फिर प्रोफेशनल लाइफ में कुछ हुआ है। मेरे पास कोई जवाब नहीं था क्योंकि यह इन चीजों में से कुछ भी नहीं था। पर मेरी मां ने समझ लिया कि मैं अवसाद में हूं।'वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण शाह रुख खान की फिल्म पठान में नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही उनके पास ऋतिक रोशन के साथ फाइटर भी है। जिसमें दीपिका स्टंट सीन करती नजर आएंगी। फाइटर की रिलीज डेट अभी तक सामने नहीं आई तो वहीं पठान अगले साल सिनेमाघरों में आएगी।

# विजय देवरकोंडा की लाइगर का सॉन्ग आफत हुआ रिलीज

## तनिष्क बागची ने किया है कंपोज; 1 घंटे में 5 लाख लोगों ने देखा



विजय देवरकोंडा स्टारर लाइगर का दूसरा गाना आफत रिलीज हो गया है। इसको तनिष्क बागची ने कंपोज किया है। इस गाने को 1 घंटे में करीब 5.52 लाख लोगों ने देखा है। इस फिल्म में विजय के अलावा अनन्या पांडे और माइक टाइसन भी नजर आएंगे। लाइगर 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# शाहरुख खान ऐसे बिताएंगे अपना ऑफ डे

## बिजी शेड्यूल से ब्रेक लेकर करेंगे ये काम, आलिया भट्ट जानकर होगी खुश



आलिया भट्ट की पहली प्रोडक्शन फिल्म 'डार्लिंग्स' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई. फिल्म को लेकर क्रिटिक्स से मिला-जुला रिस्पांस मिल रहा है. शाहरुख खान-गौरी खान की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा सह-निर्मित इस मूवी में शेफाली शाह और विजय वर्मा भी अहम रोल में है. इस फिल्म को देखने के लिए किंग खान ने भी समय निकाल लिया है.



**शाहरुख खान का ट्वीट**

शाहरुख खान ने लेटेस्ट ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने बताया कि वो अपना ऑफ डे कैसे बिताएंगे. शाहरुख ने लिखा, पिछले कुछ दिनों से बिना रुके काम कर रहा था.... इसलिए अपने फेवरेट समय में लिप्त होने की जरूरत थी. खुद को पैंपर करने की जरूरत थी, इसलिए प्रभुजी थम्स अप और के साथ दिन बिताऊंगा.

**फिल्म डंकी की शूटिंग में बिजी थे शाहरुख**

गौरतलब है कि शाहरुख खान इन दिनों अपनी फिल्म डंकी की शूटिंग में बिजी थे. राजकुमार हिरानी की फिल्म में एक्टर के साथ तापसी पन्नू भी है. पिछले दिनों शूटिंग सेट से कई तसवीरें सामने आई थी, जिसमें दोनों साथ में काफी अच्छे लगे थे. इसके बाद शाहरुख अपनी फिल्म जवान को लेकर बिजी हो जाएंगे.

**शाहरुख खान की फिल्में**

सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित पठान के रिलीज के लिए शाहरुख खान ने पूरी तैयारी कर ली है. इसमें दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी हैं और यह 25 जनवरी 2023 को रिलीज होगी. उनके पास फिल्म जवान भी है, जो 2 जून 2023 को सिनेमाघरों में उतरेगी. मूवी डंकी 22 दिसंबर 2023 को रिलीज होगी.

**आलिया भट्ट की फिल्म**

आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट वनः शिवा में रणबीर कपूर, अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और मौनी रॉय भी हैं. फिल्म इसी साल 9 सितंबर को रिलीज होगी. उन्होंने हाल ही में दो फिल्मों- रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह के साथ और हॉलीवुड की पहली फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन के साथ गैल गैडोट की शूटिंग पूरी कर ली है.

## सितारों से बनी लाल ड्रेस पहन खूब इतराईं पलक तिवारी, बॉडीकॉन आउटफिट में लगीं और भी हसीन



पलक तिवारी धीरे-धीरे ही सही लेकिन अपनी पहचान अब बनाने लगी हैं. हार्डी संधू संग बिजली गाने में नजर आने के बाद से पलक खूब सुर्खियों में छाई रहती हैं. अब पलक तिवारी अपने लेटेस्ट फोटोशूट को लेकर खासी चर्चा में आ गई हैं. डब्बू रतनानी के कैमरे में क्लिक होते ही हर हसीना और भी खूबसूरत हो जाती है और अब पलक तिवारी भी उतनी ही हसीन लग रही हैं. पलक तिवारी लेटेस्ट फोटोशूट में सितारों सी झिलमिल लाल ड्रेस पहनकर बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं और जमकर इतरा भी रही हैं.

# कन्नड़ पॉवर स्टार को मिलेगा कर्नाटक रत्न अवॉर्ड

## पुनीत राजकुमार को राज्य सरकार मरणोपरांत करेगी सम्मानित



कर्नाटक सरकार दिवंगत कन्नड़ एक्टर पॉवर स्टार पुनीत राजकुमार को मरणोपरांत कर्नाटक रत्न अवॉर्ड से सम्मानित करेगी। इसकी घोषणा शुक्रवार को सीएम बसवराज बोम्मई ने की। पुनीत को यह सम्मान 1 नवंबर यानी कन्नड़ राज्योत्सव के समारोह में दिया जाएगा। पुनीत राज्य के सर्वोच्च अवार्ड से सम्मानित होने वाले 10वें व्यक्ति हैं। इससे पहले समाज सेवा के लिए डॉक्टर वीरेंद्र हेगड़े को 13 साल पहले यानी 2009 में दिया गया था। इस सम्मान ने साल 1992 में उनके पिता डॉक्टर राजकुमार भी सम्मानित हो चुके हैं, उनके साथ कवि कुवेम्पु को भी सम्मानित किया गया था। राजकुमार कर्नाटक रत्न अवॉर्ड से सम्मानित होने वाले लोगों में पहले लोगों में शामिल हैं।

**परोपकार के भी पावरस्टार थे पुनीत**


अपने 46 साल के छोटे से जीवनकाल में पुनीत परोपकार के भी पावर स्टार थे। वे धर्मों के खिलाफ कुछ नहीं सुन पाते थे। कोरोना महामारी के दौरान भी पुनीत ने सीएम रिलीफ फंड में 50 लाख रुपए डोनेट किए थे। पुनीत ने 45 स्कूल, 26 अनाथालय, 16 वृद्धाश्रम, 19 गोशाला और1800 अनाथ लड़कियों की हायर एजुकेशन की जिम्मेदारी उठाई थी।

**दिल का दौरा पढ़ने से हुआ था निधन**

पिछले साल 29 अक्टूबर को दिल का दौरा पड़ने के बाद पुनीत राजकुमार का निधन हो गया था। उनके परिवार में पत्नी अश्विनी रेवंत और धृति और वंदिता दो बेटियां हैं। उनकी आखिरी फिल्म 'जेम्स' इस साल 17 मार्च को रिलीज हुई थी, जिसे बॉक्स ऑफिस पर शानदार ओपनिंग मिली थी।

**पुनीत का फिल्मी सफर**

पुनीत के पिता राजकुमार साउथ के आइकन रहे हैं। पुनीत ने अपने करियर की शुरुआत चाइल्ड एक्टर के तौर पर की थी। उन्हें फिल्म बेट्टद हूवु के लिए बेस्ट चाइल्ड एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला था। फिल्म 'अप्पू' से बतौर लीड एक्टर अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्हें आकाश (2005), आरसु (2007), मिलन (2007) और वंशी (2008) जैसी फिल्मों में दमदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है, जो अभी तक उनकी सबसे बड़ी कॉमर्शियल हिट हैं। साउथ में उनकी फिल्मों की दीवानगी इस कदर होती थी कि एक बार उनकी 14 फिल्में लगातार कम से कम 100 दिनों तक सिनेमाघरों में बनी रही थीं।



# अमेरिकी अर्थव्यवस्था में हिचकोले क्यों भारत के लिए नहीं है अच्छी खबर?

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी अर्थव्यवस्था हिचकोले मार रही है। लगातार दो तिमाहियों में उसकी ग्रोथ घटी है। तकनीकी तौर पर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मंदी दस्तक दे चुकी है। इसका दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ सकता है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहेगा। कारण है कि वह दुनिया से करीब से जुड़ा है। दिक्कत एक और है। अमेरिका और चीन के बीच कड़वाहट दोबारा बढ़ी है। इस बार केंद्र में ताइवान है। कुछ साल पहले अमेरिका और चीन के बीच छिड़ी ट्रेड वॉर ने दुनियाभर के बाजारों को हिलाकर रख दिया




था। बीते कुछ सालों में चीन की आक्रामकता अमेरिका को भी अखर रही है। अमेरिकी संसद की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने बुधवार को ताइवान का दौरा किया था। इसके बाद से दोनों देशों में नए सिरे से तनातनी बढ़ी है। बहरहाल, अमेरिकी अर्थव्यवस्था का दिक्कतों में फंसना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है। आइए, इस बात को समझने की कोशिश करते हैं। भारतीय वस्तुओं के लिए अमेरिका सबसे बड़ा मार्केट है। वह टॉप ट्रेडिंग पार्टनरों में से एक है। अमेरिका एकमात्र पार्टनर है जो भारत को निर्यात से ज्यादा आयात करता है। यही कारण है कि अमेरिका की मंदी भारत पर असर डालेगी। डिमांड घटने से ऐसा होगा। अगर भारत में मांग घटती है तो हमें आयात के मुकाबले ज्यादा निर्यात करने वालों पर असर पड़ेगा।

# ट्विटर नहीं मानता भारत का कानून... सौदे से हाथ खींचने का मस्क ने बताया कारण, क्या एक्शन लेगी सरकार?

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। ट्विटर और एलन मस्क के बीच सौदा खटाई में पड़ा हुआ है। टेस्ला के मालिक ने 44 अरब डॉलर में माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म को खरीदने की बात कही थी। यह और बात है कि बाद में उन्होंने सौदे से हाथ खींच लिए थे। अब एलन मस्क ने इससे मुकरने का कारण बताया है। इसमें भारत का भी नाम आ गया है। एलन मस्क ने दावा किया है कि ट्विटर भारत के कानून का पालन नहीं करता है। इस पॉलिसी ने प्लेटफॉर्म के सबसे बड़े बाजारों में से एक को खतरे में डाल दिया है। यह बिलियनेयर चाहता था कि ट्विटर



भारतीय कानूनों का पालन करे। एलन मस्क का यह दावा कई लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। ट्विटर पर भारत में मनमानी के आरोप लगते रहे हैं। यहां तक सरकार और ट्विटर के बीच लड़ाई अदालतों में चल रही है। मस्क के इस दावे से सरकार के तर्कों को धार मिलेगी। देखना दिलचस्प होगा कि उसका रुख आगे क्या रहेगा। शुक्रवार देर रात अमेरिका में डेलावेयर कोर्ट में एक केस दर्ज हुआ है। यह केस माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म के खिलाफ दायर हुआ है। एक काउंटर सूट में मस्क ने कहा कि 44 अरब डॉलर के ट्विटर अधिग्रहण सौदे पर हस्ताक्षर करने के लिए उनके साथ 'धोखा' हुआ है। मस्क बनाम ट्विटर मामले में 100 से ज्यादा पन्नों में नया केस दर्ज हुआ है। इसमें कई बातें खुलकर सामने आ गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्टर केट कांगर ने ट्वीट किया, 'जुलाई में, ट्विटर ने कंटेंट को हटाने और दर्जनों खातों को ब्लॉक करने के मामले में चुनौती देने के लिए भारत सरकार पर मुकदमा दायर किया।' कांगर ने कहा, 'मस्क ने इसे मुद्दा बनाया, यह कहते हुए कि यह ट्विटर के सबसे बड़े बाजारों में से एक को खतरे में डालता है। ये बताता है कि ट्विटर को भारत में स्थानीय कानून का पालन करना चाहिए।' ट्विटर ने आखिरी बार अपने प्लेटफॉर्म पर कुछ कंटेंट को हटाने के भारत सरकार के आदेश के खिलाफ इस आधार पर कर्नाटक हाई कोर्ट का रुख किया था कि आईटी मंत्रालय से कंटेंट हटाने के आदेश 'आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत सही नहीं हैं।

# पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ने से टेंशन में तेल कंपनियां

## एचपीसीएल को अब तक का सबसे बड़ा घाटा

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) को रिकॉर्ड घाटा हुआ है। कंपनी के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 10,196.94 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड घाटा हुआ। यह किसी भी तिमाही में एचपीसीएल को हुआ सबसे बड़ा घाटा है। एक साल पहले की समान अवधि में उसे 1,795 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। वजह क्या है: कंपनी के मुताबिक पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढ़ने की वजह से यह नुकसान हुआ है। दरअसल, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी नहीं की जिससे उन्हें परिचालन व्यय के अनुपात में राजस्व का नुकसान उठाना पड़ा है। दूसरी कंपनियों को भी नुकसान: एचपीसीएल की तरह सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और बीपीसीएल ने भी बीती तिमाही में पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाए। ऐसा बढ़ती मुद्रास्फीति पर काबू पाने की सरकार की कोशिशों को ध्यान में रखते हुए किया गया। कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होने से आईओसी को भी इस तिमाही में 1,992.53 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। हालांकि एचपीसीएल को तेल उत्पादन से अधिक बिक्री करने से ज्यादा बड़ा घाटा उठाना पड़ा है। एचपीसीएल को उत्पादों की बिक्री से मिलने वाला राजस्व बीती तिमाही में बढ़कर 1.21 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 77,308.53 करोड़ रुपये रहा था। राजस्व वृद्धि की बड़ी वजह कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हुई बढ़ोतरी रही।

# 10 लाख करोड़ का ऋण बट्टे खाते में

## वित्त राज्यमंत्री ने राज्यसभा में बताया

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। देश के बैंकों ने पिछले 5 सालों में 10 लाख करोड़ रुपये का ऋण बट्टे खाते में डाल दिया। यह जानकारी राज्यसभा में केन्द्रीय राज्यमंत्री भागवत कराड ने दी है। वित्त राज्यमंत्री भागवत कराड ने बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 में बैंको ने बट्टे खाते में डाली जाने वाली राशि वित्त वर्ष 2020-21 के 2,02,781 करोड़ रुपये की तुलना में घटकर 1,57,096 करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष 2019-20 में बट्टे खाते में डाली जाने वाली राशि की रकम 2,34,170 करोड़ रुपये थी, जबकि वर्ष 2018-19 में 2,36,265 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान बैंकों ने बट्टे खाते में 1,61,328



करोड़ रुपये डाली थी। कुल मिलाकर पिछले 5 वित्त वर्ष (2017-18 से 2021-22) में 9,91,640 करोड़ रुपये का बैंक ऋण बट्टे खाते में डाला गया है। वित्त राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि "अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक और सभी भारतीय वित्तीय संस्थान आरबीआई को अपने केंद्रीय रिपोजिटरी ऑफ इंफॉर्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिट्स (सीआरआईएलसी) डेटाबेस के तहत 5 करोड़ और उससे अधिक के कुल क्रेडिट एक्सपोजर वाले सभी उधारकर्ताओं की कुछ क्रेडिट जानकारी की रिपोर्ट करते हैं। मेहुल चोकसी की कंपनी पहले स्थान पर: वित्त मंत्री कराड ने बताया कि मार्च 2022 तक शीर्ष 25 लोगों में गीतांजलि जेम्स लिमिटेड इस सूची में सबसे ऊपर है। इसके बाद एरा इंफ्रा इंजीनियरिंग, कॉनकास्ट स्टील एंड पावर, आरईआई एग्रो लिमिटेड और एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड शामिल है। गीतांजलि जेम्स फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की कंपनी है, जिसपर बैंकों का 7,110 करोड़ रुपये बकाया है। जबकि एरा इंफ्रा इंजीनियरिंग पर 5,879 करोड़ रुपये और कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड पर 4,107 करोड़ रुपये बकाया है। क्या होता है बट्टा खाता?: कोई भी बैंक जब अपने ग्राहकों से कर्ज वसूली नहीं कर पाते तो वह राशि एनपीए में चली जाती है।

इसके बाद जिन बैंकों का एनपीए काफी बढ़ जाता है तो वे एनपीए की राशि को बट्टे खाते में डाल देते हैं। बैंक अपनी बैलेंस शीट अच्छी दिखाने के लिए 4 साल पुराने फंसे कर्ज को बट्टे खाते में डालते हैं।

हालांकि बट्टे खाते में डालने के बाद ऐसा नहीं है कि कर्ज की वसूली नहीं होती बल्कि कर्ज की वसूली तब भी होती है।

# एनएमडीसी ने घोषित किए पहली तिमाही के परिणाम

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सरकार के स्वामित्व वाली प्रमुख खनन कंपनी एनएमडीसी ने आज अपनी पहली तिमाही के आंकडों की



सूचना दी। कंपनी ने वित्त वर्ष 23 की पहली तिमाही में लौह अयस्क का 8.92 मिलियन टन उत्पादन किया और 7.80 मिलियन टन बिक्री की। पिछले वर्ष की इसी अवधि में, एनएमडीसी ने 8.91 मिलियन टन उत्पादन और 9.45 मिलियन टन बिक्री दर्ज की थी। एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 23 की पहली तिमाही में 4,767 करोड़ रुपए के टर्न ओवर, 1,946 करोड़ रुपए के कर-पूर्व लाभ और 1,469 करोड़ रुपए के कर-पश्चात लाभ के साथ सुस्थिर वित्तीय आंकडे दर्ज किए। वित्त वर्ष 22 की पहली तिमाही के दौरान, कंपनी का टर्न ओवर 6,512 करोड़ रुपए था, जबकि कर-पूर्व लाभ और कर-पश्चात लाभ के आंकड़े क्रमशः 4,263 करोड़ रुपए और 3,193 करोड़ रुपए थे। इन परिणामों पर टिप्पणी करते हुए श्री सुमित देब, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी ने कहा कि जल्द आए मानसून और मांग में मंदी के कारण पहली तिमाही में गति कम रही। सकारात्मक बात यह है कि हमारी निरंतर तकनीकी, डिजिटल और वित्तीय प्रगति से यह बल मिलता है कि एनएमडीसी वर्तमान चुनौतियों का सामना करते हुए वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करेगा।

## ओएसएल एमडी के बेटे पर सीबीआई का शिकंजा चर्चित मिश्रा गिरफ्तार

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। सीबीआई ने पारादीप पोर्ट ट्रस्ट के अधिकारी से जुड़े 25 लाख रुपये रिश्वत देने के मामले में उद्योगपति और ओएसएल कंपनी के एमडी महिमाानंद मिश्रा के बेटे चर्चित मिश्रा को गिरफ्तार किया है। बता दें कि शनिवार को चर्चित मिश्रा बुलाए जाने पर भुवनेश्वर में सीबीआई कार्यालय पहुंचे थे। इससे पहले सीबीआई ने पारादीप पोर्ट के मुख्य यांत्रिक अभियंता से जुड़े 25 लाख रुपये के रिश्वत मामले में चर्चित मिश्रा को आरोपित बताया था। सीबीआई की ओर से चर्चित मिश्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7,8,10, 12 और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) 120 (बी) के तहत आरोप तय किए गए हैं।

# अनिल अंबानी की कंपनी की बिक्री प्रक्रिया में देरी

## निवेशकों ने ताबड़तोड़ खरीद डाले शेयर



नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। कर्ज में डूबी अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल की बिक्री प्रक्रिया में देरी तय मानी जा रही है। दरअसल, रिलायंस कैपिटल की समाधान योजना जमा करने की तारीख बढ़ाया जा रहा है। इस खबर के बीच बीते शुक्रवार का निवेशकों ने रिलायंस कैपिटल के शेयर की जबरदस्त खरीदारी कर डाली। क्या है शेयर भावः रिलायंस कैपिटल का शेयर भाव करीब 5 फीसदी की तेजी के साथ 14.34 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, मार्केट कैपिटल की बात करें तो 362.38 करोड़ रुपये है। बता दें कि शेयर 1 अगस्त को 12 रुपये के भाव पर था, जो अब 14 रुपये के स्तर को पार कर चुका है। इस शेयर का लो लेवल 11.62 रुपये है जो 21 जून 2022 को था। बिक्री प्रक्रिया में देरी की वजहः रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के लिए समाधान योजना जमा करने की अब नई डेडलाइन 28 अगस्त है, जबकि पिछली तारीख 10 अगस्त थी। रिलायंस कैपिटल को शुरुआत में 54 अभिरुचि पत्र (ईओआई) मिले थे, लेकिन अब केवल 5-6 बोलीदाता ही सक्रिय हैं। ठंडी प्रतिक्रिया के कारण सीओसी ने पहली समयसीमा में 75 करोड़ रुपये बयाना जमा करने की शर्त को भी खत्म कर दिया।

# अलीबाबा ने 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला, आगे की क्या है योजना?

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी तकनीकी समूह अलीबाबा ने देश में सुस्त बिक्री और धीमी अर्थव्यवस्था के बीच खर्च में कटौती करते हुए लगभग 10,000 कर्मचारियों को अलविदा कह दिया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, कंपनी ने अपने कुल कर्मचारियों की संख्या को घटाकर 245,700 कर दिया। जून तिमाही के दौरान 9,241 से अधिक कर्मचारियों को हांग्जो स्थित अलीबाबा को छोड़ दिया। रिपोर्ट में कहा गया है, अलीबाबा के कर्मचारियों की संख्या में छह महीने से जून तक 13,616 की कमी आई है, जो मार्च 2016 के बाद से पेरोल आकार में फर्म की पहली गिरावट है। अलीबाबा ने जून तिमाही में शुद्ध आय में 50% की गिरावट के साथ 22.74 बिलियन युआन (3.4 बिलियन डॉलर) की गिरावट दर्ज की, जो पिछले साल की समान अवधि में 45.14 बिलियन युआन थी। रिपोर्ट में कहा गया है, ₹दुनिया के सबसे बड़े ई-कॉमर्स बाजार चीन में निरंतर नियामक दबाव, सुस्त खपत और धीमी अर्थव्यवस्था का सामना कर रहा है।₹ अलीबाबा के चेयरमैन और सीईओ



डेनियल झांग योंग ने कहा कि कंपनी इस साल करीब 6,000 नए यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट्स को अपने हेडकाउंट में जोड़ेगी।

पिछले महीने, रिपोर्टें सामने आईं कि अरबपति जैक मा सरकारी नियामकों के दबाव के बीच एंट ग्रुप का अपना नियंत्रण छोड़ने की योजना बना रहे हैं। बता दें कि पिछले साल से चीनी नियामक प्राधिकरण अलीबाबा और एंट जीआर जैसे घरेलू तकनीकी दिग्गजों पर कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं।

# एक महीने के हाई पर पहुंचा सोने का भाव, एक्सपर्ट बोले- अभी नहीं आया खरीदारी का सही समय

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। सोने का भाव एक महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। बीते एक सप्ताह में सोने में अच्छी तेजी दर्ज की गई। इस अवधि में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव ऊंचे हुए हैं। एमसीएक्स पर गोल्ड का फ्यूचर कांट्रेक्ट 51,864 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस महीने सोने के हाजिर भाव 1,800 डॉलर प्रति औंस तक जा पहुंचे। शुक्रवार को सोना 1,774 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। मनीकंट्रोलकी एक रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार 5 अगस्त को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने में हल्की कमजोरी देखने को मिली और यह 9 रुपये गिरकर 52,592 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। गुरुवार को सोना 52,601 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। शुक्रवार को चांदी में भी 487 रुपये की गिरावट आई और यह 58,477 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। सोने में आई इस तेजी के पीछे बदलती



अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां हैं। अमेरिका सहित कई देशों में मंदी का खतरा मंडरा रहा है। चीन और ताइवान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इससे भू-राजनीतिक तनाव काफी बढ़ गया है। जब कभी दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता बढ़ती है, सोने की डिमांड बढ़ जाती है जिससे इसकी कीमतों में तेजी आती है। इसकी वजह यह है कि सोने को निवेश का सबसे सुरक्षित माध्यम माना जाता है। एक्सपर्ट का कहना है कि सोने का आउटलुक अभी पॉजिटिव नजर आ रहा है। लेकिन, डॉलर इंडेक्स में मजबूती आती है तो इससे सोने में मुनाफावसूली निवेशक कर सकते हैं और भाव टूट सकते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि फिलहाल निवेशकों को सोने में निवेश से बचना चाहिए और थोड़ा इंतजार करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का हाजिर भाव 1,750-1,720 डॉलर प्रति औंस के दायरे में रहने की उम्मीद बाजार जानकारों को है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज में वाइस प्रेसिडेंट (रिसर्च) अनुज गुप्ता का कहना है कि कि सोने का भविष्य अच्छा दिख रहा है। लेकिन, डॉलर इंडेक्स 105 के लेवल से ऊपर जाने से मुनाफावसूली के आसार दिख रहे हैं। इससे सोने के दाम एक बार गिर सकते हैं। गिरावट के बाद फिर इसमें तेजी का नया दौर शुरू हो सकता है। बाजार जानकारों को सोने का घरेलू बाजार भाव 51,300-51,500 रुपये प्रति 10 के दायरे में आ जाने की उम्मीद है।

# बीएसएनएल के कर्मचारियों को केंद्र का अल्टीमेटम

## 'सरकारी' रवैया छोड़कर काम करें वरना घर जाएं : रिपोर्ट

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल के कर्मचारियों से दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि वे 'सरकारी' रवैया छोड़कर काम करें। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारी जो उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं उन्हें अनिवार्य रूप से रिटायर होने और घर जाने के लिए तैयार रहना होगा। टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, वैष्णव ने कथित तौर पर बीएसएनएल के 62,000 कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि जारी की गई चेतावनी को लेकर उनके मन में कोई संदेह नहीं होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री हाल ही में बीएसएनएल के रिवाइवल



के लिए 1.64 लाख करोड़ रुपये के पैकेज लाए थे जिसे केंद्र सरकार की ओर से मंजूरी मिल गई है। वरिष्ठ प्रबंधन के साथ एक बैठक में वैष्णव ने कहा कि आपको वह करना होगा जो आपसे अपेक्षित है नहीं तो पैकअप कर लीजिए। इस पर आपको कोई संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों से या तो प्रदर्शन करने या रिटायर होने को कहा। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि एमटीएनएल का 'कोई भविष्य नहीं' है। उन्होंने कहा कि सरकार एमटीएनएल को लेकर बहुत कुछ नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि एमटीएनएल की बाधाएं क्या है और इसके सामने क्या समस्याएं आती हैं। बकौल वैष्णव, उसके लिए एक अलग योजना बनाई जाएगी और उसके आधार पर आगे कदम उठाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने बीएसएनएल के दफ्तरों में गंदगी व उनकी बदहाल हालत को लेकर भी अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने झारसुगुडा में बीएसएनएल दफ्तर में गंदगी का उदाहरण देते हुए कहा कि उसे देखकर चुल्लू भर पानी में डूबने का मन करे। उन्होंने कहा कि दफ्तर बहुत गंदा था। केंद्रीय मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ये सब ठीक नहीं हुआ तो बीएसएनल की शीर्ष लीडरशीप को खत्म कर दिया जाएगा। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जिन लोगों को काम नहीं करना है वे वीआरएस लेकर घर जाने के स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे इसका विरोध करते हैं तो समय से पहले सेवानिवृत्ति देने वाले नियम को लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने बीएसएनल के कर्मचारियों से बेहद प्रतिस्पर्धी होने के कहा।

# क्रिप्टो एक्सचेंज वजीरएक्स पर ईडी का छापा:डायरेक्टर के 64 करोड़ के बैंक एसेट फ्रीज किए, चीनी लोन ऐप को पैसा विदेश भेजने में मदद की

नई दिल्ली, 6 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने ज़ानमाई लैब प्राइवेट लिमिटेड के एक डायरेक्टर समीर म्हात्रे के 64.67 करोड़ रुपए के बैंक एसेट फ्रीज किए है। क्रिप्टो एक्सचेंज वजीरएक्स का मालिकाना हक ज़ानमाई लैब के पास है। ईडी ने डायरेक्टर के ठिकानों पर छापेमारी के बाद यह कार्रवाई की है। ईडी कई इंडियन नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनीज और उनके फिनटेक पार्टनर्स के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है। इनपर भारतीय रिजर्व बैंक की गाइडलाइन का उल्लंघन, व्यक्तिगत डेटा का दुरुपयोग और लोन वसूली के लिए ग्राहकों के साथ अपमानजनक भाषा में बात करने



के आरोप हैं।

**नॉन फंक्शनल एनबीएफसी से लोन ऐप की पार्टनरशिप**

एजेंसी ने कहा कि कई चाइना बैक्ड फिनटेक कंपनीज को लोन का कारोबार करने के लिए एनबीएफसी लाइसेंस नहीं मिल सका। इसलिए उन्होंने अपने ऐसी एनबीएफसी के साथ एमओयू किया जो फंक्शनल नहीं है।

**फिनटेक ऐप ने क्रिप्टो एसेट से विदेश में पैसा भेजा**

आपराधिक जांच शुरू होने के बाद, इनमें से कई फिनटेक ऐप ने अपना बिजनेस बंद कर दिया और जो मोटा मुनाफा कमाया उसे डायवर्ट कर दिया। ईडी ने पाया कि फिनटेक कंपनियों ने बड़ी मात्रा में फंड से क्रिप्टो एसेट खरीदे और फिर उन्हें विदेशों में लॉन्ड्र करने के लिए डायवर्ट किया।

**वज़ीरएक्स एक्सचेंज में सबसे ज्यादा राशि ट्रांसफर**

ईडी ने क्रिप्टो-एक्सचेंजों को समन जारी किए थे। ईडी ने कहा कि यह देखा गया है कि अधिकतम राशि वज़ीरएक्स एक्सचेंज में भेजी गई थी और खरीदे गए क्रिप्टो-एसेट को अज्ञात विदेशी वॉलेट में भेज दिया गया था।

**डायरेक्टर ने क्रिप्टो एसेट डिटेल्स नहीं दी**

ईडी ने कहा कि समीर म्हात्रे को वजीरएक्स के डेटाबेस का पूरा रिमोट एक्सेस था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने क्रिप्टो एसेट से संबंधित डिटेल्स नहीं दी। फाइनेंस मिनिस्ट्री ने 2 अगस्त को राज्य सभा में बताया था कि ईडी फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के तहत वजीरएक्स की जांच कर रही है।



## राजस्थान सीएम गहलोत का अटपटा बयान

# फांसी देने का कानून आया तो बढ़ गए दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले



जयपुर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सीएम अशोक गहलोत दिल्ली में है। इसी बीच मुख्यमंत्री गहलोत ने दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को फांसी देने का कानून अमल में आने के बाद से दुष्कर्म के बाद महिलाओं की हत्या के मामले में इजाफा हुआ है।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार सीएम गहलोत ने दिल्ली में मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्भया कांड के बाद आरोपियों को फांसी देने की मांग ने जोर पकड़ा और इसके बाद कानून अमल में आया। ऐसे में दुष्कर्म के बाद महिलाओं की हत्या के मामले में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में यह एक खतरनाक ट्रेंड बनकर उभरा है। दुष्कर्म करने वाले को लगता है कि पीड़िता उसके खिलाफ गवाह बन जाएगी। वह दुष्कर्म भी करता है और हत्या भी कर देता है। जो रिपोर्ट देशभर से आ रही हैं, वह बड़ी खतरनाक ट्रेंड है। देश में जो हालात हैं वो ठीक नहीं है। लोकतंत्र के लिए बड़ा संकट का समय है, ऐसा हमने पहले कभी नहीं देखा है।

**अहम घमंड से चल रही भाजपा सरकार**

वहीं मुख्यमंत्री गहलोत ने एनआई से बातचीत की। जिसमें उन्होंने कहा कि अगर शांतिपूर्ण तरीके से लोकतंत्र के अंदर रैली निकलती है, आम जनता जुड़ती है तो सरकार की आंखें खुलती है कि वास्तव में जनता रैली का साथ दे रही है। इसका मतलब है कि कहीं न कहीं सरकार की नीतियों में चूक है तो सरकार को भी गुड गवर्नेंस के लिए इम्प्रूवमेंट का एक अवसर मिलता है। ये सरकार उससे भी चूकना चाहती है क्योंकि एरोगेंट है। अहम-घमंड में सरकार चल रही है। गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष के आंदोलन को कोई तवज्जो नहीं दे रही है ये इनके खुदके लिए घातक होगा मेरा मानना है। लोकतंत्र में इतनी छूट होनी चाहिए विपक्ष को कि वो खुलकर धरना-प्रदर्शन कर सके उससे गवर्नमेंट को ही फायदा होता है पर ये इतने अहम-घमंड में चल रहे हैं कि इन्हें किसी की परवाह ही नहीं है।

## सौ की ज्यादा स्पीड से वकील ने दौड़ाई कार, पुलिस कांस्टेबल को कुचला, मौत

जोधपुर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। जोधपुर में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। एक तेज रफ्तार कार ने पुलिस कांस्टेबल को टक्कर मार दी। जिससे 27 साल के कांस्टेबल की मौत हो गई। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है।

कुड़ी भगतासनी थाना क्षेत्र के नाका संख्या तीन पर शुक्रवार रात को कांस्टेबल केतू बालेसर ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान एक कार 100 से ज्यादा की स्पीड से आई डिवाइडर पर खड़े कांस्टेबल को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार उछल कर डिवाइडर पार जा गिरी। रात को मौके पर तैनात एएसआई कानाराम ने बताया कि रात करीब 11.40 बजे कार की स्पीड बहुत तेज थी। मौके पर मौजूद घायल कांस्टेबल को एम्स लेकर गए, जहां उसके सिर, रीढ़ की हड्डी सहित कई जगह चोटें आई। इलाज के दौरान घायल कांस्टेबल ने दम तोड़ दिया।

## बहुमत मिलना ब्लैंक चेक नहीं

# सचिन पायलट बोले : सरकार के लिए सत्ता का घमंड सही नहीं

**हाइलाइट्स**

> महंगाई के मुद्दे पर सरकार के पास कोई जवाब ही नहीं है, यह कैसा लोकतंत्र

> विपक्ष के सवालों का जवाब देने के बजाय सत्तापक्ष खुद सवाल पूछ रहे हैं

> विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं देने के बहाने ढूंढ रही है भाजपा

जयपुर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस की ओर से महंगाई, बेरोजगारी और जीएसटी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया गया। दिल्ली में कांग्रेसी सांसदों ने काले कपड़े पहन कर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध के लिए 5 अगस्त का दिन चुनने पर बीजेपी सवाल खड़े कर दिए।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 5 अगस्त को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की नींव रखी गई थी। इस दिन काले कपड़े पहन कर प्रदर्शन करके कांग्रेस ने राम भक्तों का अपमान किया है। इस पर कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब सत्ता पक्ष के लोग विपक्ष से सवाल पूछ रहे हैं। महंगाई और बेरोजगारी पर विपक्ष के सवालों का जवाब देने के बजाय उल्टे हमसे पूछा जा रहा है कि आपने यह दिन क्यों तय किया। ये तो मूल मुद्दे से देश का ध्यान भटकाना है।

**विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं देने के बहाने ढूंढ रही है भाजपा**

सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस सांसदों ने काले कपड़े पहन कर सांकेतिक प्रदर्शन किया। क्योंकि देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लोग बेरोजगार हैं, किसान तड़प रहा है। देश में जो ज्वलंत मुद्दे हैं उन्हें रेखांकित करने के लिए कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। बीजेपी देश के गम्भीर मुद्दों पर जवाब देने के बजाय विपक्ष से पूछती है कि प्रदर्शन के लिए ये दिन क्यों चुना, ऐसे कपड़े क्यों पहले। यह तो सब बहाने हैं। केन्द्र सरकार को जवाब देना चाहिए कि वे कब तक महंगाई कम करेंगे। बेरोजगारी को कब तक खत्म करेंगे। सत्ता में आने से पहले जो वादे किए थे, वे कब तक पूरा करेंगे। यह बताना चाहिए।

**विपक्ष की आवाज को कुचलना अच्छी परम्परा नहीं है**

सचिन पायलट ने कहा कि संसद में जब देश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करने की मांग की जाती है तो सांसदों को सस्पेंड कर दिया जाता है। जब शांतिपूर्वक गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाता है तो सांसदों को गिरफ्तार कर लिया जाता है। विपक्ष की आवाज को कुचलना अच्छी परम्परा नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध करने का तरीका होता है विरोध करना, धरना देना, काली पट्टी बांधना या सदन का वॉक आउट करना। इसके अलावा विपक्ष और क्या कर सकता है। हमें कोई लड़ाई तो कर नहीं सकते।



सरकार महंगाई के मुद्दे पर कब तक चुप रहेगी पालयट ने कहा कि यूपीए शासन के समय में क्रूड ऑयल की कीमतें काफी ज्यादा थी। अब क्रूड ऑयल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में भारी कमी आई है। इसके बावजूद डीजल और पेट्रोल की कीमतों में कमी नहीं की गई।

## बीजेपी पर डोटासरा ने बोले तीखे बोल

# कांग्रेस का सिपाही डरने वाले नहीं है, हम लाठी का जवाब देंगे



जयपुर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। महंगाई बेरोजगारी और जीएसटी के खिलाफ कांग्रेस ने एक बार फिर बड़ा प्रदर्शन किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर दिल्ली से लेकर सभी जिला मुख्यालयों तक विरोध प्रदर्शन किए गए और गिरफ्तारियां दी गई। इस दौरान कई जगह कांग्रेसी कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए। जयपुर में सिविल लाइन फाटक के पास कांग्रेस की ओर से बड़ी सभा का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेसी नेताओं ने राजभवन घेराव का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने रोक दिया। बाद में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस का सिपाही डरने वाले नहीं है, हम लाठी का जवाब लाठी से देना जानते हैं।

**सत्ता में बीजेपी अपने वादे भूल गई**

गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि यूपीए शासन के दौरान भाजपा ने महंगाई के खिलाफ आंदोलन चलाया था। महंगाई और भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर भाजपा सत्ता तक पहुंची। इससे पहले हर वर्ष 2 करोड नौकरी देने का भी झांसा दिया गया, लेकिन सत्ता में आने के बाद बीजेपी सब कुछ भूल गई। उन्हें जब उनके पुराने वादे याद दिलाते हैं तो वो कहते हैं कि वे तो चुनावी जुमले थे।

**गडकरी जी जीएसटी का विरोध करके सन्यास लें : खाचरियावास**

खाचरियावास ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले दिनों एक सभा के दौरान नितिन गडकरी जी ने भी राजनीति से सन्यास लेने की बात कही थी। खाचरियावास बोले कि गडकरी जी आप खुद देश की वर्तमान राजनीति से परेशान हो। ऐसे में राजनीति से संन्यास लेने से पहले एक बार आप लोकसभा में जीएसटी के खिलाफ खुल कर बोलना।

**तेज बारिश के बीच काली पट्टी बांध कर धरना दिया गया**

जयपुर में शुक्रवार को तेज बारिश हुई। इस बारिश के दौरान भी कांग्रेस का महंगाई के खिलाफ धरना जारी रहा। हालांकि बारिश की वजह से ज्यादा भीड़ नहीं उमड़ पाई। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ कैबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी, परसादी लाल मीणा, सुखराम बिश्नोई, प्रताप सिंह खाचरियावास, डॉक्टर महेश जोशी, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. चंद्रभान, कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज, ज्योति खंडेलवाल सहित कई वरिष्ठ नेता और कांग्रेसी विधायक मौजूद रहे।

दिल्ली में कांग्रेसी नेताओं ने काले कपड़े पहन कर विरोध प्रदर्शन किया। जबकि जयपुर में कांग्रेसी नेताओं ने काली पट्टी बांधकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

## बच्चों के साथ कुएं में कूदी मां, चार की मौत

अजमेर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। पारिवारिक कलह ने हंसते-खेलते परिवार को लगभग खत्म कर दिया।

बच्चों के साथ कुएं में कूदी मां तो बच गई, लेकिन चार मासूमों की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। मांगलियावास थाना पुलिस ने चारों बच्चों के शव पीसांगन अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाए हैं।

मामला अजमेर जिले के गांव गीगलपुरा (गोला) का है। पुलिस शुक्रवार रात करीब 10 बजे हुई इस वारदात की जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी सुनील ताड़ा ने बताया कि शुक्रवार रात को मोती देवी पत्नी बोदु गुर्जर (32) का परिवार में झगड़ा हो गया और इसी से परेशान होकर वह बलदेव राम गुर्जर के कुएं में अपने 4 बच्चे के साथ कूद गई।

# कांग्रेस सड़क पर उतरने का नाटक करती है, जीएसटी के मुद्दे पर बोले बीजेपी नेता अरुण चतुर्वेदी




दौसा, 6 अगस्त (एजेंसियां)। पूरे देश में आज कांग्रेस ने महंगाई, बेरोजगारी और संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के मामले में केंद्र सरकार के खिलाफ सड़क पर प्रदर्शन कर रही है।

वहीं बीजेपी भी कांग्रेस पर हमलावर होती हुई नजर आ रही है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने दौसा में कहा कि कांग्रेस का दोहरा चरित्र जनता के सामने एक्सपोज हो चुका है।

उन्होंने कहा कि महंगाई की बात करने वाली कांग्रेस के ही राज्य राजस्थान में सबसे अधिक महंगा पेट्रोल मिल रहा है, जबकि केंद्र ने कई बार राहत दे दी है उन्होंने कहा कि जीएसटी काउंसिल की बैठक में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि मौजूद रहते हैं और जीएसटी बढ़ाने को लेकर सहमति देते हैं। इसके बाद सड़कों पर संघर्ष का नाटक करते हैं।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल को जीएसटी के दायरे में लाने का कांग्रेस ने विरोध किया और जीएसटी काउंसिल में अनेक राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उनके प्रतिनिधियों ने इसका विरोध किया। लेकिन अब कांग्रेस का दोहरा चरित्र एक्सपोज हो चुका है।

**मोदी जी से जब पूछताछ हुई थी, तो बीजेपी ने नहीं बनाया था मुद्दा**

र्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग जैसी कोई बात नहीं है, क्योंकि ईडी जांच कर रही है तो किसी नेता के 50 करोड रुपए मिल रहे हैं तो फिर इसमें राजनीति किस बात की। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में दंगे हुए थे तो एसआईटी ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी से 12 घंटे तक स्टूल पर बिठाकर पूछताछ की थी लेकिन ना तो नरेंद्र मोदी जी ने इसे मुद्दा बनाया और ना ही भाजपा ने।

# राजस्थान में 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट

### 14 जिलों में होगी बरसात; भीलवाड़ा, भरतपुर, अलवर में 3 इंच से ज्यादा पानी बरसा

जयपुर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में लगातार तीसरे दिन शनिवार को भी कई जिलों में अच्छी बारिश हुई। भीलवाड़ा, भरतपुर, अलवर जिलों में 3 इंच से ज्यादा पानी बरसा। सबसे ज्यादा बरसात भीलवाड़ा जिले में हुई।

बनास नदी पर बनी त्रिवेणी का गेज बढ़ गया, जिससे बीसलपुर बांध में पानी की आवक तेज हो गई। मौसम केन्द्र जयपुर ने 14 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अगले 4 दिन मध्यम दर्जे की बारिश होने का अनुमान है।

पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के काछोला में 117MM (4.5 इंच) बरसात हुई। इसी तरह अलवर के सोडावास में भी 108MM बरसात रिकॉर्ड की गई। इन जिलों के अलावा भरतपुर, बाड़मेर, बांसवाड़ा, बूंदी, जयपुर, जैसलमेर, करौली, राजसमंद, उदयपुर, टोंक समेत अन्य जिलों में भी अच्छी बरसात हुई। राजसमंद, भीलवाड़ा, टोंक सहित कई जगहों पर अच्छी बरसात के बाद बनास नदी का जलस्तर फिर बढ़ गया। बनास पर बनी त्रिवेणी नदी का गेज 2.90 मीटर से बढ़कर 3.30 मीटर पर पहुंच गया, जिससे बीसलपुर बांध में पानी की आवक और तेज हो गई। पिछले 24 घंटे में बांध में 989 क्यूसेक पानी की आवक हुई, जिससे बीसलपुर बांध का गेज 310.73 से बढ़कर 310.80 आरएल मीटर पर पहुंच गया।

## मंदिर के सामने लगे भगवा झंड़े हटाने पर हंगामा

भीलवाड़ा, 6 अगस्त (एजेंसियां)। भीलवाड़ा के आसींद कस्बे में शनिवार सुबह एक बार फिर से तनाव उपज गया है। इस बार तनाव कस्बे के बड़ा मंदिर चौराहे पर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने लगी भगवा झंडियों को हटाने पर हुआ है। शुक्रवार रात किसी ने मंदिर के सामने लगी सभी झंडियों को हटाकर एक तरफ रख दिया। सुबह मंदिर में लोगों को देखते ही उनका आक्रोश फूट गया। कुछ देर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठन के कार्यकर्ता एकत्रित हो गए।

# एमपी के चार खूंखार बदमाशों को जयपुर पुलिस ने पकड़ा

## मोस्ट वांटेड एसयूवी से हो रहे थे फरार




जयपुर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर कमिश्नरेट के करधनी थाना प्रभारी बनवारी लाल मीणा ने जान की बाजी लगाते हुए मध्यप्रदेश के चार खूंखार बदमाशों को दबोच लिया। डीएसटी टीम के हैड कॉन्स्टेबल नरेंद्र सिंह को सूचना मिली कि मध्य प्रदेश के 4 मोस्ट वांटेड अपराधी बोलेरो नम्बर RJ 22 UA 6829 में सवार होकर जयपुर में घूम रहे हैं। इन बदमाशों के पास हथियार होने और जयपुर में लूट या डकैती की बड़ी वारदात को अंजाम देने की सूचना थी। हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह द्वारा बताए गए रास्तों पर पुलिस के द्वारा कड़ी नाकेबंदी की गई। इसी दौरान करधनी में पुलिस और बदमाशों का आमना सामना हो गया।

पुलिस टीम को देखते ही बदमाशों ने भगाई गाड़ी, पीछा करके दबोचा करधनी थाना प्रभारी बनवारी लाल मीणा ने गोविंदम टावर के बाहर नाकाबंदी लगा रखी थी। कुछ ही देर में कालवाड़ रोड की तरफ से बोलेरो गाड़ी RJ-22 UA 6829 आई। नाकाबंदी देखते ही बदमाशों ने बोलेरो को तेज रफ्तार से भगा दिया। पुलिस ने तुरंत पीछा करते हुए नौ दुकान मोड़ के पास बोलोरो गाड़ी को घेर लिया। इस दौरान डीएसपी प्रभारी पुलिस इंस्पेक्टर गुरु भूपेंद्र सिंह और उनकी टीम भी पहुंच गई। चारों तरफ से पुलिस से गिरने के बावजूद भी बदमाशों ने बोलेरो के गेट नहीं खोले।

**कांच तोड़कर गेट खोलने की कोशिश की तो बदमाशों ने तानी पिस्तौल**

इस्पेक्टर बनवारी लाल मीणा और गुरु भूपेंद्र सिंह की पुलिस टीम द्वारा बदमाशों को चारों तरफ से घेर लिया गया था। इसके बावजूद भी बदमाशों ने अपने आप को गाड़ी में बंद करके रखा।

चूंकि बदमाशों के पास हथियार थे। इसलिए पुलिस पूरी तरह संभल कर उनको पकड़ने की कोशिश कर रही थी। इस्पेक्टर बनवारी लाल मीणा ने गाड़ी के कांच तोड़कर बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की तो एक बदमाश ने पिस्तौल तान दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पिस्तौल छीनी और अन्य तीनों बदमाशों को भी काबू में किया।बदमाशों की गाड़ी को घेर कर उन्हें दबोचने के दौरान आसपास काफी भीड़ एकत्रित हो गई थी। स्थानीय लोग समझ ही नहीं पाए कि आखिर हो क्या रहा है। एक दुकान के बाहर खड़े व्यक्ति ने इस कार्रवाई का मोबाइल से वीडियो बनाया। बाद में पता चला कि पुलिस ने मध्यप्रदेश के खूंखार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

# 60 घंटे बाद भी नहीं मिला दिव्यांश

## दादा बोला-मैं अपने आप को माफ नहीं कर सकता; मां का रो-रोकर बुरा हाल




जयपुर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल से चोरी हुए 4 माह के दिव्यांश का अब तक कोई सुराग नहीं लगा। जयपुर पुलिस 2 दिन से करीब 2 दर्जन से अधिक संदिग्धों से पूछताछ कर चुकी है। आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। वहीं, पूरा परिवार सदमे में है। परिजन बार-बार एसएमएस थाने पहुंचकर बच्चे के बारे में पूछ रहे हैं। दिव्यांश की मां ने 2 दिन से कुछ भी नहीं खाया है। मां खेला देवी ने कहा- जब तक उसका बच्चा गोद में नहीं आ जाता, तब तक वह खाना नहीं खाएंगी।

दिव्यांश के पापा अंकुर योगी ने बताया- उनका परिवार सदमे से गुजर रहा है। वह एक-दूसरे को देख कर रोते रहते हैं। दिव्यांश की मां बार-बार अपनी सास और ससुर से बेटे की मांग कर रही है। बार-बार बेहोश हो जाती है। मैं पत्नी को समझा चुका हूं कि पुलिस अपने स्तर पर काम कर रही है। जल्दी बच्चा आ जाएगा, लेकिन मान नहीं रही। समाज के कुछ लोग भी एसएमएस थाने पहुंचे। पुलिसकर्मियों से अब तक की जांच के बारे में जानकारी ली। पुलिसकर्मियों के पास भी बच्चे की रिकवरी को लेकर कोई जवाब नहीं है।

**मेरी मति मारी गई, जो बच्चा अनजान को दे दिया-दादा**

दादा कालू ने बताया कि बच्चा उसी की गोद से आरोपी ने लिया था। इसके कारण वह खुद को माफ नहीं कर पा रहा है। वह बेबस सा थाने के बाहर ही बैठा रहता है।कालू ने बताया कि मेरी मति उस समय खराब हो गई थी, जो मैंने अपने पोते को उस अनजान व्यक्ति को दे दिया। मुझे पता नहीं था कि पिछले चार-पांच दिन से जो व्यक्ति उनके साथ घूम रहा है, वह उनके साथ इतना बड़ा धोखा कर देगा। मेरे जीवन में इतना बड़ा धोखा कभी नहीं खाया। भगवान से प्रार्थना है कि मेरा पोता मेरे हाथों में दोबारा से आ जाए। दादी ने कहा- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हमारे सीएम हैं। मेरे बच्चे को दिलाने की जिम्मेदारी उनकी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जल्द मेरे पोते को मेरी गोद में दे देंगे।

**दिव्यांश को मां से मिलाना है : जनता का महाअभियान, हजारों लोगों ने डीपी बदली, बच्चा चोर के स्टेटस लगाए**




जयपुर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। चार महीने के मासूम दिव्यांश को आखिरी बार उसकी दादी की गोद में देखा गया था प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पतला एसएमएस की बांगड यूनिट के बाहर। बांगड़ यूनिट के बाहर गार्डन में दादी और दादा के साथ दिव्यांश था और रो रहा था। उसे चुप कराने और खिलाने के लिए एक लड़के ने दादी से लिया और फिर उसके बाद पूरे शहर की पुलिस दिव्यांश को तलाश कर रही है। हर खाकी वाले की आहट सुनकर ही मां चौंक जाती है, बच्चे के पिता को पुलिसवालों के पास दौड़ा देती है, पिता अंकुर हाथ जोड़कर पुलिसवालों के पास जाते हैं और पुलिसवाले धीमी आवाज में यही जवाब देते हैं कि अभी नहीं मिला बच्चा... हम तलाश कर रहे हैं। जयपुर के एसएमएस अस्पताल से गायब हुए बच्चे की तलाश में जयपुर के ईस्ट जिले की पूरी पुलिस लगी हुई है। यूपी, दिल्ली और एमपी तक टीमें भेजी गई हैं, लेकिन घंटों की मशक्कत के बाद भी सुराग नहीं लगा है।

# 28 घंटे तक पेड़ पर लटकी रही साधु की बॉडी

### भाजपा विधायक सहित तीन के खिलाफ केस; रिजॉर्ट बनाने को लेकर विवाद

रानीवाड़ा, 6 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में 20 दिन के अंदर एक और संत ने सुसाइड कर लिया। भाजपा विधायक पर आश्रम का रास्ता बंद करने का आरोप लगाकर संत ने अपने आश्रम में ही लगे पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। मामले की सूचना मिलने पर प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे अफसरों ने शव को पेड़ से उतारना चाहा, लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के कारण वह ऐसा नहीं कर सकते। आश्रम के साधु और ग्रामीण मांग कर रहे थे कि संत का सुसाइड नोट सार्वजनिक किया जाए। करीब 28 घंटे बाद प्रशासन ने जब उनकी शर्त मांगी तब वे शव को उतार पाए। मामला, जालोर जिले के राजपुरा गांव का है। यहां हनुमान आश्रम के साधु रविनाथ महाराज (60) ने गुरुवार देर रात आश्रम में सुसाइड कर लिया था। शव शनिवार सुबह करीब 10.30 बजे उतारा गया। इससे पहले शुक्रवार रात को करीब आठ बजे भीनमाल से भाजपा विधायक पूराराम चौधरी सहित तीन लोगों के खिलाफ जातिसूचक शब्द कहने व धमकाने का मामला दर्ज किया गया।

**यह है पूरा विवाद :** आश्रम और सुंधा माता सड़क के बीच भीनमाल विधायक पूराराम चौधरी की 20 बीघा जमीन है। इस जगह विधायक चौधरी का रिजॉर्ट प्रस्तावित है। जमीन करोड़ों की बताई जा रही है। यदि जमीन की चारदीवारी बनाई जाती है तो सड़क से आश्रम जाने का रास्ता बंद हो जाता है। पिछले दो दिनों से इस जमीन की पैमाइश करवाई जा रही थी। बताया जा रहा है रास्ता बंद होने व विधायक की दादागिरी से परेशान संत रविनाथ ने सुसाइड कर लिया। मांगों पर सहमति के बाद भी साधु-संतों का कहना है कि यहां सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं। वहीं दो दिन से आश्रम के आसपास पांच से अधिक थानों का पुलिस बल तैनात है।

# जीएचएमसी मुख्यालय में प्रो. जयशंकर की जयंती मनाई गई



हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त डी.एस. लोकेश कुमार ने कहा कि सभी को प्रोफेसर कोत्तापल्ली जयशंकर के बताए रास्ते में पर चलना चाहिए। उन्हें तेलंगाना सिद्धांतकार के रूप में जाना जाता है। तेलंगाना के एक अलग राज्य के सपने देखने वाले प्रोफेसर जयशंकर की जयंती के उपलक्ष्य में जीएचएमसी मुख्यालय में उनके चित्र पर अपर आयुक्त, ईएनसी, सीई, जोनल कमिश्नर, टाउन प्लानिंग, सीपीआरओ और उच्च अधिकारियों ने प्रोफेसर जयशंकर के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए आयुक्त डी. एस लोकेश कुमार ने कहा वह एक महान व्यक्ति थे जिन्होंने अपना जीवन तेलंगाना आंदोलन को समर्पित कर दिया। उन्हें तेलुगु, उर्दू, हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं का अच्छा जानकार बताया जाता है। कमिश्नर ने कहा कि अलग तेलंगाना राज्य के गठन के लिए कई किताबें लिखी गईं। इस मौके पर वीडीएम विश्वजीत कंपाती, अतिरिक्त आयुक्त श्रुति ओझा, बी. संतोष, जयराज कैनेडी, विजयलक्ष्मी, वी. कृष्णा, ईएनसी जियाउद्दीन, सुरेश कुमार, सीई देवानंद, सरोज रानी, नगर नियोजन अतिरिक्त सीपी श्रीनिवास, सीपीआरओ मुर्तुजा, सचिव, लक्ष्मी, अंचल आयुक्त ममता, पंकजा, श्रीनिवास रेड्डी, अशोक सम्राट और अन्य ने भाग लिया।

# तेलंगाना प्रदेश में 8 और मेडिकल कॉलेज

आसिफाबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की इच्छा को पूरा करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने एक और कदम उठाया है। सीएम केसीआर के आदेश के अनुसार प्रशासन ने 8 और जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना और संबद्ध अस्पतालों के उन्नयन की अनुमति जारी कर दी है। स्वास्थ्य सचिव रिजवी ने शनिवार को इस आशय का आदेश जारी किया। राजन्ना सिरिसिला, विकाराबाद, खम्मम, कामारेड्डी, करीमनगर, जयशंकर भूपालपल्ली, कुमरंभीम आसिफाबाद और जनगांव जिलों में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। राज्य के गठन के बाद पहले चरण में सरकार ने महबूबनगर, नलगोंडा, सूर्यपेट और सिद्दीपेट में 4 नए मेडिकल कॉलेज शुरू किए।लोगों को सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं उपलब्ध कराने के अलावा इन कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षा सफलतापूर्वक पढ़ाई जा रही है। दूसरी रिलीज के रूप में, सरकार ने मंचिरयाला, रामागुंडम, जगत्याला, वानापर्थी, नगर कुरनूल, महबूबाबाद, कोठागुडेम और संगारेड्डी में 8 और मेडिकल कॉलेज स्थापित किए हैं। इसी शैक्षणिक वर्ष में दाखिले शुरू होने जा रहे हैं। नवीनतम तीसरी विज्ञप्ति में, राजन्ना सिरिसिला, विकाराबाद, खम्मम, कामारेड्डी, करीमनगर, जयशंकर भूपालपल्ली, कुमरंभीम आसिफाबाद और जंगम जिलों में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक कॉलेज में 100 एमबीबीएस सीटों के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। कॉलेज भवनों के निर्माण का कार्य आर एंड बी विभाग को सौंप दिया गया है। टीएएसएमएसआईडीसी को अस्पताल भवनों के उन्नयन, उपकरण और फर्नीचर खरीदने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संबंधित मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पताल को वैद्यविधान परिषद के अधिकार क्षेत्र से डीएमई के अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया है। इन 8 मेडिकल कॉलेजों पर कुल 1479 करोड़ की स्थापना की जा रही है।

# तेरापंथ भवन में पचरंगी तप के तपस्वियों का अभिनंदन समारोह



हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद डीवी कॉलोनी तेरापंथ भवन में साध्वीश्री त्रिशलाकुमारीजी के पावन सानिध्य में सामूहिक पचरंगी तप का तप अभिनंदन कार्यक्रम तेरापंथी सभा द्वारा आयोजित किया गया। साध्वीश्री जी की पावन प्रेरणा से लगभग 80 भाई बहनों ने एक साथ इस तपोयज्ञ में भाग लिया। साध्वी श्री जी ने तप का महत्व बताते हुए कहा तप आधी व्याधि को दूर कर समाधि की यात्रा करवाता है। तप करने का हमारा एकमात्र लक्ष्य कर्म निर्जरा होना चाहिए। तप कर्म निर्जरा का सर्वोत्तम साधन है। तपस्या के द्वारा हमारा का शरीर प्रकंपित होता है। जैसे सोना जितना आग में तपता है उतनी ही उसकी आभा चमक दमक बढ़ती है। वैसे ही जो अपने आप को तपरूपी आग में जितना तपायेगा उसकी आत्मा उतने ही पावन पवित्र व निर्मल बनेगी। तपस्या एक परमौषधि है जो हमारे शरीर में किसी भी प्रकार की बीमारी क्यों ना हो उसे दूर करती है। ज्ञातव्य है कि साध्वी श्री के सानिध्य में 15 अगस्त को एक दिवसीय प्रेक्षाध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा भाई बहनों से निवेदन है इस अवसर का लाभ उठाएं।

# ब्रह्मा कुमारीज द्वारा प्रशासक सम्मेलन का आयोजन



हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। व्यावसायिक एंव व्यक्तिगत उत्कृष्टता हेतु जीवन में "प्रभावशीलता को बढ़ाना' के विषय पर ब्रह्मा कुमारीज द्वारा प्रशासक सम्मेलन का आयोजन ग्लोबल पीस ऑडिटोरियम, शांति सरोवर, गाचीबोवली में किया गया। ईश्वरीय स्मृति द्वारा कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। राजयोगी कुलदीप दीदी जी, निदेशक, ब्रह्मा कुमारीज हैदराबाद क्षेत्रीय शाखाओं द्वारा मेहमानों और दर्शकों के स्वागतोपरान्त, हैदराबाद के छठे निज़ाम मोहम्मद अली खान के प्रपौत्र प्रिंस रौनक यार खान जी ने यहाँ की शांति, सुखद एवं आत्मीयता की अद्भुत अनुभूति, सुचारू संचालन की प्रशंसा की । उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति एम सुधीर कुमार ने भी अपने सुखद अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता राजयोगिनी आशा दीदी, निदेशक ओम-शांति रिट्रीट सेन्टर, दिल्ली ने अपने अनुभवों एवं विभिन्न उदाहरणों द्वारा बड़े प्रभावशाली ढंग से इस विषय पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा करते हुए कहा कि दिल को छूने वाली चीजें प्रभाव डालती हैं। विचारों, शब्दों, एवं व्यवहार में संतुलन, सादगी, नम्रता, प्रेम और आपसी विश्वास एवं मानव व्यक्तित्व के मूल्य को पहचानने, समझने और उसकी सराहना करने से जीवन में प्रभावशीलता आती है। प्रभावशीलता आती है जब हम व्यर्थ, अनावश्यक बातों से मुक्त रहते है। उन्होंने बड़ी खूबसूरती से मौन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समस्या एवं अराजकता के मध्य यह मौन व शान्ति उचित समाधान प्रदान करती है। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अतिथि तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने अपने जीवन के अनुभवों के साथ अखंडता, विश्वसनीयता, सादगी और मानव होने के महत्व को जीवन में प्रभावशीलता के महत्वपूर्ण कारक बताये। इस मंच के माध्यम से इस सम्मेलन की थीम 'प्रभावशीलता बढ़ाना' पर राज्यव्यापी अभियान का भी आगाज़ किया गया।

# मिधानि के कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला आयोजित



हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) के कर्मचारियों के लिए एक पूर्ण दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मिधानि की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। आरंभ में उद्यम के उप प्रबंधक (हिंदी अनुभाग एवं निगम संचार) डॉ. बी. बालाजी ने कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्रीमती बेला, उप निदेशक एवं प्रभारी, हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने हिंदी कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कर्मचारियों से निवेदन किया कि अपने दैनिक कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करके हिंदी कार्यान्वयन को गति प्रदान करने में प्रबंधन का सहयोग करें।

पहले सत्र में मुख्य वक्ता श्रीमती बेला ने "राजभाषा संबंधी संवैधानिक प्रावधान व उनका कार्यान्वयन' विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने अपने व्याख्यान में राजभाषा संबंधी संवैधानिक प्रावधान पर प्रकाश डालते हुए हिंदी को राजभाषा के रूप में चुनने कारणों को स्पष्ट किया। उन्होंने कर्मचारियों को हिंदी में कार्यालयीन लेखन के लिए प्रेरित करने व उनके दायित्व के प्रति उन्हें सजग करने के लिए राजभाषा संबंधी निर्धारित लक्ष्यों की जानकारी दी। सत्र के अंत में सभी प्रतिभागियों को कार्यालय का दैनिक कामकाज राजभाषा में करने के लिए शपथ दिलाई। दूसरे सत्र में उद्यम के हिंदी अनुभाग की अवर कार्यपालक (गैर-संघीय पर्यवेक्षक) श्रीमती डी. रत्ना कुमारी ने प्रतिभागियों को कंप्यूटर पर हिंदी टाईपिंग का अभ्यास कराया। उन्हें दैनिक कामकाज में हिंदी के प्रयोग को गति प्रदान करने हेतु उद्यम में राजभाषा संबंधी लागू विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# मंत्री तलसानी को दी जनसमस्याओं की जानकारी



हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गोशामहल विधानसभा क्षेत्र में जनसमस्याओं का जायजा लेने के बाद स्थानीय टीआरएस नेता एम. आनंद कुमार गौड़ ने मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव से मुलाकाल इन जनसमस्याओं की जानकारी दी। श्री गौड़ ने मंत्री से जल्द से जल्द इन समस्याओं को सुलझाने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देने का आग्रह किया। इस पर मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। मंत्री ने तुरंत जोनल अधिकारी से बात की और काम को गति देने के लिए कह दिया। इस मौके पर आनंद कुमार गौड़ ने जंबाग संभाग के लोगों की ओर से मंत्री का आभार जताया। आनंद कुमार गौड़ ने कहा कि मंत्री ने अधिकारियों को अभी बताए गए मुद्दों पर काम पूरा करने का निर्देश दिया है।

# सवा लाख शिव लिंग व द्वादश पार्थिश्वर ज्योतिर्लिंग अभिषेक आज

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री खेमदास मठ, चूड़ी बाजार, बेगम बाजार में श्रावण मास के उपलक्ष्य में सवा लाख शिव लिंग एवं द्वादश पार्थिश्वर ज्योतिर्लिंग अभिषेक का अनुष्ठान कल 7 अगस्त को किया जाएगा। आज यहां महंत मनुदास निरंजनी तथा पं. भंवरलाल शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कल दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा, जो आरती एवं प्रसाद के साथ सांय 06.30 बजे से संपन्न होगा। सभी से निवेदन है इस शुभ कार्य में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बनें।



**नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद तथा ऑल इंडिया ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण का सम्मान करते हुए भाजपा पार्षद राकेश जायसवाल, विनयकुमार, कौशिक व अन्य।**

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से तेलंगाना के 93,203 लाभार्थी लाभान्वित : रूपाला

नई दिल्ली, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के क्रियान्वयन के बाद से मत्स्य उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की गई। 2019-20 में तीन लाख टन मत्स्य का उत्पादन हुआ था जो 2021-22 में बढ़कर तीन लाख 90 हजार टन हो गया। पीएमएमएसवाई से 93 लाख 203 लाभार्थी लाभान्वित हुए है। केन्द्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने राज्यसभा में यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर के. लक्ष्मण के प्रश्न के उत्तर में दी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आदि जैसी योजनाओं का लाभ मिला है। केन्द्र सरकार सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक पांच साल की अवधि के लिये 20,500 करोड़ रूपये के कुल निवेश के साथ प्रमुख योजना प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना लागू कर रही है। श्री रूपाला ने बताया कि 2020-21 और 2021-22 के दौरान केन्द्र ने पीएमएमएसवाई के तहत तेलंगाना सरकार के परियोजना प्रस्तावों को कुल 147.20 करोड़ रूपये के परिव्यय जिसमें केन्द्रीय हिस्सा 41.51 करोड रूपये है। इस परियोजना के तहत केन्द्र सरकार ने अपने हिस्से के 52.13 करोड़ रूपये जारी किये है। उन्होंने कहा कि इस योजना से 93 लाख 203 लाभार्थी लाभान्वित हुए है। उन्होंने कहा कि इस योजना से नलगोंडा जिला के सबसे अधिक 7301 लाभार्थी 2020-21 में और 2021-22 में 7292 लाभार्थी लाभान्वित हुए है। इसके बाद निर्मल और वानापर्थी जिला के लाभार्थी लाभान्वित हुए।

# गौ माताओं को बीमारी से बचाने के लिए पूजा-अर्चना



हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गौमाता के लंपी स्किन नामक बीमारी से बचने के लिए सदाशिवपेट स्थित श्री गोपाल गौशाला में राजस्थानी महिला मंडल द्वारा ठण्डा (बासोड़ा) बनाकर गौ माताजी से जल्दी स्वस्थ्य होने की पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना की गई। इसमें तिजादेवी चोयल, रुक्मादेवी चोयल, गैरकीबाई मुलेवा, मुलीबाई सेपटा, मन्जूदेवी चोयल, कौशल्या मोगरचा, जसोदाकंवर रावत, पुरीबाई राजपुत, सुशीला, पुष्पा हाम्बड, शोभा काग, रेखा पंवार, सोनू घॉची, रेखा कुमावत, गीता बेनीवाल, वर्षा सुथार, ईन्दरा लेरचा, कन्या परिहार आदि ने भाग लिया।

# बुनकरों ने बीमा कवरेज बढ़ाने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस से नेतन्ना कू बीमा योजना के तहत हथकरघा और बिजली करघा बुनकरों को बीमा कवरेज प्रदान करेगी। सिरिसिला जिले के वेल्डे हरिप्रसाद ने आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और आईटी मंत्री के. रामा राव को धन्यवाद देते हुए एक खूबसूरत पट्टू साड़ी पहनी। राज्य के सम्मान में पूर्व में अन्य साड़ियों की बुनाई कर चुके 32 वर्षीय बुनकर ने मुख्यमंत्री को उपहार में देने के लिए एक लघु बिजली करघा भी बनाया है। इस साड़ी को बुनने में उन्हें चार दिन लगे। ट्विटर पर उनकी कलाकृति की सराहना करते हुए, मंत्री केटीआर ने लिखा, तेलंगाना में हथकरघा और पावर-लूम बुनकर सच्चे कलाकार हैं। सिरिसिला के श्री वेल्डे हरिप्रसाद ने इस खूबसूरत रेशम की बुनाई के माध्यम से "नेथन्नाकू भीमा" (बुनकर जीवन बीमा) के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त की है। बुनकरों को बीमा कवरेज देने वाला तेलंगाना देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत यदि किसी बुनकर की किसी बीमारी या किसी अप्रिय घटना से मृत्यु हो जाती है, तो 5 लाख रुपये का बीमा दिया जाएगा, उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार राज्य में बुनकरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।



**"एक शाम वीर तेजाजी के नाम" तेजा गायन कार्यक्रम के लिए बतौर मुख्य अतिथि नगर पधारे आरएलपी सुप्रीमो व सांसद हनुमान बेनिवाल का पुष्प गुलदस्ते से स्वागत करते हुए जाट समाज ट्रस्ट अध्यक्ष दुदाराम बाबल व अन्य।**



**वीरतेजा गायन कार्यक्रम के लिए नगर पधारे आरएलपी पाली जिला अध्यक्ष मादुराम कुड़िया, सरपंच पिपलिया खुर्द व किशोर अकोड़िया का पुष्प माला राजस्थानी पगड़ी व शॉल से स्वागत करते हुए जाट समाज ट्रस्ट अध्यक्ष दूदाराम बाबल, सतपाल ढाढिया, गोन्विद सागुंण, मगाराम ढाढिया, गोविन्द खादाव, सुगनाराम भालिया व अन्य।**

# बीडीएल द्वारा शुरू किया गया 'हर घर तिरंगा' अभियान



हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आज़ादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में आज भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) में 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया गया।

अभियान बीडीएल भानुर इकाई में शुरू किया गया था जहां बीडीएल कर्मचारियों और डीएवी पब्लिक स्कूल, बीडीएल भानुर यूनिट के स्कूली बच्चों ने उत्साह और उत्साह के साथ अभियान में भाग लिया। कमोडोर सिद्धार्थ मिश्रा (सेवानिवृत्त), सीएमडी, बीडीएल ने अपने बयान में सभी से आग्रह किया कि वे 13 से 15 अगस्त के दौरान अपने घरों में तिरंगा फहराने में पूरे दिल से भाग लें। तिरंगा झंडा हर भारतीय के लिए गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह हमें भारत की आजादी के लिए हमारे देशवासियों द्वारा किए गए संघर्षों और बलिदानों की याद दिलाता है।

कमोडोर गिरीश रघुनाथ प्रधान, (सेवानिवृत्त), कार्यकारी निदेशक (भानूर यूनिट) और एल. किशन, महाप्रबंधक (केएम), बीडीएल भानुर यूनिट ने बीडीएल कर्मचारियों और स्कूली बच्चों के बीच राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया और उन्हें अपने घर पर झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया।

# नगर पधारने पर उम्मेदाराम बेनीवाल व थानसिह डोली का स्वागत



हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाग्यनगर पधारने पर राजस्थान बाड़मेर से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी प्रदेश महामंत्री उम्मेदाराम बेनीवाल व पचपदरा ब्लॉक अध्यक्ष थानसिह डोली का भव्य स्वागत किया गया। तेलंगाना जाट एकता मंच प्रदेश अध्यक्ष धर्माराम ढाका, उपाध्यक्ष भंवर लाल गोदारा, बाबुलाल भादु, हरीराम रोपरीया, भावेश पुनिया, बजरंग दल तेलंगाना सचिव रुपाराम रोपडिया, नारायण भाखर, नारणा राम डउकीया, नरसा राम सारण, हीरालाल कासनियां, कमलेश सायला, जोगराजसिंह सायला, जीतु सायला, राजेंद्र सिंह साथु, अरविंद सिंह रमणीया के अलावा 36 कोम द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया।



**तेलंगाना आंदोलन के प्रमुख आचार्य जयशंकर की 89वीं जयंती पर न्यू बोइनापल्ली जयनगर स्क्वायर पर स्थित उनकी प्रतिमा पर कई लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसमें चिंतोकट्टा संजीवैया नगर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएम अशोक, भाजपा नेता ओमप्रकाश यादव, वरप्रसाद, मुकेश व अन्य ने भाग लिया।**

# बजरंग पूनिया ने कॉमनवेल्थ गेम्स में जीता तीसरा मेडल

## सात साल की उम्र से कर रहे कुश्ती, पेरिस ओलिंपिक गेम्स में गोल्ड जीतना है टारगेट







खेल डेस्क, 6 अगस्त (एजेंसियां)। बजरंग पूनिया ने कॉमनवेल्थ गेम्स में अपना तीसरा मेडल जीता है। टोक्यो ओलिंपिक में बजरंग ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। बर्मिंघम से पहले 2018 में गोल्ड कोस्ट में उन्होंने 65 किलो वेट में गोल्ड जीता। 2014 ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया था। बजरंग ने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए 7 साल की उम्र में अखाड़े में दमखम दिखाना शुरू कर दिया था।

बजरंग का जन्म हरियाणा के झज्जर जिले के खुदन गांव में हुआ। उनके पिता भी पहलवान थे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर तक नहीं पहुंच पाए, लेकिन बेटे को ओलिंपिक भेजने का सपना रखने वाले पिता ने बजरंग को 7 साल की उम्र में ही अखाड़े में कुश्ती के दांवपेंच सीखने के लिए भेजना शुरू कर दिया। बाद में, बजरंग सोनीपत में मौजूद स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के रीजनल सेंटर पर ट्रेनिंग करने लगे। उनका परिवार भी सोनीपत शिफ्ट हो गया।

### 2013 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता पहला मेडल

बजरंग ने सीनियर लेवल पर अपना पहला वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल 2013 में 60 किलोग्राम वेट कैटेगरी में जीता था। उन्होंने हंगरी में आयोजित इस टूर्नामेंट में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। 2018 में उन्होंने बुडापेस्ट में हुई वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में सिल्वर जीता। 2019 में भी नूर सुल्तान में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में बजरंग ने सिल्वर मेडल जीता।

### एशियन गेम्स में भी जीत चुके हैं दो मेडल

बजरंग दो बार एशियन गेम्स में मेडल हासिल कर चुके हैं। उन्होंने 2018 जकार्ता में 65 किलो वेट में गोल्ड जीता और 2014 इंचियोन में 61 किलो वेट में सिल्वर।

# कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय महिला पहलवानों का दबदबा





खेल डेस्क, 6 अगस्त (एजेंसियां)। साक्षी मलिक ने 62 केजी फ्रीस्टाइल के फाइनल में कनाडा की गोडिनेज गोंजालेज को हराया। उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स में पहली बार गोल्ड अपने नाम किया। साक्षी ने विपक्षी खिलाड़ी को चित (पिन) कर चार अंक हासिल किए और मुकाबला जीता। वह कॉमनवेल्थ 2014 में सिल्वर और 2018 में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी थीं।

अंशु मलिक ने महिलाओं के 57 केजी की वेट कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता। गोल्ड मेडल नाइजीरिया की ओडुनायो अदेकुओरोये ने अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में अंशु को 7-3 से हराया। इससे पहले अंशु ने सेमीफाइनल में श्रीलंका की नेथमी पोरुथोटागे को 1 मिनट 4 सेकेंड में 10-0 से हराया था। क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की इरेन सिमोनोडिस को 64 सेंकड में हराकर अंशु सेमीफाइनल में पहुंचीं थी।

भारत के दो और पहलावन दिव्या काकरान और मोहित ग्रेवाल ने कुश्ती में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। दिव्या ने ब्रॉन्ज मेडल मुकाबला सिर्फ 30 सेकेंड में जीत लिया। उन्होंने टोंगा की लिली कॉकर को 2-0 से हराया। मोहित ग्रेवाल ने 125 केजी फ्रीस्टाइल में जमैका के एरॉन जॉनसन को 6-0 से मात दे दी।

# सेना के सूबेदार ने रेसलिंग में जीता मेडल

## दीपक पूनिया ने जीता गोल्ड; पिता 60 कि.मी दूर छत्रसाल स्टेडियम में पहुंचाते थे दूध और फल

खेल डेस्क, 6 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के झज्जर जिले के छारा गांव में एक दूध बेचने वाले परिवार में पैदा हुए दीपक पूनिया ने बर्मिंघम में कुश्ती में देश के लिए गोल्ड मेडल जीत लिया। 86 किलो वेट के फ्री स्टाइल में उन्होंने फाइनल में पाकिस्तान के मोहम्मद इनाम को हराया।

दीपक के पिता सुभाष, 2015 से 2021 तक रोजाना घर से रेल से पांच घंटे का सफर तय करके 60 किलोमीटर दूर छत्रसाल स्टेडियम में दीपक के लिए दूध और फल खुद पहुंचाते थे। उनके परिवार वाले यही चाहते थे कि दीपक की डाइट बेहतर रहे।




### गांव में ही सीखे शुरुआती दांव पेंच

सुभाष पूनिया ने बताया कि दीपक ने शुरुआती दांव-पेंच गांव के कुश्ती अखाड़े में ही कोच वीरेंद्र कुमार से सीखे। उन्होंने पांच साल की उम्र में ही अखाड़ा जाना शुरू कर दिया था। जब वे स्टेट और नेशनल में मेडल जीतने लगे तो अंतरराष्ट्रीय पहलवान और ओलिंपिक मेडलिस्ट सुशील कुमार उन्हें छत्रसाल स्टेडियम में ले गए। वहां पर सुशील और महाबली सतपाल ने उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने ही दीपक के रहने की व्यवस्था स्टेडियम में की।

### पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में बने चैंपियन

दीपक अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में ही चैंपियन बने। 2016 में कैडेट वर्ल्ड चैंपियनशिप में पहली बार देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने इस चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। वो महज 17 साल की उम्र में ही विश्व चैंपियन बने। 2019 में पहली सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में 86 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। यहां से ही उन्हें ओलिंपिक कुश्ती टीम का टिकट मिला।

### नौकरी करना चाहते थे दीपक

दीपक पूनिया को कुश्ती की शुरुआत के साथ ही एक नौकरी की तलाश थी। वह अपने घर का खर्च उठाने के लिए कुछ पैसे कमाना चाहते थे, लेकिन उनकी मेहनत रंग लाई और एक-एक करके वो कैडेट (2016) और जूनियर कैटेगरी (2019) में वर्ल्ड चैंपियन बन गए। टोक्यो ओलिंपिक में भी देश का प्रतिनिधित्व किया।

### 2018 से सेना में सूबेदार

दीपक पूनिया 2018 से सेना में सूबेदार हैं। पिता सुभाष ने बताया था कि बेटे की नौकरी लग जाने के बाद घर की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। दीपक के कहने पर उन्होंने डेयरी का काम बंद कर दिया। दीपक तीन भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं। इनसे बड़ी दो बहनें हैं और दोनों की शादी हो चुकी है। दीपक की मां का निधन पिछले साल हो गया था।

# अमृतसर पहुंचे कॉमनवेल्थ गेम्स के पदकवीर

## गोल्ड मेडलिस्ट मीराबाई समेत दूसरे वेटलिफ्टर्स का स्वागत

## धक्कामुक्की के कारण बिगड़ी लवप्रीत के पिता की तबीयत

अमृतसर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय सूरमा इंग्लैंड से कॉमनवेल्थ गेम्स के मेडल जीतकर लौटने लगे हैं। सबसे पहले शनिवार को वेटलिफ्टर्स अमृतसर पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर सभी मेडलिस्ट का जोरदार स्वागत हुआ। पंजाब सरकार के डीसी अमृतसर चैंपियंस की अगुवाई करने पहुंचे थे। यहां सभी का तिलक, तालियां व फूलों के साथ स्वागत किया गया। फिर सभी प्लेयर्स पटियाला रवाना हो गए, जहां उनका सम्मान किया जाएगा। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई118 से प्लेयर्स अमृतसर एयरपोर्ट पर सुबह 8.30 बजे लैंड हुए। अमृतसर एयरपोर्ट पर प्लेयर्स का नेतृत्व गोल्ड मेडलिस्ट मीरा बाई चानू करती दिखीं। उनके साथ अन्य सभी 9 वेटलिफ्टर्स, जिनमें पंजाब के चार खिलाड़ी विकास ठाकुर, हरजिंदर कौर, लवप्रीत सिंह, गुरदीप सिंह और संकेत महादेव, गुरुराजा पुजारी, बिंदिया



रानी देवी, जेरेमी लालरिनुंगा, अचिंता शिउली भी साथ थे। अमृतसर में लैंड होने के बाद सभी प्लेयर्स के चेहरों पर एक अलग खुशी थी, जैसे लंबे युद्ध के बाद अपने देश आने की। अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड होते ही प्लेयर्स का स्वागत सबसे पहले कस्टम विभाग के अधिकारियों ने तालियां बजाकर किया। इसके बाद सभी ने ग्रुप फोटो करवाई। इसके बाद पंजाब के सीनियर अधिकारी, डीसी हरप्रीत सिंह सूदन उनका स्वागत करने के लिए खड़े थे। सभी प्लेयर्स का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और उन्हें फूल मालाएं पहनाईं।

### ढोल के साथ प्लेयर्स का स्वागत

सभी प्लेयर्स जैसे ही अमृतसर एयरपोर्ट से बाहर निकले तो उनका स्वागत ढोल के साथ किया गया। उन पर फूल फेंके गए। लवप्रीत व पंजाब के अन्य प्लेयर्स का परिवार भी अमृतसर पहुंचा था। लवप्रीत को देखते ही अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचे उनके फैंस ने उन्हें घेर लिया। किसी तरह पुलिस ने बीच-बचाव करते हुए उन्हें भीड़ से अलग किया। उनके साथ-साथ अन्य प्लेयर्स को भी उनकी कारों तक पहुंचाया।

### पटियाला में होगा सम्मान

अमृतसर एयरपोर्ट पर गर्मजोशी के साथ हुए स्वागत के बाद सभी प्लेयर्स को कारों में बैठाकर सड़क मार्ग से पटियाला के लिए रवाना कर दिया गया। नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला में सभी प्लेयर्स के लिए सम्मान समारोह रखा गया है। जहां से सम्मान हासिल करने के बाद सभी प्लेयर्स अपने घरों की तरफ रवाना हो जाएंगे। लवप्रीत जैसे ही एयरपोर्ट से बाहर निकले उनके चाहने वालों ने उन्हें घेर लिया। धक्का मुक्की व मौसम के चलते उनके पिता किरपाल सिंह की तबीयत बिगड़ गई। जहां से तुरंत उन्हें कार में बिठाया गया और डॉक्टर के पास ले जाया गया। यह देख लवप्रीत भी थोड़ असहज हो गए और उन्होंने इसके बाद किसी से बात नहीं की और कार में बैठ रवाना हो गए।

# राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में हारी भारतीय महिला हॉकी टीम

## शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया 3-0 से जीता



खेल डेस्क, 6 अगस्त (एजेंसियां)। गोलकीपर सविता पूनिया की कप्तानी वाली भारतीय टीम ग्रुप में चार में से तीन मैच जीतने में सफल रही थी। हालांकि, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारकर भारतीय टीम स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर हो गई है। भारतीय टीम के पास अब भी कांस्य पदक जीतने का मौका है। इसके लिए भारत का सामना न्यूजीलैंड से रविवार को होगा। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में महिला हॉकी के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को शूटआउट 3-0 से हरा दिया। फुल टाइम के बाद स्कोर 1-1 से बराबर रहा था। इस तरह मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा था। शूटआउट में दोनों टीमों को पांच-पांच प्रयास मिलते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती तीनों गोल दागे, जबकि भारतीय टीम की ओर से कोई खिलाड़ी गोल नहीं दाग सका। भारतीय टीम के पहले तीन प्रयासों में विफल रहने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत गई। अब महिला हॉकी के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड से भिड़ेगी। वहीं, भारतीय महिला टीम के लिए अभी पदक की उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं। टीम इंडिया अब कांस्य पदक के लिए न्यूजीलैंड से रविवार को भिड़ेगी। वहीं, पुरुष हॉकी के सेमीफाइनल में शनिवार को भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के लिए 10वें मिनट में रेबेका ग्रेनर ने गोल दागा था। चौथे क्वार्टर में 49वें मिनट में वंदना कटारिया ने गोल दाग स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद फुल टाइम तक कोई गोल नहीं हो सका।

पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर दबाव बनाए रखा। कंगारू टीम ने लगातार काउंटर अटैक किया। इसका फायदा उन्हें 10वें मिनट में मिला। रेबेका ग्रेनर ने 10वें मिनट में भारत के 'डी' में घुसकर जबरदस्त गोल दागा। टीम इंडिया को पहले क्वार्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन भारतीय टीम इन सभी में गोल करने में नाकाम रही। इस तरह पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर 1-0 की बढ़त बना रखी थी।

दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकीं। भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में शानदार खेल दिखाया और बॉल पजेशन अपने पास बनाए रखा। भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार काउंटर अटैक किए, लेकिन मजबूत ऑस्ट्रेलियाई डिफेंस के आगे उनकी एक न चली। दूसरे क्वार्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर उसे गोल में तब्दील करने में नाकाम रहीं। भारत अब तक कुल चार पेनल्टी कॉर्नर में से एक को भी गोल में तब्दील नहीं कर सकी है। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन अंदाज में की। उन्होंने लगातार काउंटर अटैक जारी रखा। 33वें और 39वें मिनट में ग्रेटा हेस ने दो शॉट मिस किए। इसके बाद तीसरे क्वार्टर के आखिरी दो मिनट में ऑस्ट्रेलिया ने लगातार पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। हालांकि, गोलकीपर सविता पूनिया और भारतीय डिफेंस के आगे उनकी एक न चली। इस तरह तीसरे क्वार्टर के बाद भी ऑस्ट्रेलियाई टीम 1-0 से आगे थी।

चौथे क्वार्टर की शुरुआत भारत ने आक्रामक अंदाज में की। 49वें मिनट में भारत को फ्री हिट मिला। इस पर लालरेमसियामी के शॉट पर गेंद गोल पोस्ट पर मौजूद वंदना कटारिया के स्टिक से लगकर गोल पोस्ट में चली गई। इस तरह भारत ने स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। आखिरी कुछ मिनट में भी भारत ने काउंटर अटैक जारी रखा, लेकिन गोल करने में कामयाब नहीं हो सकी। फुल टाइम यानी 60 मिनट के बाद स्कोर 1-1 ही रहा।

# हिमा पर भारी पड़ा 0.1 सेकेंड

## तीसरे नंबर पर रहने के बावजूद मिली हार

खेल डेस्क, 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 की महिलाओं की 200 मीटर इवेंट में बड़ा झटका लगा है. हिमा दास फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं. उनकी हार हर किसी के लिए दिल तोड़ने वाली रही, क्योंकि वो 1 या 2 सेकेंड से नहीं, बल्कि 0.1 सेकेंड के अंतर से फाइनल में जगह बनाने से चूक गई हैं. 200 मीटर के सेमीफाइनल में हिमा 23.42 सेकेंड के साथ तीसर नंबर पर रही. नामीबिया की क्रिस्टीन एमबोमा और ऑस्ट्रेलिया की एला कोनोली सेमीफाइनल 2 में टॉप 2 में रहते में फाइनल में पहुंचीं.

दरअसल महिलाओं के 200 मीटर वर्ग में 3 सेमीफाइनल हीट थी, जिनमें शीर्ष 2 और अगली दो सबसे तेज धाविकाओं ने फाइनल में जगह बनाई. दूसरे स्थान पर रहने वाली एला कोनोली ने 23.41 सेकेंड का समय लिया, जबकि हिमा ने 23.42 सेकेंड का समय लिया. उन्होंने हीट में इतना ही समय लिया था. करीबी अंतर से मिली इस हार ने हिमा का फाइनल में दौड़ने का सपना तोड़ दिया, जिससे वो काफी निराश भी हैं. रेस पूरी होने के बाद उनके चेहरे पर निराशा साफ नजर भी आ रही थी.




### हीट में नंबर 1 पर रहकर किया था क्वालिफाई

हिमा दास ने 200 मीटर रेस के सेमीफाइनल में हीट में नंबर एक पर रहकर क्वालिफाई किया था. उन्होंने हीट में 23.42 सेकेंड का समय लिया था. हालांकि फाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें अपनी टाइमिंग को और बेहतर की जरूरत थी, मगर वो सेमीफाइनल में अपनी टाइमिंग को बेहतर नहीं कर पाई और इसका खामियाजा उन्हें भुगतना भी पड़ा. हिमा ने आसानी से हीट की रेस जीत ली थी. 200 मीटर में उनका पर्सनल बेस्ट 22.88 सेकेंड है. 200 मीटर में तो हिमा चूक गईं, मगर अब महिलाओं की 4*100 मीटर रिले में उनसे काफी उम्मीदें हैं. पहला दौर शनिवार को खेला जाएगा, जिसमें हिमा दास दुती चंद, श्रबनी नंदा, एनएस सिमी की चौकड़ी चुनौती पेश करेगी.

# आईपीएल टीमों के एक कदम से कांपा ऑस्ट्रेलिया

## 15 खिलाड़ी पैसों के लिए छोड़ेंगे...



खेल डेस्क, 6 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया की टी20 लीग बिग बैश पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है. खबरों के मुताबिक उसके टॉप 15 खिलाड़ी यूएई की इंटरनेशनल लीग में खेलने जा सकते हैं. दुनिया की सबसे मशहूर क्रिकेट लीग में से एक बिग बैश पर एक बड़ा खतरा पैदा हो गया है. खबरों के मुताबिक इस लीग में खेलने वाले कई टॉप खिलाड़ी यूएई जा सकते हैं. यूएई में इंटरनेशनल लीग टी20 शुरू होने वाली है जहां खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को काफी ज्यादा पैसा मिल रहा है. बता दें इंटरनेशनल लीग में आईपीएल टीमों का भी पैसा लगा हुआ है और अब माना जा रहा है कि कंगारू खिलाड़ी बीबीएल की जगह यूएई में लीग खेल सकते हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो इंटरनेशनल लीग ने ऑस्ट्रेलिया के टॉप 15 खिलाड़ियों को 7 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पेशकश की है, जिससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया चिंतित है.

बता दें बिग बैश और इंटरनेशनल लीग का आयोजन एक ही समय में होना है. बिग बैश लीग 13 दिसंबर से चार फरवरी के बीच खेली जाएगी जबकि आईएल टी20 का पहला टूर्नामेंट छह जनवरी से 12 फरवरी के बीच खेला जाना है. इससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के लिए दोनों लीग में शामिल होना नामुमकिन है. ऐसे में खिलाड़ियों को किसी एक लीग को ही चुनना होगा. पैसा इंटरनेशनल लीग में ज्यादा है तो जाहिर तौर पर खिलाड़ी उसे चुन सकते हैं.

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार कम से कम 15 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को बिग बैश लीग से हटने और यूएई की लीग में खेलने के लिए सात लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पेशकश की गई है.

# प्रियंका ने 10 हजार मीटर के वॉक में जीता

## सिल्वर, रेसलिंग में विनेश फोगाट और पूजा सिहाग सेमीफाइनल में

खेल डेस्क, 6 अगस्त (एजेंसियां)। बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में नौवें के मुकाबले चल रहे हैं। प्रियंका गोस्वामी ने भारत के लिए दिन का पहला मेडल जीता है। उन्होंने विमेंस 10 हजार मीटर वॉक रेस में सिल्वर मेडल जीत लिया है। उन्होंने 43.38 मिनट में अपनी रेस पूरी की। ऑस्ट्रेलिया की जेमिमा ने 42.34 मिनट का समय निकालकर गोल्ड अपने नाम किया। वहीं, केन्या की एमिली 43.50.86 मिनट में रेस पूरी कर तीसरे स्थान पर रहीं।

रेसलिंग में भारत की विनेश




फोगाट और पूजा सिहाग सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। क्वार्टर फाइनल में विनेश ने नाइजीरिया की मर्सी एडेकुओरे को 6-0 से हराया। वहीं, पूजा सिहाग ने न्यूजीलैंड की पहलवान को 5-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। मेंस 74 केजी कैटेगरी में

अमित पंघाल ने बॉक्सिंग के मेंस 51केजी वेट कैटेगरी में जाम्बिया के पैट्रिक चिनेयम्बा को 5-0 से हरा दिया है।

भारत की नीतू बॉक्सिंग के 48Kg वेट कैटेगरी में कनाडाई प्रियंका ढिल्लन के खिलाफ सेमीफाइनल जीत गई हैं। नीतू ने कनाडाई बॉक्सर को 5-0 से हराया है।

मेंस फ्रीस्टाइल रेसलिंग के 74केजी कैटेगरी में नवीन ने विरोधी ओगबोन्ना जॉन को हरा दिया है। नवीन ने मुकाबला 13-3 के बड़े अंतर से जीता। उन्होंने राउंड ऑफ 16 में शानदार जीत हासिल की। विमेंस रेसलिंग के 50केजी वेट कैटेगरी में पूजा गहलोत ने टेक्निकल सुपीरियारिटी के आधार पर जीत हासिल कर ली है। उन्होंने 12-2 के बड़े अंतर से मैच जीता।

### टेबल टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंचे शरत कमल

शरत कमल टेबल टेनिस के मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे। उन्होंने सिंगापुर के यंग आईजैक के खिलाफ 4-0 से जीत हासिल की है। शरत ने यह मुकाबला 11-6, 11-7, 11-4, 11-7 के अंतर जीता।

# केंद्र के भेदभाव के विरोध में नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करेगा तेलंगाना

## सीएम ने नीति आयोग को एक असफल संस्थान बताया

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यों के प्रति केंद्र के भेदभावपूर्ण रवैये पर अपना कड़ा विरोध दर्ज करते हुए, तेलंगाना ने सोमवार को दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक से दूर रहने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शनिवार को यहां घोषणा की कि मैं नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार कर रहा हूं, ताकि इसके कामकाज से हमारा मोहभंग हो सके।

प्रगति भवन में एक मीडिया सम्मेलन में बोलते हुए सीएम के. चंद्रशेखर राव ने नीति आयोग को एक असफल संस्थान करार दिया। इसे राज्यों पर केंद्र की गलत नीतियों को थोपने का एक साधन बनकर रह गया था। उदाहरणों के साथ अपने तर्क का निर्माण करते हुए, चंद्रशेखर राव ने आरोप लगाया कि संस्था ने सहकारी संघवाद की भावना को छोड़ दिया है जो भारत के संविधान में निहित थी। उन्होंने कहा कि असली




संघीय भावना राज्यों को इस विश्वास के साथ मजबूत बनाना है कि मजबूत राज्य एक मजबूत देश बनाते हैं। उन्होंने याद किया कि जब योजना आयोग की जगह नीति आयोग का गठन किया गया था, तब विकास के मुद्दों पर सिफारिशें करने के लिए मुख्यमंत्रियों के एक समूह का गठन किया गया था। प्रमुख सिफारिश राज्यों को उनकी जरूरतों और शर्तों के आधार पर योजनाओं को डिजाइन या संशोधित करने के लिए कुछ लचीलापन देने की थी, लेकिन इस सिफारिश को अलग रखा गया था और केंद्र अपनी सभी योजनाओं का सूक्ष्म प्रबंधन कर रहा था, इस प्रक्रिया में राज्यों के लिए बहुत कम गुंजाइश थी।

केसीआर ने कहा कि केंद्र ने संस्था की इस सिफारिश पर भी आंखें मूंद ली थीं कि तेलंगाना को मिशन काकतीय के लिए 5000 करोड़ रुपये और मिसन भगीरथ के लिए 19,205 करोड़ रुपये दिए जाएं, लेकिन अपनी सिफारिश के बावजूद अब तक एक पैसा भी जारी नहीं किया गया है, जब तेलंगाना ने दोनों परियोजनाओं को अपने स्वयं के धन से पूरा किया, तो केंद्र इन दोनों योजनाओं के लिए क्रेडिट लेने की खुले तौर पर कोशिश कर रहा था। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने कहा कि कम से कम बैठक के बहिष्कार के साथ, उन कारणों पर चर्चा होनी चाहिए कि मैं दर्द और पीड़ा के साथ बैठक का बहिष्कार क्यों कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि बैठक में शामिल होने का कोई फायदा नहीं है क्योंकि मुख्यमंत्री को बोलने के लिए मुश्किल से तीन मिनट का समय दिया जाता है।

केंद्र के खिलाफ एक बयानबाजी शुरू करते हुए, तेलंगाना के सीएम ने कहा कि केंद्र ने ऐसे कदम उठाए हैं जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हुआ है।

यह कहते हुए कि प्रधानमंत्री के साथ उनकी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, उन्होंने कहा कि एक नागरिक के रूप में किसी भी जनविरोधी योजना का विरोध करना उनका कर्तव्य और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी मेरे दोस्त हैं, लेकिन जब मामला लोगों का होगा तो मैं अन्याय को उजागर करूंगा। मोदी सरकार से अपने जनविरोधी फैसलों को वापस लेने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि अगर मांग नहीं मानी गई तो वह केंद्र की नीतियों के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन खड़ा करने का प्रयास करेंगे।

चंद्रशेखर राव ने सवाल किया कि 2जी घोटाले पर हंगामा करने वाली भाजपा ने अब 5जी स्पेक्ट्रम केवल 1.5 लाख करोड़ रुपये में क्यों आवंटित किया, जबकि अनुमानित राजस्व लगभग 5 लाख करोड़ रुपये था। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र दूध, हथकरघा, बीड़ी माकिन उद्योग और श्मशान घाट को जीएसटी से छूट दे।

# सीएम केसीआर के बयान पर नीति आयोग ने दी प्रतिक्रिया

## केन्द्र ने जल जीवन मिशन के तहत 3982 करोड़ रुपये आवंटित किए

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। नीति आयोग को सहकारी संघवाद के जनादेश के साथ एक संस्था के रूप में स्थापित किया गया है। इस आधार पर कि मजबूत राज्य एक मजबूत राष्ट्र बनाते हैं। राज्यों के साथ मिलकर काम करने के लिए पहले ही कई उपाय किए जा चुके हैं। पिछले वर्ष में ही नीति आयोग के उपाध्यक्ष/सदस्यों द्वारा राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ 30 से अधिक बैठकें की जा चुकी हैं। इन बैठकों ने विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के साथ राज्यों से संबंधित कई मुद्दों का समाधान किया है और नीति आयोग और राज्यों के बीच अधिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त किया है। उपाध्यक्ष नीति आयोग के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य से संबंधित विकास के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 21 जनवरी 2021 को हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री से मुलाकात की। हाल ही में, नीति आयोग द्वारा बैठक के लिए अनुरोध करने के बावजूद, मुख्यमंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया।

भारत सरकार सभी मंत्रालयों के साथ-साथ प्रधान मंत्री कार्यालय के माध्यम से, राष्ट्रीय महत्व के सभी मुद्दों पर राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों के साथ बातचीत कर रही है। विशेष रूप से, 7 अगस्त, 2022 की गवर्निंग काउंसिल की बैठक की तैयारी में, तेलंगाना सहित केंद्र और राज्यों के बीच विस्तृत परामर्श आयोजित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप जून 2022 में धर्मशाला में आयोजित पहला राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन हुआ। यह सम्मेलन छह की परिणति था- महीने भर के विचार-विमर्श में तेलंगाना के मुख्य सचिव सहित सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री तेलंगाना का यह आरोप कि एजेंडा तैयार करने में राज्यों को सहयोजित नहीं किया गया था, गलत है। जल क्षेत्र के संदर्भ में, पिछले 4 वर्षों में, भारत सरकार ने तेलंगाना राज्य के लिए जल जीवन मिशन के तहत 3982 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। भारत सरकार राष्ट्रीय महत्व की प्रमुख योजनाओं/कार्यक्रमों सहित वित्तीय मामलों में राज्यों की लगातार सहायता करती रही है। केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत कुल आवंटन रुपये से बढ़ा दिया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने 7 अगस्त को होने वाली नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। गवर्निंग काउंसिल एक ऐसा मंच है जहां केंद्र और राज्य स्तर पर देश में सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व प्रमुख विकास संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श करता है और राष्ट्रीय विकास के लिए उपयुक्त परिणामोन्मुख समाधानों पर सहमत होता है।






## साइबराबाद पुलिस ने प्रो. जयशंकर की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के विचारक प्रो. जयशंकर को उनकी 89वीं जयंती पर साइबराबाद पुलिस आयुक्त स्टीफन रवींद्र ने साइबराबाद सीपी कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की। सीपी ने प्रो. जयशंकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। सीपी के साथ-साथ साइबराबाद पुलिस के तमाम अमले ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। सीपी ने प्रो. जयशंकर द्वारा प्रदान की गई सेवाओं को याद किया और आने वाली पीढ़ी उनके महान योगदान और सेवाओं को याद रखेगी। सीपी ने कहा कि प्रो जयशंकर ने अलग तेलंगाना राज्य के लिए निस्वार्थ भाव से लड़ाई लड़ी। उन्होंने युवाओं, वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं से राज्य में किसानों की बेहतरी के लिए प्रो. जयशंकर से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। पुलिस आयुक्त साइबराबाद स्टीफन रवींद्र, संयुक्त सीपी अविनाश मोहंती, साइबराबाद डीसीपी क्राइम कलमेश्वर, साइबराबाद डीसीपी ट्रैफिक श्रीनिवास राव, संपदा अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।


स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com


# लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ें विद्यार्थी : राज्यपाल

## ब्राऊ के दीक्षांत समारोह में कुलाधिपनि ने किया आह्वान




हैदराबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने आज यहां बीआर अंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय (बीआरओयू) के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, राज्यपाल ने कहा कि जीवन जीना आसान नहीं हे और कहा कि किसी का भी जीवन चुनौतियों से मुक्त नहीं है। उन्होंने स्नातकों को अपने लिए एक लक्ष्य चुनने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जीवन में आगे बढ़ने के लिए कहा। उन्होंने स्नातकों को चुनौतियों का सामना करने और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए कहा। उन्होंने उनसे कोरोना वैक्सीन शॉट लेने का आग्रह करने के अलावा अपने कौशल में सुधार करने के लिए कहा। उसने उन्हें योग का अभ्यास करने और पौष्टिक भोजन लेने के लिए भी कहा। उन्होंने यूनिवर्सिटी के टॉपर्स को गोल्ड मेडल बांटने के अलावा अन्य को दीक्षांत समारोह का सर्टिफिकेट भी दिया। इस बीच, राज्यपाल निजामाबाद जिले के तेलंगाना विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव समारोह में हिस्सा लेंगे।

## राज्यपाल तमिलिसाई आज करेंगी आरजीयूकेटी-बासर का दौरा

निर्मल, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल डॉ तमिलिसाई सुंदरराजन रविवार को राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ नॉलेज एंड टेक्नोलॉजीज (आरजीयूकेटी)-बसर का दौरा करेंगी। राज्यपाल के सचिव द्वारा जारी यात्रा कार्यक्रम के अनुसार, तमिलिसाई शुरुआत में बासर में प्राचीन श्री ज्ञान सरस्वती देवी मंदिर में सुबह 6.30 बजे दर्शन करेंगे और फिर सुबह 7 बजे आरजीयूकेटी पहुंचेंगी। वह छात्रों के साथ नाश्ता करेंगी और सुबह 10 बजे विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। संस्था के स्टूडेंट्स गवर्निंग काउंसिल (एसजीसी) ने हाल ही में अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर घोषणा की है कि राजभवन बुला रहे हैं। छात्रों द्वारा अपने मुद्दों को उठाने और समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाने का अनुरोध करने की संभावना है। वे करीब दो महीने से नियमित अंतराल पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग विश्वविद्यालय के लिए एक नियमित कुलपति की नियुक्ति की है।

लगभग 8,000 छात्रों ने अपनी कक्षाओं का बहिष्कार करके अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की तथा सरकार से 14 जून को खाट, वर्दी, लैपटॉप, पेयजल आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार सहित 12 मांगों की उनकी सूची को हल करने का अनुरोध किया। वे विश्वविद्यालय के लिए पर्याप्त शिक्षकों और भौतिक निदेशकों की भर्ती चाहते हैं। जब शिक्षा मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी, शिक्षा विभाग के सचिव बी. करुणा ने मैराथन विचार-विमर्श किया और 21 जून को उनकी मांगों को पूरा करने का वादा किया, तो उन्होंने अपना आंदोलन वापस ले लिया। सबिता ने मांगों को जल्द से जल्द हल करने का वादा किया। तदनुसार, तेलंगाना राज्य उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. वी. वेंकट रमना को प्रभारी कुलपति नियुक्त किया गया। बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 5.6 करोड़ रुपये की धनराशि दी गई। इस बीच, आरजीयूकेटी से संबंधित 100 से अधिक छात्रों को 15 जुलाई को फूड पॉइजनिंग के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो ठेकेदारों और दो मेस के दो संचालकों को फूड पॉइजनिंग में उनकी कथित भूमिका के लिए बुक किया गया है।






## तेदेपा ने की जाति जनगणना कराने व पिछडा वर्ग के लिए अलग मंत्रालय गठित करने की मांग

नई दिल्ली, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलुगु देशम पार्टी ने केन्द्र सरकार से जाति जनगणना कराने के साथ केन्द्र में एक अलग पिछडा वर्ग विकास और कल्याण मंत्रालय बनाने की मांग की। श्रीकाकुलम से पार्टी के लोकसभा सदस्य राममोहन नायडू किंजारापू ने सदन में इस मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि देश में जाति जनगणना 1931 में हुई थी और उस वक्त भारत की जनसंख्या करीब 27 करोड़ थी जो अब लगभग 138 करोड़ है। सरकारों ने उसी को आधार मान कर आरक्षण की नीतियां बनाई। उन्होंने कहा कि इस त्रुटिपूर्ण डेटा के परिणामस्वरूप गलत नीतियां बनी और इसके पात्र लोगों को अवसर प्राप्त नहीं हो रहा है। पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए एक अलग मंत्रालय के गठन की मांग करते हुये श्री नायडू ने कहा कि यह मंत्रालय पिछड़ा वर्ग के विकास की दिशा में ठोस और कुशल प्रयास सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि एक जनवी 2021 तक केन्द्र सरकार के 9 प्रमुख मंत्रालयों और विभागों में पिछड़ा वर्ग के लिये 19,000 से अधिक पद खाली थे। इसी तरह से अनुसूचित जाति के लिये 17,000 और अनुसूचित जनजाति के लिए 13,000 पद खाली थे। उन्होंने अफसोस जाहिर करते हुये कहा कि इन पदों को न भरे जाने से आरक्षण का उद्देश्य समाप्त हो गया हैं। उन्होंने सरकार से इन पदों को जल्द से जल्द कुशल तरीके से भरने के लिए एक कार्य योजना तैयार करनी चाहिए।

## विशाखापट्टणम में संदिग्ध मंकीपॉक्स का मामला

विशाखापत्तनम, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश ने यहां गीतम विश्वविद्यालय के एक छात्र के साथ वायरल बीमारी के लक्षण दिखाते हुए मंकीपॉक्स का पहला संदिग्ध मामला दर्ज किया है। छात्र को आइसोलेशन में रखा गया और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी स्वाब के नमूने लेने विश्वविद्यालय पहुंचे। मेडिकल टीम के पहुंचने से पहले ही छात्र डर के मारे भाग गया। हालांकि, उन्हें वापस विश्वविद्यालय लाया गया और छात्र के रक्त के नमूने परीक्षण के लिए भेजे गए। कहा जाता है कि छात्र हाल ही में हैदराबाद में था और विशाखापत्तनम लौटा था।

मंकीपॉक्स एक वायरल ज़ूनोसिस (जानवरों से मनुष्यों में प्रसारित होने वाला वायरस) है, जिसमें चेचक के साथ परीक्षण किए गए रोगी के समान लक्षण होते हैं, हालांकि यह चिकित्सकीय रूप से कम गंभीर है। यह आमतौर पर दो से चार सप्ताह तक चलने वाले बुखार, सिरदर्द, चकत्ते, गले में खराश, खांसी और सूजन लिम्फ नोड्स जैसे लक्षणों के साथ एक स्व-सीमित बीमारी है।






## फसल खराब होने से महिला व बेटे दे दी जान

आदिलाबाद, 6 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एक दुखद घटना में, एक महिला और उसके बेटे ने शुक्रवार की रात गुड़ीहतनूर मंडल के दामपुर गांव में उनके द्वारा पट्टे पर दिए गए एक कृषि क्षेत्र में उगाई गई फसल के खराब होने पर तीखी बहस के बाद एक घंटे के अंतराल के भीतर कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा शनिवार को हुआ। गुडीहतनूर उपनिरीक्षक प्रवीण ने कहा कि मृतक व्यक्ति देवी दास की पत्नी रत्नम राधा (46) और उनके बेटे हरीश (23) थे। शुरू में हरीश ने कठोर कदम उठाया जब उसकी मां को उसके साथ गलती मिली क्योंकि रात 10 बजे उनके खेत में फसल नहीं हुई थी। राजीव गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) -आदिलाबाद में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। बेटे की मौत से दुखी राधा ने रात 10 बजकर 40 मिनट पर अपने आवास पर आत्महत्या करने की कोशिश की. रात 11.20 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। देवी दास काफी देर तक किसी बीमारी के कारण बिस्तर पर ही बंद रहीं। पता चला है कि घटना के वक्त राधा और हरीश दोनों नशे की हालत में थे. शराब के नशे में आपस में कहासुनी हो गई। रामतेनकी राममोहन, भाई राधा से प्राप्त शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। जांच-पड़ताल की गई।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.